सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,694 |
| निफ्टी | 25,330 |

सोना 1,09,971 चांदी 1,26,713

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 18 सितंबर 2025 | 3 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 261, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### वैष्णो देवी यात्रा तीन हफ्ते बाद फिर शुरू

**एजेंसी, कटरा।** माता वैष्णो देवी यात्रा बुधवार सुबह एक बार फिर शुरू हो गई। यह यात्रा पिछले 22 दिनों से भूस्खलन की वजह से स्थगित थी, जिसमें 34 लोगों की जान चली गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। श्राइन बोर्ड ने बुधवार सुबह से यात्रा को दोबारा शुरू करने का ऐलान किया, जो कि मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में ही जारी रहेगी। यह खबर सुनते ही कटड़ा में रुके सैकड़ों श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी लौट आई। इससे पहले खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत के चलते यात्रा को अस्थायी रूप से रोका गया था। (अनंत ज्ञान)

### 2001 के हत्याकांड में छोटा राजन की जमानत रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुंबई में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की 2001 में हुई हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई की उस अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें एजेंसी ने पिछले साल 23 अक्तूबर को बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राजन की आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर उसे जमानत दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजन पिछले 27 साल तक फरार रहा और उसे चार मामलों में दोषी ठहराया गया। ऐसे व्यक्ति की सजा निलंबित क्यों की जाए? (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटकः एसबीआई में 21 करोड़ की डकैती

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें करीब 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार देर शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए। एसपी लक्ष्मण बी निंबारगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। (अनंत ज्ञान)

### मिजोरम में 20 करोड़ से अधिक की हेरोइन जब्त

**एजेंसी, चम्फाई।** असम राइफल्स के जवानों ने पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में म्यांमार सीमा के पास 2.46 किलो हेरोइन जब्त की। इसकी कीमत करीब 20 करोड़ रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जवानों ने मंगलवार को मेलबुक रोड क्षेत्र में टियाउ नदी के पास एक अभियान चलाया। संदिग्ध जवानों को देखते ही सामान छोड़कर म्यांमार की ओर भाग गए। जब्त की गई हेरोइन और परिवहन में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए समर्पित कार्योजना तैयार -पेज 2
- विकास के लिए रचनात्मक संवाद जरूरीः शिव प्रताप शुक्ल -पेज 3
- कांगड़ा एयरपोर्ट पर तिलक से स्वागत, पहाड़ी संस्कृति का परिचय -पेज 4
- हिमाचल का दिल 'बिलासपुर' बनेगा सुरक्षित एयरो स्पोर्ट्स हब -पेज 6
- एक जिद ने डुबोया धर्मपुर बस स्टैंड -पेज 9


### अपने 75वें जन्मदिन पर किया आह्वान-हर दुकान पर स्वदेशी का बोर्ड लगाएं

# पीएम बोले-वही सामान खरीदें जिसमें, भारतीय का पसीना हो

**एजेंसी, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्य प्रदेश के धार में कहा, 'आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप भी देश के लिए मेरी मदद कीजिए। मुझे 2047 विकसित भारत बनाकर रहना है। उसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से है। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का आंदोलन बनाया था। हमें इसे विकसित भारत के लिए जरूरी बनाना है। हम दिवाली की मूर्तियां, सजावट का सामान, टीवी-फ्रिज खरीदते समय देखें कि यह देश में बना है या नहीं।



▶ भारतीय सामान खरीदकर जीएसटी कटौती का उठाएं फायदा

पीएम मोदी ने मंच के पीछे बने स्वास्थ्य जांच शिविर में नन्ही बिटिया जाश्वी वर्मा को गोद में लेकर खूब दुलार किया। 9 महीने की जाश्वी कैंप में IPV, DPT, मीजल्स का टीका लगवाने और विटामिन ए की खुराक के लिए आई थी। पीएम ने कहा, 'हमारी सरकार का जोर बहनों-बेटियों को सशक्त करने पर है। करोड़ों बहनें मुद्रा लोन लेकर नए उद्योग लगा रही हैं। सरकार 3 करोड़ ग्रामीण बहनों को लखपति दीदी बनाने के अभियान में जुटी है। इतने कम समय में करीब 2 करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। पिछले 11 साल में गरीब कल्याण, गरीब की सेवा और उसके जीवन में बेहतरी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व अन्य भाजपा नेताओं ने बधाई दी। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। उनके जन्मदिन पर इटली की पीएम मेलोनी ने बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, इसराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### यह नया भारत, परमाणु धमकी से नहीं डरता

**पीएम** मोदी ने आगे कहा, 'यह नया भारत है। यह परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा कि धार की धरती पराक्रम की धरती है। मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं। हमारा हर पल देश के लिए समर्पित हो। देश की मर-मिटने की सौगंध लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था।

### पीएम को मेसी ने भेजी वर्ल्ड कप वाली जर्सी

**प्रधानमंत्री** मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। मेसी इसी साल 13 दिसंबर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसंबर को मुंबई और 15 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं, हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाएं डीसी-एसपीः सीएम

### सेब बेल्ट की सड़कें जल्द बहाल की जाएं, पीड़ितों की हर संभव सहायता करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में पिछले 48 घंटों के दौरान हुई भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए बुधवार को शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश सचिवालय से सभी जिलों के डीसी-एसपी के साथ वर्चुअली जुड़े सीएम ने आपदा प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और हर संभव सहायता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और राहत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



▶ 48 घंटों में वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा की

उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुए जानमाल की क्षति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डीसी-एसपी को प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर प्रभावितों को राहत मुहैया करवाने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेषकर सेब उत्पादक क्षेत्रों में सड़क संपर्क शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए ताकि सेब की फसल मंडियों तक पहुंच सके और बागवानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की परियोजनाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने एचपीएमसी को अपने संग्रहण केंद्रों से सेब ढुलाई के लिए अतिरिक्त वाहन लगाने के भी निर्देश दिए।

### सितंबर में अब तक 136 प्रतिशत अधिक बारिश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य में सितंबर में अब तक सामान्य से 136 प्रतिशत अधिक बारिश, जबकि पूरे मानसून सीजन के दौरान अब तक 45 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण पांच लोगों ने अपनी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि इस मानसून सीजन में अब तक 417 लोगों ने जान गंवाई है, 45 लोग लापता हैं और भारी वर्षा, बादल फटने तथा भू स्खलन के कारण 4,582 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस दौरान 1,502 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त तथा 6,467 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त, 6316 गोशालाएं तथा 594 दुकानें शामिल हैं।

### सीएम बेटी के दाखिले के लिए लंदन रवाना

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी बड़ी बेटी कामना की एडमिशन के लिए लंदन रवाना हुए हैं। वह अगले चार-पांच दिन शिमला में उपलब्ध नहीं होंगे। सीएम सुक्खू पहले दिल्ली गए, जहां से वह लंदन के लिए उड़ान भरेंगे। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री अपनी बेटी की उच्च शिक्षा की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए उसके साथ लंदन जा रहे हैं। एडमिशन होने के बाद मुख्यमंत्री वापस लौटेंगे। इस दौरान वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे।

# हिमाचल को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त जारी

### केंद्र सरकार ने हिमाचल को 198 करोड़ और पंजाब को 240 करोड़ रुपए दिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित राज्यों की मदद के लिए हिमाचल प्रदेश और पंजाब को स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एसडीआरएफ) की दूसरी किस्त जारी की है। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, हिमाचल प्रदेश को 198 करोड़ और पंजाब को 240 करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह राशि बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों को तेजी देने के लिए जारी की गई है। केंद्र ने भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश दिए हैं कि यह धनराशि तुरंत संबंधित राज्यों को सरकारों के खातों में जमा कराई जाए, ताकि समय पर इसका उपयोग किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### दोनों राज्यों में बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ जनजीवन

**मंत्रालय के** अनुसार, यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। पंजाब और हिमाचल दोनों राज्यों में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश और बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर राज्यों को अतिरिक्त मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके।

### पराली जलाने से फैल रहे वायु प्रदूषण को लेकर सख्त टिप्पणी

# निर्देश नहीं मानने वालों को क्यों नहीं भेजा जाता जेलः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। कोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें पटाखे और पराली जलाना शामिल है। अगली सुनवाई 8 अक्तूबर को होगी। सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट, सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।



सीजेआई गवई ने पराली जलाने वाले किसानों से सख्ती से निपटने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा, 'जो किसान पराली न जलाने के सरकारी निर्देशों का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है।'

▶ कहा-जुर्माना नाकाफी किसानों को जवाबदेह बनाने की है जरूरत

गौर रहे कि केंद्र सरकार ने 7 नवंबर 2024 को पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना दोगुना किया था। पर्यावरण मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी कर बताया था कि अब 2 एकड़ से कम जमीन पर 5000 रुपए का जुर्माना लगेगा। दो से पांच एकड़ तक 10,000 रुपए और पांच एकड़ से ज्यादा जमीन वालों से 30,000 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली सरकार इन नियमों को लागू करने के लिए बाध्य होंगी। (अनंत ज्ञान)

### तीन महीने में भरें वैकेंसी

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों को फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि इन राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में लंबे समय से खाली पड़े पद तीन महीने के अंदर भरे जाएं। वहीं, पदोन्नति से जुड़ी भर्तियों के लिए 6 महीने का समय तय किया गया है।

### पूर्व सीएम वीरभद्र की प्रतिमा का अनावरण 13 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री, स्व. वीरभद्र सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण अब 13 अक्तूबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में किया जाएगा। यह घोषणा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह ने की है। यह समारोह प्रदेश की जनता के लिए एक भावपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण होगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन पहले 23 जून को वीरभद्र सिंह के जन्मदिन पर होने वाला था, लेकिन हिमाचल प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा और जन-माल के भारी नुकसान को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था। उस कठिन समय में फाउंडेशन ने राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए 11 लाख की राशि उपायुक्त मंडी को दान की, जिसका उपयोग उन बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाएगा, जिन्होंने इस आपदा में अपने माता-पिता को खो दिया। यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जनसेवा की भावना को दर्शाता है। इस समारोह के लिए कांग्रेस उच्च कमान की सहमति और प्रदेश नेतृत्व के परामर्श से नई तिथि निर्धारित की गई है। इस दौरान कई विशिष्ट और सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे, जिनमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह प्रमुख हैं। यदि उनका स्वास्थ्य अनुमति देगा, तो कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इस आयोजन में शामिल हो सकती हैं।



# हाईकोर्ट ने कंप्यूटर टीचर्स को रेगुलर करने के दिए आदेश

### 20 साल से दे रहे सेवाएं, प्रदेश सरकार के तर्क को नकारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के स्कूलों में आउटसोर्स आधार पर नियुक्त कंप्यूटर टीचरों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें नियमित करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस सत्येन वैध ने मनोज कुमार शर्मा व अन्य द्वारा दायर याचिका को स्वीकारते हुए सरकार को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्ताओं को कम से कम वर्ष 2016 से नियमित करें। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता लंबे समय से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार के अजीबोगरीब तथ्यों को नकारते हुए कहा कि राज्य सरकार की निष्क्रियता के कारण अदालत को रिट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। कोर्ट ने मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए याचिका को स्वीकार किया।

▶ कहा-वर्ष 2016 से नियमित करें

कंप्यूटर टीचर हिमाचल के सरकारी स्कूलों में दो दशकों से अधिक समय से पढ़ा रहे हैं। उन्हें स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा नियुक्त किया गया है। आईटी को शैक्षणिक सत्र 2000-2001 के दौरान राज्य के 234 स्कूलों में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्रों के लिए एक अतिरिक्त विषय के रूप में शुरू किया गया था। तब से कंप्यूटर टीचर सेवाएं दे रहे हैं। कोर्ट के इस फैसले से लगभग 1500 कंप्यूटर टीचरों को फायदा होगा। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नई भर्ती के लिए उनके मौके कम हो गए थे, क्योंकि उन्होंने 40 साल की उम्र को पार कर लिया है। प्रार्थियों ने पीटीए, ग्रामीण विद्या उपासक और पैरा शिक्षकों को तर्ज पर रेगुलर करने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं द्वारा जनवरी 2016 में याचिका दायर की गई थी।

### प्रदेश सरकार का तर्क, निजी कंपनियों के माध्यम से रखे

**प्रदेश** सरकार ने याचिकाकर्ताओं की प्रार्थना का इस आधार पर विरोध किया कि उन्हें नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं है, बल्कि वे प्रचलित सेवा नियमों के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। यह कहा गया कि याचिकाकर्ता निजी कंपनियों के कर्मचारी होने के कारण राज्य सरकार द्वारा नियोजित कर्मचारियों के साथ समान नहीं हो सकते हैं।

# प्राकृतिक आपदा पर सियासी संग्राम

### हिमाचल प्रदेश को आपदा राज्य घोषित न करने पर बढ़ा टकराव

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** पहाड़ों की जमीन बरसात में जैसे आंसू बहा रही है। उसी तर्ज पर कहीं टूटे पुल हैं, कहीं ढहे मकान, कहीं उखड़ी जिंदगी और कहीं अधूरी उम्मीदें आहें भर रही हैं। मलबे व मायूसी के बीच जब लोग राहत और सहारे की ओर टकटकी लगाए थे, तभी राजनीति ने भी अपने शोर से इस सन्नाटे को भर दिया। हिमाचल अब सिर्फ प्राकृतिक आपदा से नहीं, बल्कि राजनीतिक टकराव की आंधी से भी जूझ रहा है।

भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि आपदा प्रबंधन के बजाय मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ गिनाने में व्यस्त हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र से मिली सहायता का सही उपयोग नहीं हो रहा, और गांव-कस्बों की पीड़ा को मंच से दिए जाने वाले बयानों में दबाया जा रहा है। उनका तर्क है कि इस कठिन घड़ी में सरकार को सड़कें, बिजली और पानी बहाल करने के लिए मैदान में होना चाहिए, न कि दोषारोपण की राजनीति करने के लिए। कांग्रेस ने भी भाजपा के आरोपों पर तल्खी दिखाई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिमाचल को तबाही इतनी बड़ी है कि इसे सिर्फ राज्य की सीमित ताकत से संभालना संभव नहीं। उन्होंने विधानसभा में मांग उठाई है कि हिमाचल को आपदा-ग्रस्त राज्य घोषित किया जाए और केंद्र से विशेष पैकेज मिले। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा केवल शब्दों की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर सरकार पूरी ताकत से राहत कार्य में लगी है।

▶ राहत की जगह आरोपों प्रत्यारोपों की गूंज, उदार वित्तीय मदद न मिलने से मचा घमासान

वहीं, प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि आखिर कब उनकी तकलीफ़ राजनीति की आग से अलग होकर राहत की ठंडी हवा पाएगी।

### राजनीतिक तल्खी अब चुनावी रंग देने लगी

**आपदा** राहत पर छिड़ी यह जंग कहीं आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की पृष्ठभूमि न बना दे। भाजपा इसे सुक्खू सरकार की विफलता बताकर जनता के सामने पेश करना चाहती है, वहीं कांग्रेस इसे केंद्र की बेरुखी साबित करने पर अड़ी है। राहत की राजनीति धीरे-धीरे चुनावी जमीन तैयार कर रही है और इस बीच असली सवाल लोगों का दर्द, टूटी जिंदगियां और बिखरे सपने शब्दों की भीड़ में कहीं खोते नजर आ रहे हैं।

**सुधार** बड़े अक्षरों में लिखे जाएंगे उम्मीदवारों के नाम, फॉन्ट साइज भी बड़ा रखा जाएगा

# अब ईवीएम बैलेट पेपर पर लगेंगे कैंडिडेट्स के रंगीन फोटो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईवीएम बैलेट पेपर पर अब उम्मीदवारों के रंगीन फोटो होंगे। इसके अलावा प्रत्याशियों की नंबरिंग और उनका फॉन्ट साइज भी बड़ा होगा, जिससे वोटर उसे अच्छे से पढ़ और देख सके। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, चुनाव आयोग (ईसी) इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से करेगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने एक गाइड लाइन जारी की है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि यह पहल उन 28 सुधारों का हिस्सा है, जिन्हें पिछले छह महीनों में मतदाताओं की सुविधा और चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए लागू किया गया है।

ईवीएम बैलेट पेपर पर सभी उम्मीदवारों के नाम, चुनाव चिह्न और फोटो होता है। मतदाता इसे देखकर वोट देता है। चुनाव आयोग ने बताया कि निर्वाचन नियम, 1961 के नियम 49-बी के तहत ईवीएम बैलेट पेपर की डिजाइन और प्रिंटिंग संबंधी मौजूदा दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया है, ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता को बढ़ाया जा सके। (अनंत ज्ञान)



### स्पष्टता के लिए फॉन्ट साइज 30 और बोल्ड होगा

**चुनाव** आयोग ने बताया कि उम्मीदवारों/नोटा के क्रमांक अंतरराष्ट्रीय स्वरूप (यानी 1,2,3...) में भारतीय अंकों में छापे जाएंगे। स्पष्टता के लिए फॉन्ट साइज 30 और बोल्ड रखा जाएगा। चुनाव आयोग के बयान के अनुसार, ईवीएम बैलेट पेपर 70 जीएसएम पेपर पर छापे जाएंगे। विधानसभा चुनावों के लिए विशेष आरजीबी वाले गुलाबी रंग के पेपर का उपयोग किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों/नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में बड़े अक्षरों में छापे जाएंगे।

### अधिकतर राज्यों में एसआईआर के लिए दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहींः ईसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के अधिकारियों ने 17 सितंबर को एक बड़ी जानकारी दी। इसके मुताबिक अधिकतर राज्यों में आधे से ज्यादा लोगों को एसआईआर के लिए कोई दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसा इसलिए होने की संभावना है, क्योंकि उनके नाम पिछली बार हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान वोटर लिस्ट में शामिल थे।

चुनाव आयोग के अफसरों का कहना है कि देश के अधिकतर राज्यों में वोटर लिस्ट को ठीक करने का यह कार्य 2002 से 2004 के बीच हुआ था, इसलिए अगला एसआईआर जब भी होगा, उस समय यही साल (2002-2004) कट-ऑफ डेट माना जाएगा। मतलब, जिन लोगों के नाम उस समय वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अधिक दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### जल्द तय होगी देश में एसआईआर की तारीख

**चुनाव** आयोग जल्द ही देशव्यापी एसआईआर शुरू करने की तारीख तय करेगा। आयोग के अधिकारियों ने पहले कहा था कि राज्यों में वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने का यह काम इस साल के आखिर तक हो सकता है। राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने राज्यों की वोटर लिस्ट तैयार रखें। यह वोटर लिस्ट पिछली बार एसआईआर के बाद छपी थी। कुछ राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तो अपनी वेबसाइट पर पिछली बार वाली मतदाता सूची डाल भी दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### लाहलड़ी में लीज आवंटन पर आपत्तियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल लाहलड़ी में खसरा नंबर 203/2 में लगभग 345 वर्गमीटर सरकारी जमीन को मंजुल वीर शिशु मॉडल एजूकेशन मैनेजमेंट के शिक्षण संस्थान की गतिविधियों के लिए लीज पर आवंटित करने का प्रस्ताव है। इस लीज के प्रस्ताव पर स्थानीय निवासियों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि अगर इस प्रस्ताव के संबंध में किसी स्थानीय व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह 30 दिन के भीतर एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि 30 दिन के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### प्री-आरडी एनएसएस कैंप के लिए दो छात्र चयनित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्री-आरडी एनएसएस कैंप में राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के दो छात्रों का चयन हुआ है। बीए तृतीय वर्ष के कार्तिक शर्मा और बीए द्वितीय वर्ष की रुचिका ठाकुर ने चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल की है। अब ये दोनों छात्र प्रदेश स्तरीय चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर ने छात्रों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ उमा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो शशि शर्मा व प्रो निर्मला भी उपस्थित रहीं। प्राचार्य ने छात्रों से सतत प्रगति की प्रेरणा दी।

### रेडक्रॉस की कैंटीन में 60 रुपए में मिलेगा खाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उपायुक्त कार्यालय कक्ष के बाहर प्रतीक्षालय में संचालित की जा रही कैंटीन में अब सस्ते दाम पर दोपहर का भोजन भी उपलब्ध करवाया जाएगा। एडीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों और अपने कार्यों के सिलसिले में बाहर से आने वाले आम लोगों की सुविधा के लिए रेडक्रॉस की कैंटीन में दोपहर का भोजन सस्ते दाम पर उपलब्ध करवाया जाएगा। लेकिन, इसके लिए उन्हें दोपहर साढ़े बारह बजे तक अपना ऑर्डर बुक करवाना होगा व कुल मिलाकर कम से कम 10 ऑर्डर प्राप्त होने पर ही भोजन दिया जाएगा। इसमें राजमाह-चावल, कढ़ी-चावल व दाल-चावल 60-60 रुपए में मिलेगा।

### टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर दिया नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपतहसील भोटा के अंतर्गत राजस्व घड़रियाणा में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग द्वारा स्वीकृत प्लान के मुताबिक निर्माण कार्य न करने तथा विभाग के नियमों का उल्लंघन करने पर एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को विभाग द्वारा स्वीकृत प्लान के अनुसार ही निर्माण करने तथा अवैध कार्य को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में क्षीरिन व अहाना प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में मनाए गए हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व को समझाने के लिए अनेक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें समूह गान, भाषण, लघु नाटिका, कविता वाचन, दोहा वाचन, नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आर्यभट्ट, भाभा, रमन, बोस सदन में हुआ। जिसमें रमन सदन की क्षीरिन व अहाना ने प्रथम स्थान, बोस सदन के तन्मय व सेजल ठाकुर ने द्वितीय स्थान व भाभा सदन की मालविका व स्तुति ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम समन्वयक उमा शर्मा, विनोद शर्मा, पूनम चौहान, त्रिप्ता, रुचिका, प्रेमलता, शालिनी, रिशु, निधि व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण रहे। प्रधानाचार्य शशि वाला ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### भाषण प्रतियोगिता में निवेदिता, आरुषि अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में हिंदी पखवाड़े का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता हुई। कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के प्रति अपनी रुचि और वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। कक्षा 8वीं से निवेदिता, कक्षा 9वीं से आरुषि, जान्वी व अनिष्का और कक्षा 10वीं से अनन्याश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन मधुबाला, अथर्व और सहज ने किया। प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर जोर दिया और सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की।

### रोशन लाल शर्मा ने दिए 11 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव सेर-स्वाहल के वरिष्ठ नागरिक रोशन लाल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी में ग्यारह हजार रुपये का अंशदान किया है। 81 वर्षीय रोशन लाल शर्मा का बेटा और बेटी अमेरिका में कार्यरत हैं। उन्होंने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर 11 हजार रुपए का चेक उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह को सौंपा। इस योगदान के लिए रोशन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी हमेशा गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करती है।

### कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं पात्र युवा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम की जिला प्रबंधक हमीरपुर नीलम कुमारी ने पात्र एससी, एसटी वर्ग के लोगों से आह्वान किया है कि वह निगम द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। नीलम कुमारी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम की ओर से संचालित योजनाओं में अनुसूचित जाति से संबंधित 18-55 आयु वर्ग के लोगों को जिनकी वार्षिक आय तीन लाख से कम हो वह व्यवसाय के लिए 1.40 लाख तक का ऋण 6.50 प्रतिशत की दर पर , 50 लाख रुपए तक का ऋण 8 प्रतिशत की दर पर प्राप्त कर सकते हैं।

### बगवाड़ा में डिजिटल लेन-देन के लाभ बताए

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के बगवाड़ा गांव में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, समीरपुर शाखा द्वारा 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान' आयोजित किया गया। शाखा सह-प्रबंधक रोहित कुमार ने ग्रामीणों को पीएम सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने री-केवाईसी के लाभ और डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया व उससे जुड़ी सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। शिविर में ग्राम पंचायत प्रधान देश राज, समिति सचिव अनिल कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नाबार्ड के सौजन्य से गांव ख्याह लोहाकरियां में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा अणु की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, यूपीआई, नेटबैंकिंग मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान प्रणाली की जानकारी दी। इसके अलावा अलग-अलग प्रकार के खातों जैसे बचत खाता, आवर्ती जमा के ब्याज दर लाभ और उपयोगिताओं के बारे में बताया गया। शाखा प्रबंधक राहुल पवार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, केवाईसी, आटीपी और रि-केवाईसी से अवगत करवाया।

### समीरपुर में 156 बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** समीरपुर के प्राथमिक पाठशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का शिविर लगाया गया, जिसमें डॉ शिवानी चौहान स्टाफ नर्स पूजा ठाकुर, प्रवीण कुमारी, रजनीश चौहान ने बच्चों के रक्त परीक्षण और सामान्य जांच की। शिविर में 85 बालिका व 71 बालकों की जांच की गई। बच्चों ने और स्टाफ के सदस्यों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए सांसद मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### हाईकोर्ट के फैसले का संघ ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश उच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है, जिसमें कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने के आदेश दिए गए हैं। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने जारी बयान में कहा कि यह फैसला उन अध्यापकों के लिए बड़ी राहत है जो दशक से सरकारी विद्यालयों में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत हैं। न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अध्यापक शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी लंबी सेवा अवधि को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केवल आउटसोर्स के नाम पर उन्हें अस्थायी रखना अन्यायपूर्ण है। न्यायालय ने माना कि पीटीए, ग्रामीण विद्या उपासक और पैरा अध्यापकों की भांति आईटी अध्यापकों की सेवाएं भी नियमित होनी चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को 12 सप्ताह में सभी याचिकाकर्ताओं की सेवाएं नियमित करने और उन्हें परिणामी लाभ देने का निर्देश दिया। यह फैसला प्रदेश के 1200 से अधिक आईटी अध्यापकों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला माना जा रहा है। संघ ने सरकार से अपील की है कि वह इस फैसले को शीघ्र लागू करें क्योंकि इन शिक्षकों का सारा जीवन आउटसोर्स सेवा में ही बीत गया है।

# हमीरपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार : उपायुक्त

## अमरजीत सिंह ने सभी विभागों को आपसी तालमेल से काम करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपायुक्त अमरजीत सिंह नशा मुक्त अभियान को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि जिला हमीरपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और सामाजिक संगठनों को समग्र दृष्टिकोण और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने बुधवार को नशा मुक्ति अभियान पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में चल रहे नशा विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि नशे की समस्या से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें प्रत्येक विभाग की भूमिका और जिम्मेदारी स्पष्ट की गई है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को ग्राम और वार्ड स्तर तक पहुंचाया जाएगा ताकि इसकी पहुंच जमीनी स्तर तक हो सके।

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की डिमांड और सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए पहले ही अभियान छेड़ दिया है, लेकिन इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। किशोरों और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूल-कॉलेजों के आसपास गश्त बढ़ाई जाएगी। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी शिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि नशा एक बीमारी है और इसके उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी सात 'नई दिशा' नशा मुक्ति केंद्रों को पूरी तरह सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने जोल सप्पड़ में प्रस्तावित आधुनिक नशा मुक्ति केंद्र की भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से नशा मुक्ति को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। नशा मुक्ति अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए एक रिपोर्टिंग फॉर्मेट तैयार किया जा रहा है, जिस पर सभी विभागों से नियमित रिपोर्ट ली जाएगी।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने बैठक में जिला कार्य योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

# पैसों को लेकर हुई कहासुनी में बेटे ने की थी मां की हत्या

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज उपमंडल के गांव बैलग (जिजवीं) में पुलिस ने मंगलवार को महिला की हुई मौत मामले का पता लगा लिया है। महिला की हत्या के पीछे किसी अज्ञात हमलावर का हाथ नहीं, बल्कि उसके अपने ही बेटे ने ही हमला किया था।

मिली जानकारी के अनुसार बेटे ने अपनी मां से पैसों की मांग की थी। मां ने पैसे देने से इंकार कर दिया जिस पर वह भड़क उठा और प्रैस (इस्त्री) से सिर पर वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से सोमलता पत्नी विपिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी।

घटना के बाद आरोपी बेटे ने पुलिस को गुमराह करने के लिए बयान दिया था कि अज्ञात हमलावर घर में घुस आए और वारदात को अंजाम दिया। इस बयान से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई थी। बुधवार सुबह पुलिस ने गहन पूछताछ की तो महिला के बेटे ने गुनाह कबूल कर लिया। उसने हमीरपुर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह और भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर के समक्ष वारदात की पूरी कहानी सुनाई। डीएसपी लालमण ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को किया गिरफ्तार**

# गीतांजलि स्कूल में हवन और भजन कीर्तन से बना ज्ञानवर्धक वातावरण



गीतांजलि स्कूल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए ।

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

गीतांजलि पब्लिक स्कूल का 33वां स्थापना दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना के माध्यम से मां सरस्वती का आह्वान किया, जिससे विद्यालय परिसर में एक पवित्र और ज्ञानवर्धक वातावरण का निर्माण हुआ। हवन के बाद अध्यापकों व बच्चों ने मिलकर भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिससे विद्यालय में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। विद्यालय में दोपहर के समय भोजन का प्रबंध किया गया था जिसका सभी बच्चों और अध्यापकों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान, राजवी और तन्वी ने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय के संस्थापक बीएल चड्ढा और गार्गी चड्ढा के निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में स्कूल के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्कूल भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा व विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करता रहेगा।

# भाजपा के झूठे आरोपों का कांग्रेस ने किया खंडन, सुक्खू सरकार कर रही हर संभव मदद

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल में आपदा राहत को लेकर भाजपा के आरोपों को कांग्रेस ने खारिज करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार और प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हैं। बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया, मनजीत सिंह डोगरा, पवन कालिया, कमल पठानिया, डैनी जसवाल, हिमुडा के डायरेक्टर राजेश वन्याल, विपन ढटवालिया, संजय शर्मा, नरेश लखनपाल, रूबल ठाकुर, सुशील शर्मा भोटा, सारण प्रसाद, मीना धीमान, पवन शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रशासन द्वारा उपमंडल अधिकारी राजेंद्र गौतम का जारी प्रेस नोट साफ दर्शाता है कि बड़सर उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार और पटवार स्तर तक की टीम लगातार प्रभावित इलाकों का दौरा कर रही है और जरूरतमंद परिवारों को तिरपाल,र ाहत राशि उपलब्ध करवा रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अब तक 31 मकान पूर्णतः और 101 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 96 पशुशालाएं प्रभावित हुई हैं। जरूरतमंदों को तिरपाल व राहत राशि दी जा रही है, कई परिवारों को 5 लाख तक की मदद मिल चुकी है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार मौके पर हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है।

# अटल-प्रेम सेवा संस्था ने नवाजे मेधावी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भव्य छात्र सम्मान समारोह



अटल-प्रेम सेवा संस्था के अध्यक्ष विजय बहल सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अटल-प्रेम सेवा संस्था ने सुजानपुर विधानसभा के लोहांरी स्थित ज्योत्सना प्राइवेट आईटीआई परिसर में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के उपकुलपति प्रो. डॉ. एसपी बंसल मुख्य अतिथि थे, जबकि ज्योत्सना प्राइवेट आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर जेके चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।

संस्था के अध्यक्ष विजय बहल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पीएम मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब कल्याण और राष्ट्र के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया है। उन्होंने कहा कि यह समारोह छात्रों को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का माध्यम है। कार्यक्रम में सुजानपुर विस क्षेत्र के 50 स्कूलों के सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रों के साथ अभिभावक भी गर्व महसूस कर रहे थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें देशभक्ति गीत व नृत्य शामिल थे। इस अवसर पर प्रो. बंसल ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति की सराहना की।

कार्यक्रम में संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र ठाकुर, अनिल शामा, पवन शर्मा, कपिल मोहन शामा, जिला परिषद चेयरमैन बबली देवी, संस्था सदस्य पीसी चैहान, मेहर सिंह चैहान, बमसन ब्लॉक समिति की अध्यक्षा रीना देवी, सुजानपुर विधानसभा के विभिन्न पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, बीडीसी सदस्य, महिला मंडल प्रधान, जिला परिषद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन संस्था हमीरपुर के संस्थापक व पूर्व प्रधान का निधन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** सीनियर सिटीजन संस्था हमीरपुर के संस्थापक व पूर्व प्रधान ज्ञान चंद का उनके पैतृक निवास मुंडखर में देहांत हो गया। निवास स्थान मुंडखर में उनके तीन बेटों विनोद कुमार, सुरेन्द्र कुमार, संजीव कुमार ने मुखाअग्नि दी। मुंडखर पंचायत के उपप्रधान कमल प्रसाद ने बताया कि हमीरपुर अस्पताल में सीनियर सिटीजन संस्था रोगियों व अन्य लोगों को निशुल्क भोजन की व्यवस्था करने में ज्ञान चंद का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ज्ञान चन्द आयु 87 वर्ष कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने पैतृक गांव मुंडखर में बुधवार को आखिरी सांस ली। सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था ने भी पूर्व प्रधान ज्ञान चंद के निधन पर दुख प्रकट किया है। संस्था के प्रधान विजय पुरी, पूर्व प्रधान शंकर भारद्वाज, हेम राज शर्मा, सलाहकार भगवान दास शास्त्री, सुरेश कुमार, ओम प्रकाश टेकड़ा ने उनके निवास स्थान में पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया व उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उनके निधन पर मुंडखर पंचायत के उप्रपधान कमल प्रसाद, जिया लाल, शशी कांत राज कुमार, हरपाल सिंह व अन्य लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

# पीएम के जन्मदिवस पर विधायक लखनपाल ने बड़सर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**अनंत ज्ञान, बड़सर**

भाजपा मंडल बड़सर ने पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को 'सेवा दिवस' के रूप में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। मंडल बड़सर की ओर से बड़सर अस्पताल में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मरीजों से बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उन्हें हिम्मत बंधाते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने भारत को विश्व में नई पहचान दी है। इस सेवा कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री अश्वनी बन्याल, महामंत्री दिनेश व्यास, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, सुरजीत, राकेश पंडित, आनंद ठाकुर, करतार बन्याल, संजय बन्याल, ऋषि शर्मा, मिंटू राजपूत, अनिल ठाकुर, अनुपम शर्मा, निशु बन्याल, सरला शर्मा, प्रोमिला बन्याल, सुभाष ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, करण ठाकुर, हरीश चंब्याल, सुरेश कुमार, प्रवीण ठाकुर, पवन कुमार, शक्ति शर्मा, सुनील कुमार, दीपक कुमार, सतीश शर्मा, सुनील वर्मा, कपिल देव वर्मा, रमेश ठाकुर, सोहन ठाकुर, बंसी राम, रमेश कुमार, मुकेश सोनी, यशपाल शर्मा, कुलदीप शर्मा, संजीव बन्याल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने शुरू किया सेवा पखवाड़ा अभियान

# 76 यूनिट रक्त एकत्रित, 112 का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर लगाए यज्ञ के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर व अन्य।

भाजपा जिला हमीरपुर ने बुधवार पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया, जो 2 अक्तूबर गांधी जयंती तक चलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की, जबकि जिला महामंत्री अजय रिंटू इसके संयोजक रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक आशीष शर्मा, प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी, पूर्व विधायक राजिंद्र राणा व पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीक्षित गौतम सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ के साथ हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर नेतृत्व की कामना की गई। इसके बाद, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 76 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके अतिरिक्त, अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा प्रायोजित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 112 स्थानीय निवासियों ने चिकित्सा जांच और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया।

राकेश ने कहा कि सेवा पखवाड़ा पार्टी की सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है और इसे गांधी जयंती तक पूरे जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान जिला और मंडल स्तर पर समाज कल्याण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, खेलकूद और जन जागरूकता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी पार्टी कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज के विकास में सार्थक योगदान देने के भाजपा के दृढ़ संकल्प को दोहराया और सभी से सेवा पखवाड़े में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत ने कहा कि यह कार्यक्रम एकता, सेवा व राष्ट्र के प्रति समर्पण के सशक्त संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आईटीआई बणी में शिक्षक ने छात्रा के साथ की छेड़छाड़

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** देवभूमि में आईटीआई के एक शिक्षक ने लड़की के साथ अश्लील हरकतें कर शिक्षक जगत को शर्मसार किया है। जिला हमीरपुर के उपमंडल बड़सर के साथ लगते कस्बे में स्थित आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान बणी में एक आईटीआई शिक्षक ने एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेटी जो आईटीआई बणी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। आईटीआई का अध्यापक जोकि इस प्रशिक्षण शिक्षा संस्थान में अपनी सेवाएं दे रहा है। उक्त लड़की के साथ अश्लील हरकतें करता था। लड़की ने सारे घटनाक्रम को अपनी माता को बताया। आईटीआई में प्रशिक्षण प्रास करने वाली बेटी की माता ने पुलिस स्टेशन बड़सर में शिकायत दर्ज करवाई है। लड़की की माता के बयान पर पुलिस ने आईटीआई के एक शिक्षक के खिलाफ अश्लील हरकत का मामला पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है। इसकी जानकारी डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि आईटीआई का एक अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त बेटी के साथ अश्लील हरकते की हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर गहनता से जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आरोप अध्यापक भूमिगत बताया जा रहा है।

**पुलिस ने दर्ज की शिकायत, आरोपी शिक्षक अभी फरार**

इस मामले में आईटीआई बणी के प्रिंसिपल राजेश कुमार ने कहा कि अभी तक मेरे पास एफआईआर की कॉपी नहीं आई है। अगर अश्लील हरकत का मामला मेरे पास पहुंचता है तो उपनिर्देशक आईटीआई को सारे मामले की जानकारी भेज दी जाएगी।

**कार्यक्रम** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर नाल्टी में भाजपा मंडल ने मनाया सेवा पखवाड़ा

# सांसद सिकंदर व विधायक ने रक्तदान कर दिया एकता का संदेश

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सांसद सिकंदर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

**हमीरपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी मंडल हमीरपुर शहरी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि विधायक सदर आशीष शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस मौके पर सिकंदर ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना अगर पूरा हो सकता है तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होगा। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए बीते 11 सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो मेहनत की है उसी की बदौलत आज देश पूरे विश्व में प्रमुख देशों में शामिल है। कांग्रेस ने महज देश को खोखला करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय प्रधानमंत्रियों के जन्मदिन होटलों में मनाते थे, लेकिन मोदी का जन्मदिन आम लोगों के बीच विभिन्न सामाजिक कार्य कर मनाया जाता है। उन्होंने समस्त लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि आज का दिन विशेष है और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर गर्व है। उन्होंने अपना जीवन अपने राष्ट्र और जनसेवा में समर्पित किया है। गरीब कल्याण के बारे में अगर किसी ने सोचा है तो वो प्रधानमंत्री मोदी ने। इस मौके पर पीएचसी नाल्टी में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं सहित सांसद डॉ सिकंदर और विधायक आशीष शर्मा ने भी रक्तदान कर इस महादान में भागीदारी निभाई। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 70 सेवानिवृत्त अध्यापकों और आशा वर्कर्स को भी विधायक आशीष शर्मा की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ आयोजित कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने सभी अतिथियों व स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया एवं सभी को प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा, महामंत्री राजेश ठाकुर, तेन सिंह, बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा, कार्यालय सचिव अशोक कुमार, मीडिया प्रभारी विक्रांत सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति व युवा मौजूद रहे।

### विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश सरकार को घेरा

**कार्यक्रम** के दौरान विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के साथ किए गए धोखे को उजागर करते हुए मातृशक्ति से पूछा कि क्या 1500 रुपए आए। इस पर उपस्थित मातृशक्ति ने एक स्वर में न का जवाब दिया और प्रदेश सरकार को झूठा करार दिया। आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है लेकिन रोजगार के नाम पर युवाओं को महज आश्वासन और आंकड़े ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 के नाम पर ठगा गया। केवल अपने परिवार और मित्रों को सेट किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा राहत के रूप में हिमाचल को 1500 करोड़ जारी किए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आंध्रा पावर हाउस चिड़गांव में मनाया विश्वकर्मा दिवस

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** आंध्रा पावर हाउस मंडल चिड़गांव में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों ने विश्वकर्मा मंदिर आंध्रा पावर हाऊस में एकत्रित होकर पूजा-अर्चना कर विश्वकर्मा दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ भी किया गया और भंडारा भी लगाया गया। इस अवसर पर आवासीय अभियंता अशोक कुमार रुपटा, सहायक अभियंता मनीश शर्मा व सुरेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता रोहित चौहान आदि ने भाग लिया। इस दौरान विश्वकर्मा मंदिर में ध्वजारोहण किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कर्मचारी नेता विपन कुमार डोगरा ने बताया कि विश्व कर्मा वैदिक देवताओं में से एक थे। ऋग्वेद में उन्हें पृथ्वी, जल व प्राणी का निर्माता बताया गया है।

### भाजपा मंडल ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल रामपुर ने बुधवार को सेवा दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खनेरी अस्पताल आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामपुर में उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। भाजपा नेता कौल सिंह नेगी ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनकी लंबी आयु हेतु देवभूमि हिमाचल के देवी-देवताओं से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और देश तेजी से विकास कर रहा है। भाजपा इस वर्ष पीएम मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित कर विभिन्न सामाजिक कार्य करेगी। इस दौरान भाजपा मंडल रामपुर महामंत्री राम मूर्ति, जिला प्रवक्ता अनिल चौहान, विजय गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, चेतन पाकला आदि कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार द्वारा अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रचार के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शिमला जिले में विशेष अभियान के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के नाट्य दलों ने लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। नाट्य दल शिव रंजनी सांस्कृतिक दल बलग के कलाकारों ने विकास खंड रोहडू की ग्राम पंचायत ब्रासली और समोली में, जबकि पूजा कला मंच शगीन तारा देवी के कलाकारों ने विकास खंड टुटू की ग्राम पंचायत शकराह और चलोग के बडुआ में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाना और समाज में जागरूकता लाना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत समोली की प्रधान उर्मिला देवी, ग्राम पंचायत ब्रासली की प्रधान सोनिका लता, ग्राम पंचायत चलोग की प्रधान सुमन गर्ग और ग्राम पंचायत शकराह के उप-प्रधान गोपाल राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जेमिनी एआई फिल्टर के चक्कर में न फंसें हो सकता है बड़ा डेटा लीक

## साइबर क्राइम पुलिस ने दी चेतावनी, फोटो का गलत इस्तेमाल और ब्लैकमेलिंग का है डर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** अगर आप भी जेमिनी आई की मदद से अपनी फोटो को मजेदार और क्रिएटिव बनाने का ट्रेंड फॉलो कर रहे हैं, तो रुकिए और सावधान हो जाइए। राज्य साइबर क्राइम पुलिस ने इसके संभावित खतरों के प्रति चेतावनी जारी की है।

राज्य साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार, लोग जिन थर्ड-पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे सिर्फ आपकी फोटो को एडिट ही नहीं करते, बल्कि उसे अपने सर्वर पर भी सेव कर लेते हैं। यह आपके लिए बड़ा खतरा हो सकता है। साइबर एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब हम इन ऐप्स को अपनी तस्वीरें देते हैं, तो हम एक तरह से अपना निजी डेटा उनके हवाले कर रहे होते हैं। ये ऐप्स फोटो के साथ-साथ आपकी अन्य निजी जानकारी भी जमा कर सकते हैं। इन थर्ड-पार्टी ऐप्स द्वारा सेव की गई तस्वीरों का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। साइबर एक्सपर्ट्स बताते हैं कि आपकी ओरिजिनल फोटो इन ऐप्स के पास सुरक्षित रहती है, जिसका दुरुपयोग करके वे आपको भविष्य में ब्लैकमेल भी कर सकते हैं। फोटो को मॉर्फ करके या आपत्तिजनक तरीके से इस्तेमाल करके आपको मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा सकता है। यह एक ऐसा गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए तुरंत सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

आजकल सोशल मीडिया पर जेमिनी एआई के फिल्टर का इस्तेमाल करके फोटो एडिट करना एक बड़ा ट्रेंड बन गया है। लाखों लोग बिना सोचे-समझे अपनी निजी तस्वीरें इन ऐप्स पर अपलोड कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक राज्य में इस तरह के किसी बड़े मामले की शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन साइबर पुलिस ने इस बढ़ते चलन को देखते हुए जनता से अपील की है कि वे बेहद सावधानी बरतें।

### एआई ?

**एआई** (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एक आधुनिक तकनीक है, जो मशीनों को इंसानों जैसी सोच, समझ और निर्णय क्षमता प्रदान करती है। यह तकनीक डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और एल्गोरिद्म के माध्यम से काम करती है। एआई का उपयोग आज स्वास्थ्य, शिक्षा, ऑटोमेशन, वित्त, साइबर सुरक्षा और रोबोटिक्स जैसे कई क्षेत्रों में हो रहा है, जिससे कार्य क्षमता बढ़ रही है।

### सुरक्षा के लिए अपनाएं ये उपाय

**अपने** डेटा को सुरक्षित रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना जरूरी है। अपरिचित ऐप से बचे, केवल भरोसेमंद और प्रमाणित ऐप्स का ही इस्तेमाल करें। किसी भी थर्ड-पार्टी ऐप को फोटो या व्यक्तिगत जानकारी देने से पहले उसकी विश्वसनीयता जरूर जांच लें। ऐप इंस्टॉल करते समय जो परमिशन मांगता है, उसे ध्यान से पढ़कर ही अनुमति दें। अपनी ओरिजिनल फोटो को किसी भी बाहरी सर्वर पर अपलोड करने से बचें। सोशल मीडिया पर चल रहे हर ट्रेंड को बिना सोचे-समझे फॉलो न करें, खासकर जब उसमें निजी जानकारी शामिल हो।

### एचपीएमसी की लापरवाही से सड़कों पर सड़ रहे सेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में सेब बागवानों की समस्याओं को लेकर भाजपा नेता चेतन बरागटा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने जुब्बल-कोटखाई नावर क्षेत्र में एचपीएमसी द्वारा खरीदे गए सेब के बोरों की दुर्दशा पर गंभीर सवाल उठाए, जो सड़कों पर सड़ रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार जान-बूझकर बागवानों की सालों की मेहनत को बर्बाद कर रही है।

बरागटा ने इस बात पर जोर दिया कि बागवान हमेशा से ही हिमफेड के माध्यम से सेब खरीद की मांग करते रहे हैं, क्योंकि वे इसे एचपीएमसी से अधिक विश्वसनीय मानते हैं। इसके बावजूद, सरकार ने इस वर्ष सेब खरीद का पूरा जिम्मा एचपीएमसी को सौंप दिया।

उन्होंने बताया कि पिछले साल की एमआईएस (बाजार हस्तक्षेप योजना) के तहत खरीदे गए सेब का लगभग 20 करोड़ का भुगतान अभी तक लंबित है। ऐसे में जब इस साल का पूरा सेब एचपीएमसी को दिया जा रहा है, तो यह बड़ा सवाल है कि क्या सरकार इस बार समय पर बागवानों को भुगतान कर पाएगी। बरागटा ने कहा कि खुद एचपीएमसी सड़कों पर सेब को सड़ने दे रही है। उन्होंने कड़ा सवाल पूछा है कि क्या सरकार इस लापरवाही के लिए एचपीएमसी पर भी वैसा ही जुर्माना लगाएगी?

# विकास के लिए रचनात्मक संवाद जरूरी : शिव प्रताप शुक्ल



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि भारत वर्ष 2047 से पहले एक विकसित राष्ट्र बन सकता है, यदि भारतीय राजनीति में केवल दोषारोपण के बजाय रचनात्मक समालोचना को अपनाया जाए। उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात कही।

सम्मेलन का विषय विकसित भारत 2047 समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और सतत विकास के लिए रोडमैप था। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के 11 वर्षों के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में विकास एक जन आंदोलन बन गया है, जिसने आत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में प्रेरणादायक कार्य किए हैं।

राज्यपाल ने जीएसटी परिषद और जन धन योजना का उदाहरण देते हुए बताया कि ये प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने सर्वसम्मति से कर संरचना में सुधार किया, जबकि जनधन योजना ने बैंकिंग सेवाओं को लोगों के दरवाज़े तक पहुंचाया। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने के लिए हिमाचल प्रदेश में शुरू किए गए नशामुक्त अभियान का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री पर आधारित सात पुस्तकों का विमोचन भी किया।

# रामपुर एचपीएस में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



रामपुर एचपीएस में स्वच्छता पखवाड़े में शपथ लेते अधिकारी।

**रामपुर बुशहर।** विद्युत मंत्रालय एवं निगमित कार्यालय के निर्देशों के तहत रामपुर एचपीएस में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर परियोजना प्रमुख ई. विकास मारवाह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर हेल्प एज इंडिया की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से परियोजना प्रभावित पंचायतों के गांवों में स्वच्छता संबंधी पोस्टर लगाए गए और ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। वहीं, कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए परियोजना कार्यस्थल पर सेल्फी प्वाइंट और सैंडी भी स्थापित किए गए।

# स्वस्थ महिला से ही बनेगा सशक्त परिवार : डॉ. धनी राम शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव एक स्वस्थ परिवार से बनती है और एक स्वस्थ परिवार तभी बन सकता है, जब परिवार की महिलाएं स्वस्थ हों। इसी सोच के साथ, हिमाचल प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत हो चुकी है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा, जिसका मुख्य लक्ष्य राज्य की 8 लाख महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करना है।

आईजीएमसी में आयोजित अभियान के शुभारंभ के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि हर महिला का स्वस्थ होना ही प्रदेश को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर किसी के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से अपील की कि वे इस अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाएं, ताकि हर परिवार को इसका लाभ मिल सके।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव एम. सुधा देवी ने बताया कि इस अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताएं अपने-अपने क्षेत्रों की महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में मदद करेंगी। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से शुरू किया था।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध निदेशक प्रदीप ठाकुर और स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. गोपाल बैरी ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शहरी विधायक हरीश जनारथा, उपमहापौर उमा कौशल, और कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### मशोबरा में पारंपरिक सायर मेले का सफल समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के समीप मशोबरा में पारंपरिक सायर मेले का हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मेले में कुल 26 कबड्डी टीमों ने भाग लिया। फाइनल में फागू की टीम ने मशोबरा को हराकर खिताब जीता। वहीं, महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता में मूलकोटी पंचायत की टीम ने जीत हासिल की, जबकि गुम्मा पंचायत की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रसिद्ध लोकगायक जय प्रकाश शर्मा, बॉबी ठाकुर और नवकृति ठाकुर ने एक से बढ़कर पहाड़ी और हिंदी गाने प्रस्तुत करके दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

समापन समारोह में राजस्व विभाग के निदेशक अभिषेक वर्मा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने विजेताओं और कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं और इन्हें प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही मनाया जाना चाहिए।

# आपदा में फंसे अभ्यर्थी, एचपीएएस मुख्य परीक्षा स्थगित करने की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में भीषण प्राकृतिक आपदा का प्रकोप जारी है, जिसने प्रदेश के कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई है। बीते कुछ हफ्तों से हो रही लगातार भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने चंबा, शिमला और मंडी जैसे जिलों में जान-माल का भारी नुकसान पहुंचाया है। गांवों का संपर्क कट गया है, पुल बह गए हैं और सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। इन विकट परिस्थितियों ने राज्य में सामान्य कामकाज और व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है।

इस गंभीर स्थिति ने उन हजारों परीक्षार्थियों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है जो हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) की मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। कई छात्रों के लिए अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है, क्योंकि उनके रास्ते बाढ़ और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गए हैं। कई ऐसे भी छात्र हैं जिनके परिवार सीधे तौर पर इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। उनके घर ढह गए हैं, फसलें नष्ट हो गई हैं, और वे राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। ऐसे में मानसिक स्थिरता और परीक्षा की तैयारी करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

छात्रों का मानना है कि ऐसी विकट हालात में परीक्षा का आयोजन करना न्यायसंगत नहीं है। उनका तर्क है कि जब राज्य सरकार और प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में पूरी तरह से व्यस्त हैं, तब छात्रों से यह उम्मीद करना कि वे मानसिक संतुलन बनाए रखें और परीक्षा दें, वास्तविकता से परे है। यह समय आपदा प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता दिखाने और उन्हें सहारा देने का है, न कि उन पर और दबाव डालने का।

एचपीएएस के परीक्षार्थियों ने राज्य सरकार और लोक सेवा आयोग से अनुरोध किया है कि वे आपदा से प्रभावित छात्रों की स्थिति पर विचार करते हुए मुख्य परीक्षा को कुछ समय के लिए स्थगित कर दें।

# शिमला में आवारा जानवरों के आतंक को लेकर नागरिक सभा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




शिमला में प्रदर्शन करते शिमला नागरिक सभा के सदस्य।

शिमला नागरिक सभा ने आज शहर में बढ़ रहे कुत्तों और बंदरों के आतंक के खिलाफ नगर निगम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान, उन्होंने आयुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें शहरवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर ने कहा कि यह समस्या दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही है, और इससे निपटने के लिए एक ठोस नीति की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि जुलाई में लगभग 250 और अगस्त में 300 से अधिक लोगों को इन आवारा जानवरों ने काटा है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम में एक अलग से बजट आवंटित किया जाना चाहिए और खूंखार बन चुके कुत्तों को शहर के बाहर बने शेल्टर होम में रखा जाना चाहिए इसके साथ ही, कुत्तों की नसबंदी बड़े पैमाने पर होनी चाहिए, और उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए जो सार्वजनिक स्थानों पर जानवरों को खाना खिलाकर उनकी संख्या बढ़ाने में योगदान कर रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान नागरिक सभा के सदस्यों ने कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। उन्होंने वैज्ञानिक त्रिकोण से बंदरों और लंगूरों की संख्या को कम करने, कुत्ते या बंदर के काटने पर प्रभावित व्यक्ति को एक लाख का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने शहर में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि की भी मांग की। प्रदर्शन के बाद, नागरिक सभा का एक प्रतिनिधिमंडल सहायक आयुक्त भुवन से मिला। सहायक आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो वे शिमला एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

### रामपुर में खत्म होगी हाथ से मैला ढोने की अमानवीय प्रथा : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उपमंडलाधिकारी कार्यालय रामपुर में बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में हाथ से मैला ढोने की अमानवीय प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने पर बल दिया गया। बैठक में इस प्रथा से प्रभावित परिवारों के सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि जागरूकता, पुनर्वास, और सख्त कानूनी कार्रवाई के माध्यम से यह कुप्रथा शीघ्र समाप्त की जाएगी। प्रभावित परिवारों को प्रशिक्षण, रोजगार, शिक्षा और वित्तीय सहायता देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया जाएगा। अधिनियम 2013 के अंतर्गत सभी शुष्क शौचालयों को फ्लश शौचालयों में बदलने, सेप्टिक टैंक की मशीनों से सफाई सुनिश्चित करने और इस कार्य से जुड़ी सभी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा और नियमित निरीक्षण और निगरानी के माध्यम से मैनुअल स्कैवेंजिंग की प्रथा को पूरी तरह जड़ से खत्म किया जाएगा। बैठक में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र नेगी, थाना प्रभारी रामपुर, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक प्रबंधक नवीन, तहसील कल्याण अधिकारी कर्मवीर, और विभिन्न गैर सरकारी सदस्य आदि उपस्थित थे।

# नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़े का आगाज



स्वच्छता पखवाड़े में शपथ ग्रहण करते नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारी।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा एसजेवीएन के निगम मुख्यालय, शिमला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन स्टेशन द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत को शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जिसमें परियोजना परिसर झाकड़ी तथा डैम साइट नाथपा के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर ने सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के काम करने के लिए प्रति वर्ष 100 घंटे समर्पित करने का संकल्प भी लिया गया। इसी के साथ हेल्प एज इंडिया द्वारा चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी पंचायत दोफदा के गांव दोफदा और मंधारा के स्थानीय लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इसी के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता को अपने आचरण में अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए परियोजना कार्यस्थल में सेल्फी एवं स्टैंडी भी स्थापित किए गए हैं।

स्वच्छता ही सेवा का 9वां संस्करण 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक 'स्वच्छोत्सव' थीम पर आधारित है, जो देशभर में मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य संस्कृति, सामुदायिक भागीदारी और उत्सव के उत्साह का मिश्रण करते हुए, पर्यावरण-अनुकूल और शून्य-अपशिष्ट समारोहों के लिए नए मानक स्थापित करना है।

**सेब का संकट** भारी बारिश और भूस्खलन से संपर्क मार्ग टूटे, एचपीएमसी का उठान अभियान बिखरा

# हजारों मीट्रिक टन सी-ग्रेड सेब अब सड़कों पर लगा बिखरने

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



उठान ठप होने से हजारों टन सेब सड़कों पर सड़ने को विवश।

**शिमला।** पहाड़ों की ठंडी हवाओं में जब बागवानों की सांसों की गंध भी सेब की मिठास से भर जाती है, तब कौन सोच सकता था कि यही मेहनत सड़कों पर सड़कर कड़वाहट बन जाएगी। खेतों से निकले लाल और हरे सेब बोरी-बोरी ढेर बनाकर अब रामपुर से लेकर, जुब्बल-कोटखाई, रोहडू और चौपाल की टूटी सड़कों पर बिखरे पड़े हैं। यह दृश्य राज्य की सेब अर्थव्यवस्था का वह चेहरा है, जिसमें परिश्रम की चमक तो है, मगर सरकारी सुस्ती और प्राकृतिक आपदा की मार ने इसे मुरझा दिया है।

जानकारी के अनुसार रामपुर और उसके आसपास कुमारसेन, ननखड़ी, ओडी, कुमारसेन, किंगल, थानेदार, टिक्कर आदि क्षेत्रों में सी-ग्रेड सेब का उठान लगभग ठप है। करीब ग्यारह हजार मीट्रिक टन उपज इस समय सड़कों पर पड़ी है। भारी बारिश और भूस्खलन से संपर्क मार्ग टूट गए, ट्रक नहीं चल पा रहे और एचपीएमसी का उठान अभियान बिखरा-बिखरा नजर आ रहा है। रोहडू, जुब्बल-कोटखाई, कुमारसेन, रामपुर बुशहर, चौपाल, और ठियोग जैसे बड़े सेब उत्पादक क्षेत्रों में भी यही स्थिति है, जहां बागवान हर दिन अपनी उपज को खराब होते देख मजबूर खड़े हैं।

जुब्बल- कोटखाई के बागवान सवाल उठा रहे हैं कि सड़कों पर सी ग्रेड का सेब सड़ रहा है, मगर बावजूद इसके उठान की समस्या जस की तस बनी हुई है। चौपाल और रोहडू के इलाकों से भी यही शिकायत है कि खरीद केंद्र खोले जाने की घोषणाएं हुईं जरूर, मगर जमीन पर वहां कोई व्यवस्था नहीं है।

रामपुर और ननखड़ी के बागवान अब आंदोलन की चेतावनी दे चुके हैं। उनका कहना है कि यदि तुरंत उठान शुरू नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरेंगे। उधर एचपीएमसी अधिकारी मान रहे हैं कि आपदा के कारण उठान में बाधाएं आई हैं और जल्द व्यवस्था बहाल करने का दावा कर रहे हैं।

### बागवानों की बढ़ी धुकधुकी

**यह** सवाल हर बागवान के दिल में है। क्या यह संकट सिर्फ बारिश और भूस्खलन की देन है या सरकारी तंत्र की सुस्ती और अव्यवस्था ने इसे और गहरा कर दिया है? नतीजा यह हुआ कि कोटखाई से चौपाल तक और रामपुर से कुमारसेन तक, हजारों मीट्रिक टन सेब बागवानों के बागानों से निकलकर सड़कों पर सड़ रहा है।

# राजीव बिंदल ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर 'सेवा पखवाड़े' का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए डॉ. राजीव बिंदल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने गेटी थिएटर में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और उसके बाद युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

बिंदल ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। उन्होंने बताया कि 2014 में जो भारत आर्थिक पायदान पर 11वें स्थान पर था, वह आज 4वें स्थान पर आ गया है और 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में उत्पादन, निर्यात और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है, जिससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हुई है। डॉ. बिंदल ने आयुद्ध उत्पादों के उत्पादन में भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने की बात कही और कहा कि भारत की सामरिक शक्ति का प्रदर्शन दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखा।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के गरीब कल्याण के कार्यों का भी जिक्र किया। मोदी ने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है और 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया है। उन्होंने जन धन योजना के तहत 53 करोड़ गरीबों के खाते खुलवाने, 9 करोड़ किसान परिवारों को किसान सम्मन निधि के तहत 6000 रुपए प्रति वर्ष देने, 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर देने, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराने और 14 करोड़ घरों में नल से स्वच्छ जल पहुंचाने जैसे महत्वाकांक्षी कार्यों का उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाली आयुष्मान कार्ड योजना की भी प्रशंसा की। डॉ. बिंदल ने स्वर का लोकल और जीएसटी में कटौती जैसे कदमों के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर तिलक से स्वागत, लोकनृत्य से पहाड़ी संस्कृति का परिचय

## यात्री सेवा दिवस : वियतनाम की किम न्गान ने युवतियों संग किया डांस, कांगड़ा की सुरक्षा सूद को बेटे से मिला हवाई टिकट का गिफ्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा कर पहुंचे पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं, हिमाचली लोकनृत्य से उनका पहाड़ी संस्कृति से परिचय करवाया गया। विदेशी पर्यटक पहाड़ी नृत्य देखकर इतने खुश हुए कि वियतनाम से आई किम न्गान खुद को नृत्य करने से रोक नहीं पाई।

हवाई सेवा कर कांगड़ा पहुंची सुरक्षा सूद को जहां हवाई टिकट के रूप में बेटे से जन्मदिन का गिफ्ट मिला। वहीं कांगड़ा एयपोर्ट पर भव्य स्वागत ने उनके जन्मदिन को यादगार बना दिया। यह विशेष मौका था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कांगड़ा एयरपोर्ट पर मनाए गए यात्री दिवस का, जिसकी धूम, पूरे एयरपोर्ट परिसर में साफ नजर आई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी युवतियों ने एयरपोर्ट पहुंचे हर यात्री का तिलक लगाकर स्वागत किया, टर्मिनल में प्रवेश करते ही सामने पहाड़ी संस्कृति की झलक दिखाता लोकनृत्य प्रस्तुत किया जा रहा था। हर पर्यटक चाहे देसी हो या विदेशी, स्वागत के बाद लोकनृत्य देखकर कुछ देर के लिए रुकने को मजबूर हुआ। यात्री सेवा दिवस को यादगार बनाने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से भी हर इंतजाम किए गए थे। यात्री भी एयरपोर्ट पर विशेष दिवस पर की गई व्यवस्था को देखकर काफी खुश नजर आए।

- हिमाचली नृत्य देखकर प्रसन्न हुए देश-विदेश के पर्यटक
- यात्री सेवा दिवस पर मची कांगड़ा एयरपोर्ट पर धूम


कांगड़ा एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा कर पहुंचे पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### युवतियां संग सेल्फी, नृत्य कैमरे में कैद

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर जो युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में पर्यटकों का स्वागत कर रही थी, उन युवतियों के साथ अधिकतर विदेशी पर्यटकों ने फोटो खिंचवाने के साथ सेल्फी भी ली। यही नहीं टर्मिनल के भीतर पर्यटकों के स्वागत में चल रहे लोकनृत्य को विदेशी पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया।

### एयरपोर्ट का नजारा अद्भुत : मार्गारेट

सिडनी आस्ट्रेलिया से मैक्लोडगंज घूमने और तिब्बती समुदाय से मिलने पहुंची बुजुर्ग महिला मार्गरिट ने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट पर जो व्यवस्था है, यह अद्भुत है। मुझे यहां यह सब देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि वह कुछ दिनों के लिए यहां रुकेंगी।

### पीएम के साथ मेरा भी बर्थडे सेलिब्रेट हो गया : सुरक्षा सूद

**कांगड़ा** की सुरक्षा सूद अपने बेटे के पास गुड़गांव गई थी। कांगड़ा एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के साथ मेरा भी जन्मदिन है, मेरे बेटे ने मुझे हवाई सेवा से घर भेजकर गिफ्ट दिया है। एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर बहुत खुशी हुई। मैं लड़कियों के लोकनृत्य में भी शामिल हुई। पीएम मोदी के साथ मेरा जन्मदिन भी अच्छे से सेलिब्रेट हो गया।

### स्वागत व लोकनृत्य अच्छा लगा : किम

**वियतनाम** से पहली बार हिमाचल पहुंची किम न्गान पदमा ने कहा कि मैं यहां आकर खुश हूं और एयरपोर्ट पर चल रही गतिविधियों को देखकर अच्छा लग रहा है। मैं यहां घूमने आई हूं, उम्मीद है जैसे स्वागत हुआ है, वैसे ही मेरी यात्रा सफल रहेगी।

### यात्री अच्छा अनुभव करें, यही प्रयास : धीरेंद्र

**कांगड़ा** एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कांगड़ा एयरपोर्ट यात्री सेवा दिवस मना रहा है। इस दिन के लिए यात्रियों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसमें तिलक से स्वागत के साथ हिमाचली लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया जा रहा है। कुछ यात्रियों ने नृत्य भी किया, यही हमारा प्रयास है कि यात्री यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम के जन्मदिन पर 52 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजयुमो जिला कांगड़ा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज लाइंस क्लब धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष भाजयुमो तपन मन्हास की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में रक्तदाताओं द्वारा 52 यूनिट रक्तदान किया गया, जो मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। इस अवसर पर सुलह के विधायक विपिन परमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मोदी का सेवा ही संगठन का मंत्र प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज सेवा हेतु प्रेरित करता है।

### बीमारी की जांच के लिए लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में कुपोषण रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से 8वां राष्ट्रीय पोषण माह गरली आंगनबाड़ी केंद्र से शुरू हुआ। बाल विकास परियोजना परागपुर के अधीन 364 आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरे एक माह तक पोषण संबंधी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के तहत महिलाओं के लिए बीपी, डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। पुरुषों को भी जागरूक कर उनकी जिम्मेदारी तय करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पोषण सुधार पूरे परिवार का साझा संकल्प बन सके।

### शहीद कैप्टन रमेश चंद को दी श्रद्धांजलि

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** 1965 भारत-पाक युद्ध में शाहपुर उपमंडल के गांव सद्दू के 25 वर्षीय कैप्टन रमेश चंद शर्मा ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। शहीद कैप्टन रमेश चंद शर्मा की याद में सद्दू गांव में बनाए गए स्मारक में हर साल उन्हें उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी जाती है। उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देवी ने गांव में यह शहीद स्मारक बनवाया है। सद्दू गांव के लोगों ने इस वीर सपूत को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। इस मौके पर विंग कमांडर अशोक शर्मा, डॉक्टर श्रीकांत लगवाल, सतीश शर्मा रिटायर्ड संस्कृत प्राध्यापक, कमलेश चंद शर्मा रिटायर्ड प्रिंसिपल आदि उपस्थित रहे।

### जनजातीय मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जनजातीय मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी के धर्मशाला आगमन के दौरान जनजाति मोर्चा जिला कांगड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया की अध्यक्षता में परिचय बैठक हुई। बैठक में मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा सुनील नेगी का स्वागत किया। बैठक में जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व चंद, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद कांगड़ा के अध्यक्ष सचिन शर्मा, जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष जिला कांगड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया, जिला के महामंत्री राकेश कुमार मंडल के अध्यक्ष विशाल नैहरिया व मंडल धर्मशाला के जनजाति अध्यक्ष विजय कपूर और महामंत्री प्रमोद पार्टी में पूर्व में रहे जिला अध्यक्ष श्याम पार्टी में रहे जनजाति मोर्चा के पूर्व में रहे दो बार के जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र, पूर्व सदस्य प्रदेश जनजाति मोर्चा पुरुषोत्तम, होशियार सिंह, प्रदीप शेट्टी, शशि कपूर शामिल हुए।

### प्रदेश में पुष्प खेती को नई दिशा देने की पहल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी), पालमपुर ने सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन के तहत प्रदेश में पुष्प खेती को नई दिशा देने की एक महत्वपूर्ण पहल की है। पिछले सप्ताह, संस्थान ने सोलन, मंडी, बिलासपुर, शिमला और हमीरपुर जिलों के किसानों को 1.66 लाख से अधिक कार्नेशन की पौध उपलब्ध कराई। यह पौध लगभग 1.5 हेक्टेयर भूमि पर लगाई जाएगी और इससे सीधे तौर पर 130 से अधिक किसानों को लाभ होगा। इस सहयोग से किसानों की अतिरिक्त आय होने का अनुमान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ आजीविका के नए अवसर खोलेगा।

### वॉलीबाल में युवा मंडल सुरानी बना विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कांगड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा विकास दिवस के अवसर पर विकास खंड देहरा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकास खंड देहरा के सुरानी खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक रविंद्र सिंह रवि ने भाग लिया। 100 मीटर रेस में विशाल विशोइया, थ्री लेग रेस में मनजीत तथा दिंवाशु, कबड्डी में युवा मंडल बग्घी, स्पून रेस प्रतियोगिता में तन्वी, वॉलीबाल में युवा मंडल सुरानी एवं रस्साकशी प्रतियोगिता में युवा मंडल खुडिंया ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में सभी विजेता तथा उपविजेता युवा मंडल सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

## निजी गाड़ियों में सवारियां ढोने वालों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी टैक्सी यूनियन ने विश्व चालक दिवस पर पंचरुखी टैक्सी स्टैंड में पंचरुखी पुलिस के साथ बैठक की, जिसमें थाना प्रभारी रामस्वरूप विशेष तौर पर उपस्थित रहे। टैक्सी चालकों ने कहा कि जो प्राइवेट गाड़ियों में सवारियां बैठा रहे हैं, उनको पकड़ने का अभियान
जारी रहेगा।

चालकों ने लोगों से अनुरोध किया कि थोड़े पैसे बचाने के चक्कर में प्राइवेट गाड़ियों में सफर न करें, क्योंकि अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो कोई क्लेम नहीं मिलेगा। थाना प्रभारी ने टैक्सी चालकों को हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करने व नशा करके गाड़ी न चलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पंचरुखी बाजार में बिना वजह टैक्सी खड़ी न करें, जिससे यातायात प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि जो लोग प्राइवेट गाड़ियों में सवारियां ढोते हैं, उन पर ट्रैफिक नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# कोटला में निजी बस चालकों की मनमानी के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

## तीन घंटे बंद रखा बाजार, कहा- मनमाने ढंग से सवारियों के उतारने से लगता जाम


कोटला फोरलेन मार्ग पर प्राइवेट बस चालकों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी।

शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान

**कोटला।** कोटला फोरलेन मार्ग पर प्राइवेट बस चालकों की मनमानी के विरोध में बुधवार को कोटला के व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए तीन घंटे तक बाजार बंद रखा।

व्यापार मंडल के आह्वान पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर आंदोलन का समर्थन किया। इस दौरान टनल (कोटला) चौक पर भारी संख्या में व्यापारी, स्थानीय लोग एवं टैक्सी यूनियन के सदस्य एकत्र हुए और प्राइवेट बस संचालकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। व्यापार मंडल प्रधान अरविंद गुप्ता ने कहा कि फोरलेन सड़क पर प्राइवेट बसें निर्धारित स्टॉप को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से सवारियां उतार रही हैं, जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को, बल्कि दुकानदारों को भी दिक्कत झेलनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### निजी बसों को कोटला बाजार से ही भेजा जाए

**पूर्व** प्रधान योगराज मेहरा ने मांग की कि प्राइवेट बसों को कोटला बाजार से ही भेजा जाए, ताकि बसें तय स्टॉप पर ही रुकें, ताकि यातायात नियंत्रित रहे और व्यापार पर कोई नकारात्मक असर न पड़े। उन्होंने कहा कि बाजार से होकर बसों के गुजरने से यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुकानों पर ग्राहक भी पहुंचते हैं और बाजार की रौनक कायम रहती है। सुमित महाजन ने कहा कि कोटला बाजार, जोकि क्षेत्र की 12 पंचायतों एवं जिला चंबा की दो पंचायतों का मुख्य बाजार है व हर दिन सैकड़ों लोग अपने तहसील, बैंक, डाकघर , आईटीआई, स्कूल, बिजली विभाग, जलशक्ति, पुलिस चौकी कार्यों के लिए आते हैं और निजी बसों के कोटला से न होकर जाने से परेशान होते हैं। लोगों ने हिमाचल सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि सभी बसों को वाया कोटला ही होकर भेजा जाए, ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े।

## बोर्ड पेंशनर संघ ने जताया 100 स्कूलों को सीबीएसई को सौंपने का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पेंशनर वेलफेयर संघ धर्मशाला ने राज्य के 100 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड को सौंपने के निर्णय का विरोध किया है। संघ के प्रधान सुरेंद्र चौधरी ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड देश के अग्रणी बोर्डों में शामिल है, जो 1969 से सुचारु रूप से परीक्षाओं का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनसीईआरटी की पुस्तकें ही पढ़ाई जा रही हैं, जो सीबीएसई में भी लागू हैं, ऐसे में बदलाव का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने चेताया कि यह निर्णय बोर्ड की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करेगा और कर्मचारियों व पेंशनरों की आजीविका संकट में आ सकती है। सुरेंद्र चौधरी ने सरकार से अपील की कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और बोर्ड की स्वायत्तता को बरकरार रखा जाए, ताकि इसका गौरवशाली इतिहास सुरक्षित रह सके।

## स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहें महिलाएं : डॉ. सुनीता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से इन दिनों स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों शाहपुर, देहरा और धर्मशाला में आयोजित हो रहे इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम का भी सराहनीय योगदान है।

विश्वविद्यालय की ओर से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अभी तक शाहपुर-देहरा में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में धौलाधार परिसर दो में पांचवें स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता बंसल और कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने शिरकत की। डॉ. सुनीता बंसल ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सचेत रहें। समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं। एक महिला को बहुत सारी भूमिकाएं निभानी होती हैं तो अगर उसका स्वास्थ्य ही ठीक नहीं होगा वो कैसे वह अपने आप को हर क्षेत्र में साबित कर पाएगी। वहीं, कुलपति प्रो. बंसल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश दिनरात उन्नति कर रहा है।


धौलाधार परिसर दो में पांचवें स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

## नेशन बिल्डर अवार्ड 2025 से नवाजे कांगड़ा के शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रोटरी क्लब ऑफ धर्मशाला व इन्नरव्हील क्लब धर्मशाला की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला में नेशन बिल्डर अवॅर्ड 2025 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने कहा कि आज के समय में पैसों के पीछे भागने की बजाय सरस्वती के लिए मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने स्तर पर पिता के नाम पर फाउंडेशन बनाकर बच्चों की शिक्षा के लिए मदद कर रहे हैं। इस दौरान दाड़ी स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. भवन शर्मा, सुधेड़ स्कूल से उमेश कुमारी, सिद्धबाड़ी स्कूल से मोनिका शर्मा, नगरोटा बगवां स्कूल के सोनिका शर्मा, दाड़ी स्कूल के अनीश प्रधान, ब्वाॅयज स्कूल धर्मशाला के रीना रानी, समलोटी स्कूल की आरती, ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला से विवेक जम्वाल, नौरा कॉलेज से प्रोफेसर मोनिका भारद्वाज, डाइट कांगड़ा धर्मशाला से मिलंत डोगरा, घनियारा खास से मनोज व नड्डी से प्रदीप कुमार को सम्मानित किया गया।

## मोदी का जन्मदिवस सेवा और समर्पण को समर्पित दिन : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। बिक्रम ने कहा कि मोदी का जन्मदिवस सेवा और समर्पण को समर्पित दिन है और पूरे देश में इस अवसर को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। देश का परम सौभाग्य है कि भारत को नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व मिला है। मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य को विकास का मॉडल बनाया और 2014 से प्रधानमंत्री रहते हुए भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था की श्रेणी में खड़ा किया।

## सशक्त नारी से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव : उपायुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** के डीआरडीए बैठक कक्ष में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिले में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले सशक्त नारी, सशक्त परिवार अभियान और 17 सितंबर से 16 अक्तूबर तक चलने वाले पोषण अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। डीसी ने कहा कि जब महिला सशक्त होगी, तभी परिवार, समाज और देश सशक्त बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीति और व्यवसाय, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी-अलग पहचान बनाई है।

यदि परिवार की महिला शिक्षित और जागरूक है, तो वह पूरे परिवार को आगे बढ़ने की राह दिखा सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में कमी सीधे तौर पर देश की उत्पादकता, शिक्षा और विकास को प्रभावित करती है। इसी संदर्भ में सरकार द्वारा पोषण अभियान 2.0 की शुरुआत की गई है। यह एक समेकित पोषण समर्थन कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य है माताओं, बच्चों और किशोरियों को संतुलित पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराकर कुपोषण के दुष्चक्र को तोड़ना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के पहले 3 वर्ष के दौरान उनके पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहती है। इस समय में बेहतर पालन पोषण मिलने से बच्चों के समग्र विकास में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष अवसर पर डीसी ने एक शिशु को अन्नप्राशन संस्कार करवाया। इस पहल का उद्देश्य समाज में बाल पोषण के महत्व को रेखांकित करना और माताओं को संदेश देना था कि जीवन के आरंभिक वर्षों में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

**कहा- जीवन के आरंभिक वर्षों में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक**

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में किया नवग्रह वाटिका रोपण


वाटिका में आक, पलाश, पीपल, गूलर के पौधे लगाए गए।

अनंत ज्ञान, परागपुर

**केंद्रीय** संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में ज्योतिष विभाग द्वारा नवग्रह वाटिका रोपण किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीमाल ने बताया कि परिसर की ज्योतिषशास्त्र विद्याशाखा में अध्ययनरत आचार्य कक्षा के छात्रों की ओर से नवग्रह वाटिका का रोपण किया गया।

वाटिका में आक, पलाश, खैर,अपामार्ग, पीपल, गूलर, शमी, दूर्वा एवं कुश आदि नवग्रहों के पौधे लगाए गए हैं। श्रीमाल के अनुसार उक्त समस्त पौधे किसी न किसी ग्रह से संबंधित हैं और इन्हें प्रतिदिन जल देने से लगभग समस्त ग्रह शांत रहते हैं एवं अनुकूल परिणाम देते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेड़ी एवं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के सहयोग से उक्त कार्य को गति प्रदान की गई। इस अवसर पर परिसर के समस्त विभागाध्यक्षों सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**खेलकूद** सुंदर टापू में एशिका प्रथम; एकल नृत्य में मास्टर सोबित तमंग प्रथम, मालवी रही द्वितीय

# पिट्ठू प्रतियोगिता में इंद्रु नाग क्लब विजेता

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

**श्री** इंद्रुनाग देवता के मैदान पटोला में सायर पर्व पर लोक परंपरा उत्सव भेड़े के मेले का आयोजन कर भगवान इंद्रुनाग देवता का गुणगान किया गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

पिट्ठू प्रतियोगिता में इंद्रुनाग क्लब कप्तान साक्षित, गितांश, पारस, अक्षित, अथर्व, सूर्योदय की टीम प्रथम और कप्तान पंकज, रोहित, आकाशदीप, अंकित, सूजल कंडल व आशुतोष द्वितीय रहे। सुंदर टापू प्रतियोगिता में एशिका विजेता व पलक उपविजेता रही। इसी तरह से पांच गिट्टियों की प्रतियोगिता में एशिका प्रथम व पलक द्वितीय रही।

एकल नृत्य में मास्टर सोबित तमंग ने प्रथम, मालवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सामूहिक नृत्य में स्थानीय नेपाली नृत्य प्रथम व सूर्योदय की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर विजेता धर्मशाला टीम व खनियारा उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर में सनराइस विजेता टीम, खनियारा टीम उप विजेता रही। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विपिन सिंह नेहरिया ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


सायर पर्व पर लोक परंपरा उत्सव भेड़े के मेले विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### बिंद्रा थापा को समाज उत्कृष्टता सम्मान

बिंद्रा थापा (88) को समाजसेवा के लिए समाज उत्कृष्टता सम्मान 2025 देकर सम्मानित किया गया। सूबेदार पुरुषोतम लाल, लोक गायक राजेश हैप्पी व विकास छेत्री, हास्य कलाकार व लोक गायक शाम सिंह को सम्मान 2025 देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विपिन नेहरिया ने विजेता व उपविजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृति को सहेजने व पारंपरिक खेलों को संजोने का कार्य जय इंद्रुनाग मंदिर सेवा समिति खनियारा की तरफ से किया जा रहा है, यह सराहनीय है। समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया इंद्रु नाग देवता ने खेलपात्र में मेले को बढ़ाने का आशीर्वाद दिया है। जनता को सुखशांति का आशीर्वाद दिया है। इस मौके पर बच्चों के लिए वंशिका ग्रुप की ओर से लंगर की भी व्यवस्था की गई।

## कृषि और पशुपालन कार्य के लिए किसानों को दी सलाह

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रसार शिक्षा निदेशालय, चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में किए जाने वाले मौसम पूर्वानुमान संबंधित कृषि एवं पशुपालन कार्यों के बारे में सलाह दी है, जो किसानों को लाभप्रद साबित होगी। धान की बालियां तथा फूल निकलने के समय खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। धान में नाइट्रोजन की अंतिम टॉप ड्रेसिंग, बाली बनने की प्रारंभिक अवस्था में 15 से 30 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से प्रयोग करें। मक्का की फसल में नर मंजरी निकलने की अवस्था एवं दाने की दूधियावस्था सिंचाई की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहां वर्षा नहीं हुई हो या नमी की कमी हो, तो सिंचाई अवश्य करें। मक्का की कटाई तब करें, जब भुट्टों के ऊपर की पत्तियां सूखने लगे तथा दाना सख्त हो जाए।

सोयाबीन व सूरजमुखी की फसल में वर्षा न होने की स्थिति में फूल व फली बनते समय आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें ।तिल की पत्तियां, जब पीली होकर गिरने लगे तथा फलियां हरा रंग लिए हुए पीली हो जाएं, तब समझना चाहिए कि फसल कटाई के लिए तैयार है। सब्जियों जैसे खीरा, घीया, तोरई, करेला एवं कद्दू के कच्चे व मुलायम फल की तुड़ाई कर बाजार भेजें। इन फसलों में निराई गुड़ाई के साथ उर्वरक का प्रयोग कर सिंचाई करें।

# रोबोटिक सर्जरी ने मरीजों और चिकित्सकों के लिए खोले नए द्वार: डॉक्टर महेंद्र राणा

**आज के चिकित्सा विज्ञान में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है, और रोबोटिक सर्जरी इस क्षेत्र की एक क्रांतिकारी उपलब्धि के रूप में उभर कर सामने आई है। टांडा मेडिकल कॉलेज में हाल ही में शुरू हुई रोबोटिक सर्जरी की सुविधा को लेकर अस्पताल में तैनात लेप्रोस्कोपी और रोबोटिक सर्जन डॉक्टर महेंद्र राणा से अनंत ज्ञान ने विशेष बातचीत की। उन्होंने रोबोटिक सर्जरी क्या है, इसके ऑपरेशन कैसे होते हैं, खर्चे, डॉक्टरों को ऑपरेशन में मिलने वाली सुविधा, सटीकता और सफलता की दर, साथ ही रोबोट का सर्जरी में असली रोल क्या होता है जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। पेश हैं इस बातचीत के मुख्य अंश।**





**डॉक्टर महेंद्र राणा से अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत**

**सवाल : सबसे पहले रोबोटिक सर्जरी के बारे में हमारे दर्शकों को बताएं?**

**जवाब :** देखिए, रोबोटिक सर्जरी एक तरह का उपकरण है जिसे रोबोट कहा जाता है। सबसे प्रसिद्ध रोबोट है 'द विंची रोबोट', जिसे इंट्यूटिव कंपनी बनाती है। रोबोटिक सर्जरी में तीन मुख्य पार्ट होते हैं-सर्जन कंसोल, पेशेंट कार्ट और विजन कार्ट। सर्जरी पूरी तरह से रोबोट नहीं करता, बल्कि डॉक्टर ही करता है। रोबोटिक इंस्ट्रूमेंट्स डॉक्टर के इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण में होते हैं। जैसे लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में इंस्ट्रूमेंट सीधे डॉक्टर के हाथ में होते हैं, वहीं रोबोटिक सर्जरी में डॉक्टर कंसोल पर बैठकर अपने हाथों की मूवमेंट को रोबोटिक आर्म्स में ट्रांसलेट करते हैं। इसमें कंप्यूटर तकनीक की मदद से हर मूवमेंट बहुत सटीक और स्थिर होती है। अगर हाथ में कोई जर्क या अनचाही हलचल होती है तो रोबोट उसे फिल्टर कर देता है, जिससे ऑपरेशन बेहद सुरक्षित और सफल होता है।

**सवाल : लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी में क्या अंतर है?**

**जवाब :** लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में डॉक्टर सीधे इंस्ट्रूमेंट को हाथ में लेकर ऑपरेशन करता है, जिसमें स्क्रीन पर 2डी इमेज दिखती है। इसके विपरीत, रोबोटिक सर्जरी में 3डी विजन होता है, जिससे गहराई, लंबाई और चौड़ाई का स्पष्ट आभास होता है। कंसोल में बैठकर हम ऐसा महसूस करते हैं जैसे हम मरीज के शरीर के अंदर बैठे हों। यह तकनीक हमें ऑपरेशन के दौरान सभी ऑर्गन और टिशू को बेहद स्पष्ट रूप में देखने और समझने में मदद करती है। इस कारण से हमें पता चलता है कि क्या काटना है और क्या नहीं, साथ ही मूवमेंट की डिग्री को भी कंट्रोल कर पाते हैं।

**सवाल : सामान्य और रोबोटिक सर्जरी में कितना अंतर होता है?**

**जबाव:** पहले की तरह खुली सर्जरी में 10-15 सेंटीमीटर का बड़ा चीरा लगाना पड़ता था। फिर आई लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जिसमें छोटे-छोटे पोर्ट लगाकर ऑपरेशन किया जाता है। रोबोटिक सर्जरी कंप्यूटरीकृत है, जिसमें छोटे और पतले पोर्ट लगते हैं, जो लेप्रोस्कोपिक से भी छोटे होते हैं। इसके पोर्ट 8 मिलीमीटर के होते हैं, जबकि लैप्रोस्कोपिक पोर्ट 12 और 5 मिलीमीटर के होते हैं। रोबोटिक आर्म्स की खासियत है कि वे 7 डिग्री तक घूम सकते हैं, जिससे पेल्विस या थोरेक्स जैसे कम जगह वाले हिस्सों में भी डॉक्टर आसानी से ऑपरेशन कर सकते हैं। यह डॉक्टरों के लिए ऑपरेशन को काफी आसान और सुरक्षित बनाता है।

**सवाल : आपकी डॉक्टरी यात्रा कैसी रही?**

**जवाब :** मैं मंडी जिले के सरकाघाट का रहने वाला हूं। पिता जी की ख्वाहिश थी कि मैं डॉक्टर बनूं, सो बन गए। मैंने टांडा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की और 2010 में पास आउट हुआ। फिर चार साल बगस्याड ब्लॉक में नौकरी की। इसके बाद आईजीएमसी शिमला में जनरल सर्जरी की पढ़ाई की। फिर कोरोना के दौरान एम्स दिल्ली से मिनिमम एक्सेस सर्जरी में सुपर स्पेशलाइजेशन किया। तीन साल की ट्रेनिंग के बाद मैं टांडा में वापस आ गया।

**सवाल : क्या रोबोट का कंट्रोल डॉक्टर के हाथ में होता है?**

**जवाब :** बिलकुल। रोबोट अपने आप एक भी कदम नहीं चल सकता। इसमें कंप्यूटर सिस्टम जरूर है, लेकिन सारी मूवमेंट डॉक्टर के हाथ से नियंत्रित होती है।

**सवाल : रोबोटिक सर्जरी का खर्चा कितना आता है?**

**जवाब :** रोबोटिक सर्जरी में करीब चार पोर्ट डाले जाते हैं और चार रोबोटिक आर्म्स इस्तेमाल होते हैं। एक आर्म की कीमत लगभग 50,000 से 55,000 रुपए होती है और इसे 12 से 15 बार तक इस्तेमाल किया जा सकता है। कुल मिलाकर एक ऑपरेशन की कीमत 50 से 60 हजार रुपए के बीच आती है। यदि मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हो तो सरकार मदद करती है।

**सवाल : रोबोटिक उपकरणों का रखरखाव कैसे होता है?**

**जवाब :** कंपनी के तकनीशियन और हमारे ओटी असिस्टेंट्स मशीन की देखभाल करते हैं। उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे मशीन को सही तरीके से संभाल सकें।

**सवाल : क्या रोबोटिक सर्जरी कैंसर जैसे गंभीर रोगों में भी उपयोगी है?**

**जवाब :** हां, बिलकुल। कैंसर में लिंफ नोड्स को निकालना बहुत जरूरी होता है जो कई बार बेहद नाजुक जगहों पर होते हैं। रोबोटिक तकनीक से हम उन्हें बहुत ही सावधानी और सटीकता से निकाल पाते हैं, जिससे बीमारी की पूरी तरह क्लीयरेंस होती है।

**सवाल : लोग अभी भी रोबोटिक सर्जरी को लेकर भ्रमित हैं, क्या कहेंगे?**

**जवाब :** रोबोटिक सर्जरी लेप्रोस्कोपिक और ओपन सर्जरी की तुलना में बेहतर है। हां, इसकी एक बड़ी बाधा है खर्च, क्योंकि यह उपकरण अभी भारत में नहीं बन रहे और आयातित होते हैं, इसलिए महंगे हैं, लेकिन जैसे-जैसे देश में रोबोट बनेंगे, कीमतें घटेंगी और यह ज्यादा सुलभ होगा। वर्तमान में भी कई प्रयास चल रहे हैं। भविष्य रोबोटिक सर्जरी का है। या यूं कहें कि रोबोटिक सर्जरी ने मरीजों और चिकित्सकों के लिए नए द्वार खोल दिए हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

**सवाल : पढ़ाई के बाद आपको रोबोटिक सर्जरी का कितना अनुभव मिला?**

**जवाब :** एम्स दिल्ली में मैंने कई रोबोटिक ऑपरेशन किए हैं, जहां इसका रिस्पांस बहुत अच्छा रहा। ऑपरेशन के दौरान सब कुछ साफ नजर आता है, ब्लीडिंग भी कम होती है, जिससे सर्जरी ज्यादा सुरक्षित और सफल होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान कैंपेन शुरू

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सूरियां डॉ. अमन दुआ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरोटा सूरियां से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान कैंपेन शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। कैंपेन में खंड नगरोटा सूरियां के सभी स्वास्थ्य संस्थान में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 100 महिलाओं का हर बीमारी की जांच की जाएगी। खून जांच, बीपी, शुगर, बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर, क्षयरोग की भी स्क्रीनिंग की जाएगी।

### देहरा में पीएम के जन्मदिन पर 87 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, देहरा।** भाजपा जिला देहरा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निरंकारी भवन देहरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय खन्ना की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर, पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि तथा पूर्व विधायक होशियार सिंह ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। वहीं, 87 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

### बढलठोर में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत किशोरों, महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत बुधवार को वृत्त बढलठोर के समस्त 23 आंगनबाड़ी केंद्रों से की गई। एक माह तक महिलाओं के लिए बीपी, मधुमेह, और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

### बाबा विश्वकर्मा जयंती पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अपर स्वाणा गांव में बाबा विश्वकर्मा जयंती पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें गांव के लोगों ने हिस्सा लिया। भंडारे में कुंदन लाल, राकेश कुमार, शिव स्वरूप, मनोज कुमार, होशियार सिंह, कमलजीत, अश्विनी कुमार, रमन कुमार, कार्तिक, प्रवेश, रमन शर्मा, संदीप कुमार, ओम प्रकाश, अभिषेक, आयुष, अंश और राजेश कुमार ने दिनभर सेवा भाव से काम किया।

### पीएम मोदी के बर्थडे पर बांटे मरीजों को फल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर शाहपुर भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। शाहपुर में इसका शुभारंभ करते हुए भाजपा नेता कमल कुमार शर्मा ने सिविल शाहपुर हस्पताल में जाकर मरीजों और तीमारदारों सहित स्टाफ को फल और जूस बांट कर शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा से अरुण कौशल, रिपन चौधरी, कैप्टन पवन चौधरी, सुशील शर्मा, शिव चौधरी और प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

### 9 अक्तूबर तक बंद रहेगा चनौर-टियामल मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जानकारी दी है कि लोक निर्माण विभाग उपमंडल डाडासीबा द्वारा चनौर-टियामल सड़क की अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त सड़क को सभी प्रकार के वाहनों के लिए 10 सितंबर, से 9 अक्तूबर तक बंद रखने की अनुमति प्रदान की गई है। इस अवधि में यातायात को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा। वाहन चालक आरा चैक से जौरबर रोड होते हुए कांतोल-धौला-स्वाना खड्ड मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

### कौना स्कूल में विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय थुरल की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। एक छात्रा एनिमिक पाई गई। चिकित्सकों ने आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर तक चलाया जाएगा।

### धर्मशाला में 100 पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में 19 सितंबर को हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड हरिद्वार प्लांट (उत्तराखंड) द्वारा रोजगार साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार में 10वीं एवं आईटीआई (एनसीवीटी, एससीवीटी) उत्तीर्ण वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। लड़कों व लड़कियों के कुल 100 पद भरे जाएंगे। 18 से 26 वर्ष के युवक व युवतियां भाग ले सकती हैं। चयनित युवाओं को ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, कैंटीन, यूनिफॉर्म, जूते एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और उनका मासिक वेतन 24,933 रुपए रहेगा और हैड सैलरी 17,247 रुपए रहेगी।

### मतेहड़ में सात दिवसीय भागवत कथा संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नौरा पंचायत के गांव मतेहड़ में सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक सनन्थ कुमार दास ने गीता उपदेश का वर्णन किया। कथावाचक ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता माता के अयोध्या वापस आने पर अयोध्या में उनके स्वागत में दीपावली मनाए जाने की कथा का वर्णन किया। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को सनातन शिक्षा देने और बच्चों को अनुशासित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर पंचायती सुधार सभा के प्रधान ध्यान सिंह ने बताया कि वीरवार को कमेटी की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बीड़ बिलिंग की टेक ऑफ साइट पर की सफाई

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ एवं सहायक आयुक्त साडा बीड़-बिलिंग संकल्प गौतम ने बताया कि बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग आरंभ होने के दृष्टिगत टेक ऑफ साइट बिलिंग में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 20 बैग प्लास्टिक, टेट्रापैक व अन्य कचरा एकत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि बीड़ बिलिंग विश्वस्तरीय पैराग्लाइडिंग स्थल होने के साथ-साथ पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण केंद्र है। अभियान में एनजीओ वेस्ट वारियर्स, स्थानीय युवाओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर एनजीओ वेस्ट वारियर्स के वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक भंगालिया, साडा पैराग्लाइडिंग के सुपरवाइजर रणविजय, मार्शल कुलदीप, विनोद, पंकज, राजेश, बलवीर, प्रदीप एवं दीपचंद उपस्थित रहे।

### राकेश पठानिया ने बांटी 200 राहत किटें

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के मंड-रियाली में पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश पठानिया ने पौंग बांध के पानी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने लगभग 200 राहत किट वितरित की और कहा कि भाजपा हर घर तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। पठानिया ने कांग्रेस सरकार पर राहत कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार से भरपूर मदद मिलने के बावजूद राज्य सरकार उसे जनता तक पहुंचाने में नाकाम रही है।

# धर्मशाला में फोन पर बातचीत अब वंदे मातरम् के साथ होगी शुरू

## सुधीर शर्मा बोले- हेलो-हेलो की बजाय भारतीय बोलेंगे वंदे मातरम्

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**धर्मशाला** में एक अनोखी पहल की नींव पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने रखी है। उन्होंने कहा कि फोन उठाते समय अब लोग हेलो-हेला की बजाय शान से वंदे मातरम् कहेंगे।

युवाओं के बीच पहले से ही वंदे मातरम् बहुत अधिक प्रिय है और वह इसका प्रयोग अभिभावन के तौर भी करते हैं। उन्होंने कहा कि अब फोन पर बातचीत करने से पहले भी इससे संबोधन होने से एकता व राष्ट्रीयता की झलक देखने को मिलेगी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर (सेवा पखवाड़ा) के शुभारंभ मौके पर लिया गया है, जिसका उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने इस पहल को शुरू करने के पीछे का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह निर्णय देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना को जगाने और उन्हें अपने देश के प्रति गर्व महसूस कराने के लिए लिया गया है। इस पहल से देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत होगी।

वंदे मातरम् एक देशभक्ति गीत है, जो बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया था और इस गीत व वाक्य ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इतना ही नहीं समस्त भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया था। सुधीर की इस अनोखी पहल से धर्मशाला के लोगों में देशभक्ति की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इसका शुभारंभ करने की सोच भी युवाओं को देखकर ही उन्हें मिली है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत ग्लोबल लीडर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में करने से युवाओं से उन्हें बहुत उत्साह व संदेश मिल रहे हैं।

## स्कूलों को स्थानांतरित करने के विरोध में आज बनाई जाएगी रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार द्वारा 100 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में स्थानांतरित करने के विरोध में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी लगातार लामबंद है। इसी कड़ी में बुधवार को संघ की आपात बैठक बुधवार को अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड परिसर में आयोजित की गई।

बैठक में 15 सितंबर को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 100 सरकारी स्कूलों को प्रदेश शिक्षा बोर्ड से सीबीएसई में स्थानांतरित करने के फैसले पर विरोध जताया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि वीरवार को संघ की ओर से भोजनावकाश के दौरान जनरल हाउस का आयोजन कर इस संबंध में आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

## हैप्पी बर्थडे



कुठियाड़ी (अंब) के जक्श रेहल (राधे) को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मस्सल की वेदिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सांसद इंदु ने किया मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**स्वस्थ** नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ में मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का उद्घाटन राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने किया।

यह स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। सांसद ने ओपीडी और अस्पताल की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा मरीजों को फल सामग्री बांटी गई।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां होंगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान बनाने के लिए मातृ व शिशु कार्ड प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन, आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड, पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा।

### नारी शक्ति को समर्पित रहा पीएम मोदी का जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत दिए गए लाइव संबोधन को राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने संगठनात्मक जिला पालमपुर की टीम के साथ नागरिक अस्पताल पालमपुर में सुना। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत सिविल अस्पताल पालमपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद इंदु गोस्वामी ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जन्मदिन नारी शक्ति को समर्पित रहा। सांसद ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया। वहीं, गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री वितरित की।

## कोठीबंडा में कुएं में मिला व्यक्ति का शव

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस थाना जवाली के अधीन पंचायत कोठीबंडा में एक व्यक्ति का शव कुएं में तैरता हुआ मिला है। मृतक की पहचान सतपाल (51) पुत्र रणीया राम निवासी स्वारका के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सतपाल रोजमर्रा की भांति दोपहर को खाना खाकर दिहाड़ी के लिए घर से निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचा, तो उसकी तलाश शुरू की। कुएं में उसका शव तैरता हुआ मिला। इसकी सूचना पंचायत प्रधान मनप्रीत कौर को दी गई तथा उन्होंने पुलिस चौकी कोटला में सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसएचओ जवाली प्रीतम जरियाल ने पुष्टि की है।

## देहरी कॉलेज में 30 यूनिट रक्त किया एकत्र

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर के अंतर्गत स्थित वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्लबों और इकाइयों के स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार ने भी रक्तदान कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## दीपक पहलवान ने जीता सायर मेले का दंगल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के सायर मेले की दंगल प्रतियोगिता में बणी हमीरपुर के पहलवान दीपक ने खिताब अपने नाम किया। उन्होंने रोहतक, हरियाणा के पहलवान टिक्कूको हराया। दंगल का शुभारंभ पूर्व कामगार कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने किया। उन्होंने दंगल कमेटी को 21,000 रुपए अंशदान स्वरूप भेंट किए। विजेता दीपक को 41,000 व उपविजेता टिक्कू को 31,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इस आयोजन में प्रदेश और अन्य राज्यों से आए पहलवानों ने भाग लिया और अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## धर्मशाला के 12 वार्डों में 21 से चलेगा रेबीज टीकाकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत को वर्ष 2030 तक रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में चल रहे राष्ट्रव्यापी रेबीज एक्शन वीक में धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू भी शामिल हो गया है। धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू 21 सितंबर से अपना वार्षिक एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर शुरू कर रहा है और 1 अक्तूबर तक अधिक से अधिक कुत्तों का टीकाकरण जारी रखेगा। यह शिविर धर्मशाला नगर निगम के वार्ड संख्या 6 से वार्ड संख्या 17 तक फैला होगा और बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण और समुदायों में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू की सामुदायिक सहभागिता प्रबंधक हिमानी नेगी ने बताया कि रेबीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह अभियान लक्षित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण को प्राथमिकता देगा।

## धर्मशाला कॉलेज में इंटर फैकल्टी क्विज स्पर्धा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के समाज शास्त्र और भूगोल विभाग द्वारा इंटर फैकल्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. नरेश कुमार धीमान, समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष ने मुख्य तिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि आज समाज शास्त्र और भूगोल विभाग मिलकर इस भव्य इंटर फैकल्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। चयनित छात्र शेखर कुमार, योगिता शर्मा, गणेश कुमार यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। महाविद्यालय प्रशासन तथा विभागाध्यक्ष ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

## एबीवीपी की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 12 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। यह प्रतियोगिता आगामी 12 अक्तूबर को पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित होगी। एबीवीपी की प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी, जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा अवधि डेढ़ घंटे की होगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुल्क 30 रुपए प्रति विद्यार्थी निर्धारित किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया 22 सितंबर से 6 अक्तूबर 2025 तक चलेगी। परिणामों की घोषणा जिलास्तर पर 31 अक्तूबर तक और प्रांत स्तर पर 10 नवंबर को की जाएगी। पुरस्कार राशि में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार, तृतीय 15 हजार व तीन प्रोत्साहन पुरस्कार 11-11 हजार रुपए होंगे। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार तथा तीन प्रोत्साहन पुरस्कार 1100-1100 रुपए रखे गए हैं। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

## 21 घंटे में 10 घर और 64 गोशालाएं क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में पिछले 24 घंटों में बारिश से 10 कच्चे घरों सहित 64 गोशालाएं पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पक्का मकान तथा 48 कच्चे मकानों को हल्का नुकसान हुआ है। जिले में एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हुई है। इस तरह जिले में 61 लाख का नुकसान आंका गया है। जिले में अब तक 57 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 603 करोड़ से अधिक का नुकसान सरकारी और निजी संपत्ति को हो चुका है। 20 जून से 17 सितंबर तक वर्षा से जिले में कुल 603 करोड़ से अधिक का नुकसान आंका गया है। 492 पशुधन भी काल का ग्रास बने। जिले में अब तक 203 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए, जबकि 27 पक्के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1191 कच्चे एवं 135 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। इसके अलावा, 1588 गोशालाएं, 80 श्रमिक शेड, रसोईघर, बाथरूम, डंगे और 36 दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं।

## विधायक मलेंद्र राजन ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



विधायक मलेंद्र राजन ने लोगों को दिया तटबंध निर्माण का आश्वासन।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने सुरडवां, मलकाना, मंड सनौर और पराल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

लोगों ने विधायक से ब्यास नदी का पानी रिहायशी क्षेत्रों में घुसने की समस्या उठाई और तटबंध (धुसी) निर्माण की मांग की। इस पर विधायक ने मौके पर ही उपायुक्त कांगड़ा से बात कर तटबंध निर्माण को लेकर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से भी कहा कि वे शीघ्र ही आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित विभाग को उपलब्ध करवाएं, ताकि तटबंध निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए और इसे समयबद्ध तरीके से शुरू किया जा सके। विधायक ने कहा कि नुकसान का आकलन तेजी से किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शी और त्वरित सर्वेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत व पुनर्वास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सरकार जनता के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ कई कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## पौंग का जलस्तर 1,395 .24 फुट पहुंचा, खतरे का निशान पार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** बांध का जलस्तर लगातार खतरे के निशान को पार गया है। बीते मंगलवार सुबह 9 बजे जलस्तर 1,393.88 फुट दर्ज किया गया था, जबकि बुधवार को सुबह 7 बजे यह बढ़कर 1,395.19 फुट और दोपहर तक 1,395.24 फुट तक पहुंच गया। यह स्तर बांध के खतरे के निशान 1,390 फुट से लगभग 5 फुट अधिक है। इनफ्लो में भारी बढ़ोतरी हुई है और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है। बीबीएमबी प्रशासन ने बताया कि जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए बांध से पानी का नियंत्रित रूप से निकासी की जा रही है। मंगलवार को दोपहर 4 बजे तक जलस्तर 1,394.79 फुट और शाम 5 बजे 1,394.85 फुट तक पहुंच गया था। स्पिलवे से 42,953 क्यूसेक और टरबाइन से 16,942 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। कुल आउटफ्लो 59,895 क्यूसेक दर्ज किया गया। 17 सितंबर को सुबह 7 बजे जलस्तर 1,395.19 फुट, इनफ्लो 74,910 क्यूसेक और आउटफ्लो 59,845 क्यूसेक रहा। दोपहर तक जलस्तर 1,395.24 फुट तक पहुंचा। हालांकि, इनफ्लो में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की गई, जिससे जलस्तर में स्थिरता आने के संकेत हैं।



### इंदौरा व फतेहपुर क्षेत्र में आज छुट्टी घोषित

**पौंग** बांध के बढ़ते हुए जलस्तर और बांध से छोड़े जा रहे पानी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इंदौरा और फतेहपुर के मंड क्षेत्र सहित संभावित रूप से प्रभावित इलाकों में वीरवार को भी छुट्टी दे दी है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और सतर्क रहने की अपील की है।

## टोंटा में रास्तों की बहाली से ग्रामीणों को राहत

**अनंत ज्ञान, देहरा।** भारी बारिश से देहरा विधानसभा क्षेत्र की टोंटा पंचायत के रास्ते तीन महीनों से बंद पड़े थे, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पंचायत प्रधान ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुकृत सागर से मदद मांगी, जिन्होंने तुरंत जेसीबी भेजकर तीनों रास्तों को वाहन योग्य बनवाया। ग्रामीणों ने डॉ. सुकृत सागर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## दलाईलामा ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में दलाईलामा ने लिखा कि भारत में सबसे लंबे समय तक रहने वाले अतिथि के रूप में मैंने पिछले कुछ वर्षों में हुए दूरगामी विकास और समृद्धि को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। मैं आपको हाल के दिनों में आपके बढ़ते आत्मविश्वास और शक्ति के लिए बधाई देता हूं। भारत की सफलता वैश्विक विकास में भी योगदान देती है। मैं स्वयं को भारत का एक गौरवशाली संदेशवाहक मानता हूं और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के उल्लेखनीय और गहन धार्मिक बहुलवाद के लिए नियमित रूप से अपनी प्रशंसा व्यक्त करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ की कार्रवाई तेज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए इस हफ्ते दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पुलिस थाना झंडूता के प्रभारी अश्वनी ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक अनुपम शर्मा की अगुवाई में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गेहड़वीं क्षेत्र के बैरी मियां में अवैध खनन कर सामग्री ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा। माइनिंग एक्ट के तहत दोनों ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने क्षेत्र में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और अवैध खनन पर और सख्ती की मांग की है। वहीं, डीएसपी मनीष चौधरी ने बताया कि झंडूता पुलिस ने एक हफ्ते में दो ट्रैक्टरों को अवैध खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा है और कार्रवाई जारी है।

### आयुर्विज्ञान संस्थान में विविध गतिविधियां आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) डीएन शर्मा के कुशल नेतृत्व में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश से किया गया, जिसका सीधा प्रसारण एम्स बिलासपुर के ओपीडी परिसर में रोगियों व उनके परिजनों तथा शैक्षणिक ब्लॉक में संकाय एवं कर्मचारियों के लिए किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र, मारकंड में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सामुदायिक एवं परिवार चिकित्सा, बाल रोग तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के संकाय सदस्यों, रेसिडेंट्स एवं इंटर्स ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मारकंड के सहयोग से विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित सेवाएं प्रदान की। शिविर में कुल 56 लाभार्थियों की जांच की गई, साथ ही गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व सेवाएं व टीकाकरण सेवाएं दी गई। पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने शिविर का दौरा किया और अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### कमेटी ने एसडीएम आर्शिया को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** माता नेरसा देवी लंगर कमेटी द्वारा झंडूता की उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) अर्शिया शर्मा को उनके प्रशासनिक सहयोग व सामाजिक योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लंगर कमेटी के सदस्य सुमन कुमार, मस्त राम और सोनू भी उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्य मस्त राम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता नेरसा देवी में आयोजित तीन दिवसीय सायर मेलों के पावन अवसर पर अटूट लंगर की व्यवस्था की गई है। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने कमेटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### नर सेवा नारायण सेवा समिति ने दानियों का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नर सेवा नारायण सेवा समिति गेहड़वीं की मासिक बैठक प्रकाश चंद धीमान की अध्यक्षता में नर सिंह मंदिर जज्जर (कल्याड़े) में संपन्न हुई, जिसमें संस्थापक कृष्ण सिंह चंदेल, सचिव पवन चंदेल, सह सचिव शंकर दास, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, सलाहकार प्रताप चंदेल, सदस्य ओंकार सिंह, विनोद चंदेल, किशोरी लाल, अनूप चंदेल, उपस्थित हुए। बैठक में 7 सितंबर को समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दान करने वाले सज्जनों को समिति सदस्यों द्वारा दूध तथा फल इत्यादि प्रदान करने तथा समिति के सह सचिव शंकर दास नड्डा द्वारा उपस्थित रक्त दानियों, मेडिकल टीम के सदस्यों व अन्य उपस्थित सदस्यों को भोजन की व्यवस्था करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। बैठक में राज्य सहकारी बैंक गेहड़वीं के प्रबंधक रमेश चंद नड्डा ने भी समिति की सदस्यता ग्रहण की। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा जुगल किशोर पुत्र स्व. सीता राम गांव हीरापुर डॉ. औहर को 6000 रुपए का चेक आर्थिक सहायता के रूप में भेंट किया गया।

### बिलासपुर कॉलेज के प्राचार्य को मिली मिनिएचर ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में लगातार तीन बार प्रथम पुरस्कार लाने के कारण प्राचार्य को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम निदेशालय शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ने 'छठा वार्षिक खेल पारितोषिक वितरण समारोह 'आयोजित किया था और यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. महावीर सिंह के द्वारा उन्हें ये मिनिएचर ट्रॉफी प्रदान की गई।

### नयनादेवी मंदिर में आश्विन नवरात्र मेला 22 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक आश्विन नवरात्र मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर न्यास आयुक्त एवं उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम स्वारघाट को मेला अधिकारी तथा एसएचओ कोट को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। आश्विन नवरात्र मेलों के दौरान मेला क्षेत्र को 9 सेक्टरों में विभाजित कर 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाएगी। मेले के दौरान पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए आयुर्वेदिक विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी तथा स्वास्थ्य सहायता कक्ष को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में सेफ्टी ऑडिट करवाकर उसका प्रमाणपत्र शीघ्र मंदिर अधिकारी को उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोदी के जन्मदिवस पर संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** चेतना संस्था हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) बिलासपुर द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यालय विजयपुर में किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम झंडूता आर्शिया शर्मा मुख्य अतिथि और जन शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा विशेष अतिथि रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पौधरोपण से हुई। इसके बाद चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान में भाग लिया। इस अवसर पर चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, सुरेश नड्डा, नीना कौशल, शैलजा शर्मा, कश्मीर सिंह ठाकुर और निदेशक अरुण कुमार गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आपसी रंजिश बनी समतैहन मंदिर मार्ग में बाधा, श्रद्धालु हो रहे परेशान

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समतैहन गांव का ठाकुरद्वारा मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है। रोजाना यहां सैकड़ों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर तक पहुंचने वाला मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल है। सड़क की टूटी-फूटी हालत श्रद्धालुओं के लिए मुसीबत बनी हुई है।



सड़क की खस्ताहालत का दृश्य।

लोक निर्माण विभाग ने कई बार इस मार्ग को दुरुस्त करने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय निवासियों की आपसी रंजिश हर बार आड़े आ जाती है। जैसे ही विभागीय कर्मचारी काम शुरू करने मौके पर पहुंचे, विवाद खड़ा हो गया और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अक्षर सिंह ने बताया कि हमने कई बार कर्मचारियों को मौके पर भेजा। मैं स्वयं भी वहां गया और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। स्थानीय विवाद और विभाग की असमर्थता का खामियाजा सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं को उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मंदिर मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि उन्हें अपनी धार्मिक आस्था पूरी करने में कठिनाई न हो।

# हिमाचल का दिल 'बिलासपुर' बनेगा सुरक्षित एयरो स्पोर्ट्स हब

## जिला स्तरीय समिति का बड़ा फैसला-पैराग्लाइडिंग गतिविधियों से पहले अनुमति जरूरी

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



बचत भवन में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त राहुल कुमार, साथ हैं अन्य गणमान्य।

**बिलासपुर।** बिलासपुर को अब सुरक्षित और व्यवस्थित एयरो स्पोर्ट्स हब बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए गए हैं। उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बचत भवन में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले में किसी भी प्रकार की पैराग्लाइडिंग गतिविधि या प्रशिक्षण शिविर शुरू करने से पहले समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि केवल वही पायलट उड़ान भर सकेंगे जिनके पास मान्य लाइसेंस, बीमा और बंधपत्र होंगे, साथ ही हिमाचल प्रदेश एयरो स्पोर्ट्स विनियमन अधिनियम, 2022 के तहत बचाव उपकरणों और ग्लाइडरों की जांच भी अनिवार्य होगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन स्थानीय युवाओं को पायलट प्रशिक्षण दिलाने में सहयोग करेगा। शुरुआती दौर में प्रत्येक बैच से एक

**युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण व रोजगार**

पायलट को आर्थिक मदद दी जाएगी ताकि बिलासपुर के अधिक से अधिक युवा एयरो स्पोर्ट्स से जुड़कर रोजगार हासिल कर सकें।

उन्होंने बताया कि 15 सितंबर से 1 अक्तूबर तक अभिमास मनाली द्वारा उन्नत पायलट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक पेशेवर पायलट और जम्मू-कश्मीर से 20 पायलट भाग लेंगे। वहीं 12 से 15 अक्तूबर तक पुणे की एक संस्था भी बिलासपुर में प्रशिक्षण शिविर लगाएगी। डीसी राहुल कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि बिलासपुर को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित एयरो स्पोर्ट्स केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें, बल्कि पर्यटन को भी नया आयाम मिले। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया, जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा, अभिमास संस्थान मनाली के प्रभारी गिमौर सिंह, कलूर पैराग्लाइडिंग संघ के अध्यक्ष पुनीत चंदेल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिलासपुर में पैराग्लाइडिंग के नए अवसर

**15 सितंबर से एक अक्तूबर :** अभिमास मनाली द्वारा उन्नत पायलट प्रशिक्षण, 70 से अधिक पायलट होंगे शामिल
**12 से 15 अक्तूबर :** पुणे की संस्था का प्रशिक्षण शिविर
प्रत्येक बैच से एक स्थानीय प्रशिक्षु पायलट को आर्थिक मदद
लाइसेंस, बीमा और उपकरण जांच अनिवार्य
सुरक्षित एयरो स्पोर्ट्स से पर्यटन और रोजगार दोनों को मिलेगा बढ़ावा

## बिलासपुर की मॉडल संगीता सोनी बनीं साइबर क्राइम का शिकार

**मिसेज इंडिया 2025 ने दर्ज करवाई एफआईआर, कहा-मेरे फोटो से की छेड़छाड़**

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

बिलासपुर जिले की जानी-मानी मॉडल और मिसेज इंडिया 2025 का खिताब जीत चुकी संगीता सोनी इन दिनों एक बड़ी परेशानी का सामना कर रही हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में जहां एक ओर लोग लोकप्रियता हासिल करते हैं, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में संगीता सोनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर 'शादी डॉट कॉम'नाम से बनाए गए एक ग्रुप में उनके फोटो के साथ छेड़छाड़ की गई और गलत तरीके से प्रयोग किया गया।

संगीता सोनी ने बताया कि उनकी अनुमति के बिना उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर उनमें एडिटिंग की गई और उन्हें भ्रामक तरीके से सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर फैलाया गया। उन्होंने इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश करार देते हुए कहा कि यह कृत्य न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि कानूनन अपराध भी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संगीता सोनी ने तुरंत बिलासपुर साइबर सैल क्राइम ब्रांच मामला दर्ज करवा दिया है। उन्होंने मांग की है कि साइबर अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई और महिला इस तरह के अपराध का शिकार न बने। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर किसी को सोशल मीडिया का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी पहचान और मेहनत से जुड़ी तस्वीरों को गलत तरीके से इस्तेमाल करना न सिर्फ मेरे लिए आघात है, बल्कि समाज की महिलाओं के लिए भी एक खतरे का संकेत है। मैं चाहती हूं कि कानून इस मामले में सख्त रुख अपनाए।

घटना सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों और चाहने वालों में गहरा रोष है। लोग सोशल मीडिया पर उनके समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संगीता सोनी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत पर साइबर सैल की मदद से गहन जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों को जल्द ही बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वस्थ नारी से ही सशक्त बनता है परिवार : धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ पर राजेश धर्माणी।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मां का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की नींव है। वह घुमारवीं सिविल अस्पताल में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। यह अभियान 2 अक्तूबर तक चलेगा।

मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वस्थ जीवनशैली, योग, व्यायाम और सादा भोजन पर बल देते हुए उन्होंने लोगों से कीटनाशकों और रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से बचने की अपील की। धर्माणी ने बताया कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े सुधार कर रही है। शिमला व टांडा में रॉबोटिक सर्जरी शुरू की गई है, हाईटेक लैब पर 300 करोड़ खर्च हो रहे हैं और 28 डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

घुमारवीं अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। अभियान के दौरान महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें होंगी और रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मंत्री ने महिलाओं को अभियान से जुड़ने की शपथ भी दिलाई।

## भाजयुमो के रक्तदान शिविर में उमड़ा जोश, 75 यूनिट रक्त एकत्र

**भाजपा नेता बोले-पीएम ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा की बिलासपुर इकाई ने बुधवार को रौड़ा सेक्टर स्थित भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 75 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, विधायक रणधीर शर्मा (नयना देवी), जीतराम कटवाल (झंडूता), त्रिलोक जम्वाल (सदर), पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल, प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यान, युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर, जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में देश विश्व पटल पर मजबूत पहचान बना चुका है। उन्होंने रक्तदान को बिलासपुर से बड़ा दान बताते हुए कहा कि ऐसे शिविर न केवल मानवीय संवेदनाओं को बल देते हैं, बल्कि युवाओं को समाज सेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं।

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं, जिन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर हमेशा सेवा और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज का युवा समाज और देश के लिए जीने का संकल्प ले चुका है और यही विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला है। इसके बाद जीतराम कटवाल ने झंडूता की घराण पंचायत के पीरथान में आयोजित दंगल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि दंगल जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण संस्कृति, भाईचारे और परंपरा के प्रतीक हैं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष अनिल चंदेल, महामंत्री कमल चौहान, प्रवक्ता हरीदास चौहान, उपप्रधान प्यार चंद शर्मा, पूर्व प्रधान जगदीश कुमार, शमशेर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अलीखड्डु पुल पर हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर-घुमारवीं सड़क पर अलीखड्डु पुल के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार 54 वर्षीय नंदलाल निवासी सुंगल अपने 15 वर्षीय बेटे दिनेश के साथ मोटरसाइकिल पर घुमारवीं जा रहा था। इसी दौरान अचानक सामने आए एक बेसहारा पशु से टकराकर दोनों पुल पर गिर पड़े।

राहगीरों ने तुरंत उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नंदलाल को मृत घोषित कर दिया। बेटे का इलाज जारी है। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना सदर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संदीप सांख्यान बोले- आपदा में हलवे बांटकर क्या छुपा रहे हैं?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व प्रदेश मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को कठोर शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि जब प्रदेश आपदा की चपेट में है और लोगों के घरों के चूल्हे बुझ रहे हैं, तब भाजपा के नेता हवन यज्ञ और हलवे बांटकर सार्वजनिक भावनाओं पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या ऐसे समय में जन्मदिनों को राष्ट्रीय उत्सव बनाना वाजिब है। (प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा बताया जा रहा है।)

संदीप सांख्यान ने भाजपा नेताओं पर लक्षित बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के कुछ नेता मानसिक रूप से दिवालिया हो चले हैं और वे आपदा के समय कटाक्ष कर रहे हैं, जो उनके अनुसार भाजपा की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा का नाम लेकर करवाए जा रहे आयोजनों में सियासत झलकती है, जबकि सेवा का असली उद्देश्य आम जन तक वास्तविक मदद पहुंचाना होना चाहिए।

## अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाए सरकार : अजय

अनंत ज्ञान, शाहतलाई

दसलेहड़ा पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा ने हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेशभर में अवैध कब्जों को हटाने के दिए गए आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से इस मुद्दे पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश निःसंदेह सर्वोपरि हैं और सभी के लिए मान्य भी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि हिमाचल प्रदेश में हजारों परिवार ऐसे कब्जों में रह रहे हैं, जहां उन्होंने वर्षों की मेहनत, पूंजी और संसाधनों से अपने घर बनाए हैं।

इनमें कई लोगों ने मवेशियों के लिए आश्रय स्थल बनाए हैं और पूरी तरह इन्हीं स्थानों पर निर्भर होकर जीवन यापन कर रहे हैं। उपप्रधान ने बताया कि ऐसे कई इलाके हैं, जहां सरकारी भूमि लंबे समय से वीरान पड़ी थी और स्थानीय लोगों ने आवश्यकता अनुसार इन पर घर बना लिए। वहीं, कुछ क्षेत्रों में निजी भूमि पर भूस्खलन या अत्यधिक वर्षा से नुकसान होने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाकर बसेरा करना पड़ा।

### प्रदेश सरकार से की पुनर्विचार की मांग

**अजय** शर्मा ने राज्य सरकार से अपील की कि वह इस विषय पर गहराई से विचार करे और उन लोगों के लिए वैकल्पिक समाधान निकाले, जिन्होंने वास्तव में आश्रय और जीवन-निर्वाह के लिए ये घर बनाए हैं। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि सरकार ऐसे क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण कराए और जिन बस्तियों के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, उन्हें या तो वैधता प्रदान की जाए या फिर पुनर्वास की ठोस नीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा, यह मामला सिर्फ न्यायिक आदेश का पालन भर नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदना से भी जुड़ा है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कोई व्यावहारिक और न्यायसंगत समाधान निकाले।

## 'स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत



बिलासपुर में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान की गतिविधि आरंभ करते चिकित्सक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. शशि दत्त शर्मा ने आज जिला अस्पताल में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक जिलेभर में चलेगा। अभियान के दौरान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इसमें महिलाओं में खून की कमी, उच्च रक्तचाप, शुगर, मुंह और स्तन कैंसर सहित अन्य असंक्रामक रोगों की जांच की जाएगी। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ शिविरों का आयोजन होगा, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्र स्तर पर महिलाओं और गर्भवती माताओं की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं की स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए हिमोग्लोबिन, एचआईवी और सिफिलिस जैसी जांचें की जाएंगी, साथ ही, पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कर वंचित बच्चों को भी कवर किया जाएगा। अभियान में रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे और स्वयं सहायता समूहों व निक्षय मित्रों को शपथ दिलाकर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

अभियान की हर गतिविधि एसएनएसपी एप्लीकेशन और पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर रीजनल हॉस्पिटल बिलासपुर, सीएचसी झंडूता, घुमारवीं और श्री नयना देवी जी अस्पतालों में भी अभियान की गतिविधियां शुरू की गईं।

## समारोह 'एक शाम कलाकारों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

# प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक सोनी का सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



अभिषेक सोनी को सम्मानित करते हुए आयोजक।

हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात भजन गायक अभिषेक सोनी को धार्मिक गायन में उत्कृष्ट योगदान और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ के खरड़ स्थित रायत बहारा यूनिवर्सिटी में एक्सोटिक मॉडल्स के बैनर तले आयोजित 'एक शाम कलाकारों के नाम' समारोह में यह सम्मान उन्हें फिट ऑफ फायर फाउंडेशन की ओर से दिया गया।

अभिषेक सोनी मूल रूप से बिलासपुर के रहने वाले हैं और पिछले करीब 14 वर्षों से भजन गायन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्ष 2019 में उनका पहला ऑडियो-वीडियो भजन रिलीज हुआ था और अब तक वे करीब 30 भजनों को अपनी आवाज दे चुके हैं। इनमें से 22 भजनों को एक-एक मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और सोशल मीडिया पर ये अक्सर ट्रेंडिंग रहते हैं। वर्ष 2021 के बाद से उन्होंने भजन गायन में उल्लेखनीय पहचान बनाई। इस सम्मान को पाकर अभिषेक सोनी ने इसे अपने परिवार और प्रशंसकों को समर्पित करते हुए फिट ऑफ फायर फाउंडेशन के सीएमडी अमित भाटिया का आभार जताया। इस मौके पर समारोह की अध्यक्षता एक्सोटिक मॉडल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर मोहित चौधरी ने की।

बॉलीवुड व पंजाबी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता शिवेंद्र महल सहित कई नामचीन हस्तियां कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### हिमाचल की अन्य विभूतियों का भी सम्मान

कार्यक्रम में हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक एसी भारद्वाज, अजय चौहान, हेमंत शर्मा, एंकर जयंत भारद्वाज, लोक गायिका रोहिणी डोगरा, मिस्टर नॉर्दन 2025 सूर्यांश चंदेल, मिस नॉर्दन आशिमा कंवर, समाजसेवी डॉ. योगेंद्र मालिक, तथा फिट ऑफ फायर के सदस्य जगदीश, वंशिका और जतिन को भी विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित किया गया।

## फोरलेन निर्माण व आपदा प्रबंधन पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन के निर्माण और भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रभावित लोग लगातार शिकायतें उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि कई जगह मुआवजा बांटने में गड़बड़ी हुई और सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। रिटेनिंग वॉल और ब्रेस्ट वॉल सही ढंग से न बनने के कारण कई मकान और दीवारें ढह गईं, जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश सह-संयोजक ठाकुर हीरापाल सिंह ने मांग की है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली कंपनियों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो तथा प्रभावित लोगों को नुकसान की भरपाई दिलाई जाए, साथ ही उन्होंने हालिया बरसात से हुई भारी तबाही पर चिंता जताई। हीरापाल सिंह ने कहा कि इस संकट की घड़ी में जनप्रतिनिधियों को आपसी विवाद छोड़कर प्रदेश की आवाज मजबूती से केंद्र तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार अलग-अलग बयानबाजी कर रही है। भाजपा नेता आर्थिक सहायता को पर्याप्त बता रहे हैं, जबकि कांग्रेस नेता इसे नाकाफी कह रहे हैं।

## बड़गांव पंचायत पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक का भव्य स्वागत



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक गट्टी गांव में लोगों के साथ।

अनंत ज्ञान, बरठीं

विकास खड झंडूत्ता के अंतर्गत आने वाली बड़गांव पंचायत के गट्टी गांव में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। गांव में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थान थला के पास कई वर्षों से चली आ रही शेड डालने की मांग को पूरा कर दिया।

गौरतलब रहे कि इस धार्मिक स्थान पर पिछले लगभग 50 वर्षों से श्री भागवत कथा का आयोजन और हवन व विवाह शादियों के साथ-साथ अन्य कई धार्मिक कार्य किए जाते हैं, लेकिन खराब मौसम, धूप व बारिश के कारण इन कार्यक्रमों दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार नेताओं के समक्ष इस बात को रखा, लेकिन झूठे आश्वासनों के सिवाए कुछ नहीं दिया।

ग्रामीणों में श्याम लाल, अभिषेक, पंकज कुमार, नंद किशोर, कांतु, काकू, आदर्श, रचना देवी, कमलेश कुमारी, रजनी देवी व प्रिंस सहित अन्य ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता विवेक कुमार के सामने इस समस्या से अवगत करवाया और उन्होंने एक माह के भीतर शेड के लिए चार लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाकर शेड का कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया, जिसके लिए ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता विवेक कुमार का आभार प्रकट किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### चूड़ी स्कूल में शिक्षकों के पद खाली, पढ़ाई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पिछले चार महीनों से राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी में टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी नॉन मेडिकल, पीटीई और मुख्य अध्यापक के पद खाली हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। गांव वासी संजय राजपूत, विपन कुमार, जगदीश ठाकुर, विक्रांत ठाकुर, कमलेश कुमार, खेम सिंह, रविंद्र कुमार और महिंद्र कुमार ने स्कूल में खाली पदों को जल्द भरने की मांग की है। कार्यकारी मुख्याध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी, राज कुमार ने बताया कि उन्होंने विभाग को इस समस्या से अवगत करवा दिया है और शीघ्र पदों के भरने की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है ताकि पढ़ाई में बाधा न आए।

### धारवास बैली ब्रिज का पुनर्निर्माण कार्य जारी

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी प्रशासन ने बताया कि धारवास बैली ब्रिज के पुनर्निर्माण कार्य में गति आ गई है और शीघ्र ही पुल को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा। उपमंडलाधिकारी पांगी रमन घरसंगी ने जानकारी दी कि कल हुए निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इस पुल के कार्य की निगरानी सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के ओसी उदयपुर मेजर पारस कोचर और किलाड़ डिटैचमेंट इंचार्ज कैप्टन सुनील स्वयं कर रहे हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि पुल के पुनर्निर्माण के बाद क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवाजाही में आ रही कठिनाइयां दूर होंगी।

### स्वच्छता बनाए रखने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय चम्बा में स्वच्छता अभियान और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि यह एक सतत प्रयास है, जिसे हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यस्थल तक ही नहीं बल्कि समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से परिसर की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

### राकेश शर्मा बने हमीरपुर एमसी के कमिश्नर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** वरिष्ठ एचएएस अधिकारी राकेश शर्मा ने हमीरपुर नगर निगम के कमिश्नर के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। वह इससे पहले नादौन में एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। उनके पदभार संभालने से पहले इस पद का कार्यभार हमीरपुर के एडीएम के पास था। अब अतिरिक्त रूप में हमीरपुर के एडीएम को नादौन के एसडीएम का कार्यभार भी सौंपा गया है।

### अवैध खनन पर लगाया 9500 रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए खनन माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को मंगलवार को कब्जा पुलिस में लिया गया था। जिसे उपरांत माननीय अदालत द्वारा मुबलिक 9500 रुपए जुर्माना करने के उपरांत उसके मालिक के सुपुर्द, हवाले किया गया है। जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता से अपील करती है कि वे किया भी प्रकार के अवैध खनन गतिविधियों की सूचना तुरंत निकट पुलिस थाना, संबंधित थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी को या अधोहस्ताक्षरी को दें ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जा सके। जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

### वोटरों की अनुपात में लाएं एकरूपताः प्रवीण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर, बगेहड़ा वार्ड जिला परिषद सदस्य प्रवीण ठाकुर और सुजानपुर भाजपा नेता प्रकाश सदयाल ने सुजानपुर की चार जिला परिषद सीटों में वोटरों के अनुपात में एकरूपता लाई जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने भोरंज विधानसभा से सुजानपुर में आई चार पंचायतों को साथ लगते वार्ड करोट पति कोट तथा दरोगण पति कोट की उटपुर से लगती पंचायत को उटपुर वार्ड में डाले जाने की मांग की है। दोनों भाजपा नेताओं ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चार जिला परिषद वार्ड हैं। जिन का पुनर्सिमांकन किया गया है, लेकिन कुछ पंचायत को साथ लगते वार्ड से हटकर अन्य वार्ड में डाला गया है। दोनों भाजपा नेताओं ने कहा कि बगेहड़ा वार्ड में 13 पंचायत से 17940 वोटर हैं। जबकि करोट पंचायत में 13 पंचायत से 13904 वोटर हैं। दरोगण पति कोट में 9 पंचायत के 15158 तथा उटपुर में 12 पंचायत के 13152 वोटर हैं। उन्होंने कहा कि वोटरों के अनुपात में एकरूपता नहीं रखी गई है। किसी वार्ड में नो पंचायतें हैं तथा किसी वार्ड में 13 पंचायतें हैं। जबकि वोटरों की संख्या में भी भारी अंतर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वोटरों के अनुपात में एकरूपता लाई जाए।

### विश्व स्तरीय कंपनियों ने लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के बोहनी स्थित ठाकुर मैरिज पैलेस में फोटोग्राफी एसोसिएशन का राज्य स्तरीय वार्षिक समारोह व फोटो प्रदर्शनी भव्य रूप से आयोजित की गई। मुख्य अतिथि देशराज शर्मा रहे और समारोह में हिमाचल के लगभग 700 फोटोग्राफरों ने भाग लिया। निकॉन, सोनी, कैनन, गोल्डेक्स जैसी विश्वस्तरीय कंपनियों ने अपने नवीनतम कैमरा मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई और उपकरणों की फ्री सर्विस भी दी। ड्रोन कंपनियों ने भी मुफ्त सेवा उपलब्ध करवाई। फोटोग्राफर भाइयों को सिंगापुर व दिल्ली के टेरस पर सामान मिला। एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत सिंह ने बताया कि संगठन जरूरतमंद फोटोग्राफरों को आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### मतदाता सूचियों को लेकर बैठक कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर द्वारा आगामी नगर पालिका चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन नामावली का सत्यापन एवं मानचित्रण (मैपिंग) का कार्य पूर्ण कर लिया है। मतदाता सूचियों का निरीक्षण 20 से 26 सितंबर तक किया जाना है। निरीक्षण के लिए नगर निगम द्वारा विशेष बैठकों का आयोजन किया जाएगा। निरीक्षण के लिए मतदाता सूची नगर निगम हमीरपुर एवं एसडीएम कम ईआरओ कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। इस कार्य के लिए 19 सितंबर को प्रातः 10 बजे निगम के टाउन हॉल में विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। अतः निगम की परिधि के भीतर सभी मतदाताओं, हितधारकों, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों, कार्यकता निश्चित की गई तिथि व समय पर उपस्थित हों ताकि मतदाता सूचियों के व्यापक प्रचार-प्रसार बारे में अधिक जानकारी दी जा सके।

### सेवा भारती ने पीड़ित परिवार को दी सहायता

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** ईश्वर दास सुपत्र राम लोक गांव टुख्खानी नजदीक बनी तहसील बड़सर का रिहायशी मकान भारी बारिश के कारण गिर गया। उसका बेटा भी मलबे में दब गया था। लोगों ने उसे मलबे से जिंदा बाहर निकाल लिया और बच्चे को दूसरा जन्म मिल गया। इस परिवार के पास रिहायशी मकान का एक ही कच्चा कमरा था। घर का सारा सामान भी बर्बाद हो गया है। सेवा भारती के बड़सर मंडल के स्वयंसेवकों ने पीड़ित परिवार को खाद्य पदार्थ, बिस्तर, गैस चुल्हा, तिरपाल,टॉर्च आदि सहायक सामग्री पीड़ित परिवार को प्रदान की।

### श्रम कल्याण बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) 22 सितंबर को श्रम कल्याण बोर्ड के राज्य मुख्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। यूनियन का आरोप है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में श्रमिकों को बोर्ड से मिलने वाले लाभ बंद हो गए हैं, जिससे मजदूरों में भारी आक्रोश है। पंजीकरण और नवीनीकरण में बार-बार नई औपचारिकताओं के कारण मजदूरों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन का कहना है कि वर्षों से मजदूरों को कोई लाभ नहीं मिला है, जबकि बोर्ड की बैठकों में लाभ देने के फैसले भी लिए गए थे। लेकिन सरकार के ढाई साल बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यूनियन ने मजदूरों से आह्वान किया है कि वे 22 सितंबर को एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

### बिझड़ी में मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल कैंप 23 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पहली बार 23 सितंबर को मनाए जा रहे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी में मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र धीमान ने बताया कि कैंप में कई विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। रक्त जांच के अलावा हड्डी रोगों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट भी निशुल्क होगा। डॉ. सुरेंद्र धीमान ने बताया कि आयुर्वेद को बढ़ावा देने, इसके समग्र दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक स्वास्थ्य में इसके योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को कैंप का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर



मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट किया 3 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**मानवता** और जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए चंबा जिला के एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने बुधवार को शिमला में मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 3 लाख रुपए का चेक भेंट किया। प्रदेश सरकार ने उनके इस योगदान को समाज सेवा और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

इस अवसर पर एचपी स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक हरि कृष्ण हिमराल, सुनील शर्मा और लाल सिंह कौशल भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी ललित ठाकुर के इस कदम को प्रेरणादायक करार दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ललित ठाकुर ने कहा कि 'मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संकट की इस घड़ी में हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार आगे आकर जरूरतमंदों का हाथ थामना चाहिए। हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम समाज में आपदा से प्रभावित परिवारों को संबल दें।'

ललित ठाकुर के इस योगदान ने एक बार फिर यह साबित किया है कि अगर समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्था जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें तो किसी भी आपदा और संकट की घड़ी को मिलकर पार किया जा सकता है।

# सनवाल पंचायत घोटाले पर बवाल

## ग्रामीण बोले- शीघ्र कार्रवाई न हुई तो डीसी कार्यालय के बाहर करेंगे धरना

**हसन शेख, अनंत ज्ञान**



सनवाल में मनरेगा प्लांटेशन कार्यों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई न होने पर लोग आक्रोशित।

**चुराह।** चुराह विधानसभा की ग्राम पंचायत सनवाल में मनरेगा प्लांटेशन कार्यों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मामले ने अब बड़ा रूप ले लिया है। पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों पर एफआईआर और न्यायालय से जमानत खारिज होने के बाद भी विभागीय कार्रवाई न होने से स्थानीय लोग खासे आक्रोशित हैं।

ग्रामीणों ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन जानबूझकर आरोपियों को बचा रहा है और पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 145(1)(क) को ताक पर रखा गया है। नियम के अनुसार 14 दिन से अधिक समय तक आपराधिक मामले में हिरासत में रहने वाले प्रतिनिधियों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए, लेकिन प्रधान व उपप्रधान सहित अन्य आरोपी अभी भी पद पर बने हुए हैं।

ग्राम पंचायत सनवाल के प्रधान मोहन लाल, उपप्रधान पूजा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कर्म चन्द, ग्राम सेवक मोहिंदर सिंह, वेंडर विजय कुमार, पंचायत सचिव और कनिष्ठ अभियंता पर गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें से कई आरोपी जुलाई माह में पुलिस हिरासत में रहे और बाद में क्रमशः 13 अगस्त और 9 सितम्बर को जमानत पर छूटे।

ग्रामीण प्रतिनिधि मौसम दीन, नरैन सिंह, शेर सिंह, चैन लाल, यशु पठान, गुलाम नबी, नौरंग, प्रताप, जगराम, वियान चंद, रोहित और गंगा राम ने संयुक्त बयान में कहा कि हम सब प्रशासन से हाथ जोड़कर अपील करते हैं कि भ्रष्टाचार में संलिप्त प्रधान, उपप्रधान और अन्य आरोपियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए। यदि ऐसा न हुआ तो हम उपायुक्त कार्यालय चम्बा के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि भ्रष्टाचार पर कार्रवाई में ढिलाई से भविष्य में ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने दोहराया कि निष्पक्ष और सख्त कदम उठाना ही क्षेत्र में विश्वास बहाली का एकमात्र रास्ता है।

## मणिमहेश यात्रा में घायल होकर भी डटे रहे शैलेश राणा

### राज्य स्तरीय पुरस्कार की उठी मांग, नवनीत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान आए आपदा काल में लोक निर्माण विभाग चंबा डिवीजन के सहायक अभियंता शैलेश राणा ने जिस साहस और सेवा भाव का परिचय दिया, वह समूचे समाज के लिए प्रेरणा है। आपदा के बीच जब जान बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती थी, उस समय शैलेश राणा ने गंभीर सिर और रीढ़ की चोट झेलते हुए भी हार नहीं मानी। उन्होंने न केवल परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाया, बल्कि घायल अवस्था में लगभग 12 किलोमीटर पैदल चलकर चंबा पहुंचे, ताकि राहत और बचाव कार्य प्रभावित न हों। उनके इस साहसिक प्रयास से अनेक श्रद्धालुओं की जान बच पाई।

बुधवार को राष्ट्रपति बहादुरी पुरस्कार विजेता नवनीत चौफला ने एसडीएम चंबा व आईएएस अधिकारी प्रियांशु खाती को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि सहायक अभियंता शैलेश राणा को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शैलेश राणा नवंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी गंभीर चोटों की परवाह न करते हुए मात्र कुछ ही दिनों में पुनः ड्यूटी ज्वाइन की, ताकि आपदा के समय अपनी सेवाएं जारी रख सकें। यह कर्तव्यनिष्ठा और जज्बा आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है।

### चंबा को 'चिनार वैली' के रूप में करें विकसित

**ज्ञापन** में एक और महत्वपूर्ण मांग रखी गई कि चंबा को 'चिनार वैली' के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए जिले में बड़े पैमाने पर चिनार के पौधे लगाए जाएं। नवनीत चौफला ने कहा कि जिस प्रकार पड़ोसी क्षेत्र भद्रवाह और किश्तवाड़ चिनार के कारण प्रसिद्ध हैं, उसी प्रकार चंबा भी चिनार की घाटी बन सकता है। यह पहल न केवल जिले की खूबसूरती को बढ़ाएगी, बल्कि वातावरण को शुद्ध करने, तापमान कम करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी अहम भूमिका निभाएगी।



नवनीत चौफला ने कहा कि आज जरूरत है ऐसे जांबाज और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर समाज में सकारात्मक संदेश देने की। शैलेश राणा का यह साहसिक कार्य और कर्तव्यनिष्ठा चंबा ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने दिलाई स्वच्छता पर शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत आज उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है तथा हम सबको अपने घर, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, बल्कि अपने परिवारजनों एवं समाज को भी इस दिशा में प्रेरित करें। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सदैव सजग रहेंगे तथा गंदगी न फैलाने और दूसरों को भी ऐसा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बहाली कार्य जोरों पर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिले** में भारी बारिश के कारण हुई तबाही के बाद जिला प्रशासन राहत और पुनर्वास कार्यों में पूरी तेजी से जुटा हुआ है। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि प्रभावित इलाकों में राशन सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण निरंतर जारी है। कई समाजसेवी संस्थाओं ने भी राहत सामग्री प्रशासन को सौंपी है, जिसे प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने हर उपमंडल में एसडीएम, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को तैनात किया है ताकि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जा सके।

उन्होंने बताया कि कई सड़क मार्ग बहाल किए जा चुके हैं, लेकिन कुछ लिंक रोड अभी भी भूस्खलन के कारण बंद हैं, जिनका पुनर्निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। स्क चंबा की देखरेख में बंद रास्तों पर फंसी गाड़ियों को निकाल दिया गया है। साथ ही, लैंडस्लाइड की घटनाओं पर नजर रखने के लिए मिशनरी तैनात किए गए हैं। जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग को भारी नुकसान हुआ है, जिनकी भरपाई के लिए प्रशासन लगातार कार्यरत है।

## चौहड़ा-ककीयन्ना सड़क बहाली कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण चोहड़ा डैम के समीप ग्राम पंचायत शेरपुर की चौहड़ा-ककीयन्ना, भरुड़ी सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क बंद होने से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि बुधवार को एनएचपीसी के सहयोग से सड़क बहाली कार्य विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया है। कार्य की शुरुआत चौहड़ा डैम स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर की गई। विधायक ठाकुर ने कहा कि सड़क बहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र की विकास गति भी सुचारु रूप से आगे बढ़ेगी।

## केंद्र से मिली राहत राशि को कर्मियों के वेतन व गाड़ियों पर खर्च कर रही सरकार: जयराम

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने मंडी जिला के सुंदरनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से देश आगे बढ़ रहा है। जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सभी संगठनात्मक जिला में आज रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है। इसमें भाजपा युवा मोर्चा और पार्टी के अन्य कार्यकार्ता भाग ले रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद केवल मात्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आपदा के दौरान हिमाचल आकर 1500 करोड़ रुपए के पैकेज का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों से मिलना और पूरे नुकसान का जायजा लेने के साथ भावनाओं को सांझा करना अपने आप में बहुत बड़ा ऐतिहासिक कार्य है। कांग्रेस पार्टी के कुछ नेता बार-बार आपदा में राहत को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराई गई राहत पात्र लोगों तक पहुंचने पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 5300 करोड़ के साथ 1500 करोड़ रुपए जारी किए हैं। राहत राशि को पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रदेश सरकार अब सुनिश्चित करे और इस पैसे को सरकार चलाने के लिए खर्च नहीं किया जाना चाहिए।




प्रेसवार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के हाथों को नहीं बांधा जा सकता है और प्रदेश को आपदा में राहत को लेकर 1500 करोड़ रूपए की ग्रांट अन टाईड है और विभागों को अलग मद के अंतर्गत राहत राशि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आने वाली राहत राशि से प्रदेश की सरकार चलाई जा रही है। इसे कर्मचारियों के वेतन और गाड़ियां चलाने के लिए खर्च किया जा रहा है। भाजपा राहत राशि को प्रभावित लोगों के लिए खर्च करने की मांग कर रही है, लेकिन लोगों तक राहत पहुंच नहीं पा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एरिया स्पेसिफाइड राहत से किसी विशेष प्रभावित क्षेत्र को अधिक नुकसान होने पर मदद की जा सकती है।

## हणोगी से कलहणी बादंल सड़क बहाल

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्रों में सड़कों के सुचारू करने का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है। बुधवार को इस क्षेत्र की हणोगी सलोई, पोखरु, कलहणी, नलवागी,कसौड, बादंल और कशीमलीधार तक सड़क मार्ग को जीप-कार के लिए सुचारू कर दिया गया है। स्थानीय निवासी रुप सिंह, दामोदरदास,नेक राम और रेवती ने बताया कि यह सड़क मार्ग लगभग 2 महिनों के बाद जीप के लिए सुचारू हो सकी है। इसमें लोक निर्माण विभाग से ज्यादा कार्य स्थानीय लोगों द्वारा श्रम के रूप में किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप बुधवार को पोखरु नाले से वाहनों को पार करने में सफलता मिली है। अब नैशनल हाइवे चंडीगढ़ मनाली के हणोगी से होते हुए हम कसौड, कलहणी के साथ बादंल तक आ-जा सकेंगे। इससे स्थानीय लोगों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क बन जुड़ गया है। लोगों में खुशी का माहौल है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने लाईट व्हीकल्स के लिए सड़क मार्ग सुचारू होने की पुष्टि की है।

# संधोल-टिहरा सड़क 5 दिन से बंद

## बसें तो दूर दोपहिया वाहनों के लिए भी नहीं रास्ता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



तहसील संधोल से टिहरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग शनिवार रात से बंद है जो बुधवार तक भी बहाल नहीं हो पाया है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क टिहरा से खजूरटी तक खोली गई है भड़ोत पुल के पास सड़क का नामोनिशान मिट गया है जिस वजह से वहां मशीन का निकलना भी मुश्किल है कून पंचायत के लिए सड़क मार्ग दोनों तरफ से पूरी तरह बंद है हालांकि सड़क को खोलने के लिए संधोल की ओर से प्रयास किए जा सकते थे लेकिन लोक निर्माण विभाग की अनुभाग सीमाओं का शिकार हुई ये पंचायत सड़क सुविधा से पांच दिनों से महरूम है, हालांकि बुधवार को एक मशीन बुधवार को कून जैसे तैसे अन्य वैकल्पिक मार्गों से पहुंचाई तो गई लेकिन वो वहां तकनीकी खामियों के चलते खराब हो गई जिस वजह से सड़क बहाल होने का कार्य फिर बंद हो गया है ऐसे में स्थानीय लोगों जोगिंदर पाल, कर्ण सिंह, रंजीत सिंह, मनोज, सुरेश आदि ने लोक निर्माण विभाग से इस सड़क को प्राथमिक के आधार पर अन्य मशीनों के माध्यम से जल्द से जल्द बहाल करने की मांग उठाई है ताकि 5 दिनों से ठप पड़े लोगों के कार्य ओर स्कूली विद्यार्थियों को स्कूलों तक पहुंचने में राहत मिल सके।

कनिष्ठ अभियंता चोलगढ़ प्रेम कुमार ठाकुर ने बताया कि सड़क बहाल करने का कार्य चला हुआ है बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण मशीन कुन में खराब हो गई है जिसे ठीक करवाने का काम चला है जल्द सड़क को छोटी गाड़ियों के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के निर्देश के बाद आपदा प्रभावित परिवारों को प्रशासन ने दिए तिरपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 15 सितंबर को आपदा प्रभावित गांव समताणा खुर्द में लोगों से मिले थे तथा आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया था। उनके सामने एक महिला अमरो देवी ने प्रशासन द्वारा सिर्फ एक तिरपाल देने की बात कही थी इसको लेकर सांसद अनुराग ठाकुर सहित विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने बड़सर प्रशासन और हल्का पटवारी को खरी खोटी सुनाई थी। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम समताना खुर्द गांव में पहुंच कर घटनास्थल का दौरा किया पीड़ित परिवारों को तिरपाल दिए जो घर पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गए हैं उन परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया। साथ में हल्का पटवारी को नुकसान के आकलन प्रक्रिया तेज करने आदेश दिए गए हैं। बता दें कि भारी बारिश में अमरो देवी पत्नी स्व शेर सिंह गांव समताना में लैंडस्लाइड में मकान गिर गया था उन्हें 3 तिरपाल, चिंत राम पुत्र रोशन लाल, संजय पुत्र चिंत राम गांव समताना खुर्द को दो तिरपाल, रोशन लाल पुत्र रत्न चंद और शकुंतला पत्नी रणजीत सिंह गांव समताना खुर्द को दो तिरपाल, कांता देवी पत्नी कृष्ण चंद गांव समताना खुर्द 2 तिरपाल दिए हैं।

## धर्मपुर में आपदा पीड़ितों से मिले अनुराग

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

हमीरपुर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मंडी जिले के आपदा प्रभावित धर्मपुर कस्बे का दौरा किया। भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का जमीनी निरीक्षण करते हुए उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

अनुराग ठाकुर ने भारी जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह समय एक-दूसरे का सहारा बनने का है और केंद्र सरकार प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। अनुराग ठाकुर के साथ भाजपा नेता रजत ठाकुर, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर व अन्य स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने की अपील की और कहा कि पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम जल्द उठाए जाएंगे।

## प्रदेशभर में जांचा 1834 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़े के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीमों ने प्रदेशभर मे स्वास्थ्य जांच करते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों मे स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कर अपनी सेवाएं प्रदान की। सेवा पखवाड़े' के तहत अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने प्रदेशभर मे 882 छात्रों व 849 छात्राओं सहित 1834 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य जांच के दौरान 131 मरीज जोड़ों के दर्द से जबकि 68 मरीज उच्च रक्तचाप, 51 मरीज मधुमेह, 10 गायनी, 5 त्वचा रोग से ग्रसित पाए गए। सांसद अनुराग ने पीएम मोदी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए बताया की प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की विभिन्न टीमें 17 से 2 अक्तूबर तक हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिभिन वर्गों के लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेगी। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांधी चौक हमीरपुर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम सावी, मनीषा, नवीन ने डॉ पंकज के नेतृत्व में भाजयुमो द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर मे लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच की एवं रक्त की भी जांच की गई।

## बारिश के डर से रातभर आंगन में जागता रहा परिवार

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के गांव मुंडखर गैंडा की नीसी देवी पत्नी स्व संदीप कुमार के मकान के साथ भूस्खलन होने की वजह से मकान को खतरा उत्पन्न हो गया है। मंगलवार रात को तेज बारिश की वजह से मकान के साथ भूस्खलन होने पर पूरा परिवार रातभर आंगन में जागते रहे। भूस्खलन होने की वजह से जाहू भोटा सुपर हाईवे पर भी मिट्टी का ढेर लग गया है और बांस का झुंड भी सड़क पर आ गया है। इसकी सूचना पटवारी को देने पर हल्का पटवारी वासूदेव के द्वारा मौके पर नुकसान का आकलन किया है।

पटवारी वासूदेव ने बताया कि नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। मुंडखर पंचायत के उपप्रधान कमल प्रसाद ने बताया कि भूस्खलन की वजह से मकान को भारी खतरा उत्पल्न हो गया है। इसके अतिरिक्त भूस्खलन की वजह से सड़क पर मिट्टी का ढेर लग गया है और साथ में बांस के झुंड के गिरने की वजह से यातायात भी बाधित हो रहा है। इसके बारे में लोक निर्माण विभाग को अवगत करवाने के बावजूद सड़क से मिट्टी व बांस के झुंड को नहीं हटाया जा रहा है।

**जो** दूसरों के प्रति प्यार और दया महसूस करते हैं, वे अधिक खुश और शांत रहते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

# रिश्तों का कत्ल

पैसा इंसान के लिए सब कुछ हो गया है। आज के दौर में लोग मानो यह भूल बैठे हैं कि जीवन की असली संपत्ति पैसा नहीं, बल्कि रिश्ते, संस्कार और मानवीय मूल्य हैं। जिस मां ने अपने बेटे को जन्म दिया, पाला-पोसा, उसके लिए दिन-रात तपस्या की, उसी मां को अगर बेटा पैसों के लिए मौत के घाट उतार दे तो यह इंसानियत पर एक करारा तमाचा है। हमीरपुर जिले में घटित घटना ने यही सवाल फिर से हमारे सामने लाकर खड़ा कर दिया है कि आखिर समाज किस दिशा में बढ़ रहा है। भोरंज उपमंडल में एक बेटे ने अपनी मां से पैसे की मांग की और जब मां ने यह मांग पूरी नहीं की तो उसने गुस्से में आकर कपड़े प्रेस करने वाले उपकरण से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह कोई सामान्य अपराध नहीं, बल्कि एक ऐसा कृत्य है जिसने न केवल परिवार को तोड़कर रख दिया, बल्कि पूरे समाज की आत्मा को झकझोर दिया है।

मां के बलिदान, त्याग और ममता को पैसे के सामने तौलने वाले बेटे के इस अपराध की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। हिमाचल को हमेशा से शांति और सादगी की भूमि कहा जाता रहा है। यहां लोग अपने संस्कारों और आपसी भाईचारे के लिए जाने जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, वह चिंता का विषय है। पहले जिन वारदातों की चर्चा हम अखबारों में अन्य राज्यों के पन्नों पर पढ़ा करते थे, अब वे घटनाएं हिमाचल में भी जगह बनाने लगी हैं। यह बदलाव केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि समाज की सोच, परिवारिक संरचना और मानवीय मूल्यों के क्षरण का भी संकेत है। पैसा निस्संदेह जीवन में जरूरी है। बिना पैसों के आधुनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति मुश्किल है, लेकिन जब पैसा रिश्तों से बड़ा हो जाए, तब यह समाज के पतन की शुरुआत होती है। मां-बेटे का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है।

भगवान ने भी मां को सर्वोपरि स्थान दिया है, क्योंकि उसके त्याग और समर्पण से ही इंसान जीवन की राह पर पहला कदम रख पाता है, लेकिन जब औलाद ही उस जननी को मौत के घाट उतार दे तो ऐसे बेटे पर समाज को शर्म आती है। शायद ऐसे मामलों में यही कहावत सही साबित होती है कि ऐसी औलाद से औलाद का न होना ही बेहतर है। इस घटना ने यह भी साबित किया है कि गुस्सा इंसान से कितना बड़ा अपराध करवा सकता है। लोग कहते हैं कि आरोपी बहुत गुस्सैल था, लेकिन सवाल यह है कि क्या गुस्सा इस हद तक जायज है कि इंसान अपने ही खून का कत्ल कर दे? गुस्सा क्षणिक होता है, लेकिन उसके परिणाम जीवनभर सालते हैं। इस बेटे को भी शायद अब ताउम्र पछतावा होगा, लेकिन उससे मां की जिंदगी तो लौटने से रही।

अपराध के बाद पछतावे का कोई मूल्य नहीं होता, क्योंकि अपराध के दाग से परिवार, समाज और संस्कृति सब कलंकित हो जाते हैं। इस तरह की घटनाएं हिमाचल की छवि पर भी असर डाल रही हैं। पर्यटक इस राज्य में इसलिए खिंचे चले आते थे कि यहां उन्हें शांति, सुकून और सुरक्षा का अनुभव होता था, लेकिन यदि अपराध की वारदातें लगातार बढ़ती रहीं तो पर्यटन पर भी असर पड़ना तय है। कोई भी सैलानी ऐसी जगह नहीं जाना चाहेगा जहां उसे असुरक्षा का डर सताए। इसलिए यह जरूरी है कि अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए और समाज में मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके आरोपी को गिरफ्तार किया, यह काबिल-ए-तारीफ है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या कानून और जेल की सजा से ही ऐसी प्रवृत्तियों पर रोक लगेगी? जब तक समाज और परिवार अपनी जिम्मेदारियां नहीं समझेंगे, तब तक ऐसे अपराध होते रहेंगे।

परिवार में संवाद की कमी, बच्चों में नैतिक शिक्षा का अभाव और पैसों की अंधी दौड़ ने मिलकर इस तरह की परिस्थितियां पैदा की हैं। आज जरूरत है कि हम अपने बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें यह भी सिखाएं कि रिश्तों की अहमियत क्या है। पैसों की कीमत उन्हें समझानी चाहिए, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है कि उन्हें संस्कार और भावनात्मक संतुलन सिखाया जाए। गुस्से पर काबू पाना, धैर्य रखना और रिश्तों की कद्र करना ऐसे मूल्य हैं जिन्हें बचपन से ही बच्चों में उतारा जाना चाहिए।

हिमाचल में यह प्रवृत्ति नई है। यहां के लोग हमेशा अपनी पारिवारिक बंधन और आपसी प्रेम के लिए जाने जाते रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे शहरों की भागदौड़, आर्थिक महत्वाकांक्षाएं और बदलती जीवनशैली इस सौहार्द को खत्म कर रही है। यदि मां-बेटे का रिश्ता की भेंट चढ़ जाएगा तो समाज के लिए इससे बड़ी त्रासदी कोई नहीं हो सकती। हिमाचल की पहचान उसकी शांति, सादगी और मानवीय मूल्यों से है। अगर हम इन्हें खो देंगे तो केवल अपराध, तनाव और अविश्वास ही बचेगा। इसलिए जरूरत है कि हर इंसान अपने गुस्से और लालच पर नियंत्रण करे। पैसा कभी रिश्तों से बड़ा नहीं हो सकता। हिमाचल को फिर से अमन और शांति की धरती बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री



शबाना आजमी
जन्म :18 सितंबर, 1950

**शबाना** आजमी हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। वे एक ऐसी मंझी हुई अदाकारा हैं, जो हर अभिनय के अनुरूप उसी सांचे में ढल जाती हैं। वह आज भी फिल्मों में सक्रिय हैं। एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ शबाना आजमी सामाजिक कार्यों में भी समान रूप से जुड़ी रहती हैं। अपने दौर में शबाना आजमी को स्मिता पाटिल की ही तरह श्रेष्ठ अभिनेत्रियों में गिना जाता था। शबाना आजमी का जन्म हैदराबाद में हुआ था। उनके पिता कैफी आजमी प्रसिद्ध शायर थे। पिता मशहूर शायर कैफी आजमी और मां रंगमंच की अदाकारा शौकत आजमी के सान्निध्य में शबाना आजमी का सुहाना बचपन बीता। मां से विरासत में मिली अभिनय प्रतिभा को सकारात्मक मोड़ देकर शबाना ने हिंदी फिल्मों में अपने सफर की शुरुआत की। शबाना ने हिंदी फिल्मों के मशहूर लेखक जावेद अख्तर से विवाह किया। जावेद पहले से शादी-शुदा थे, लेकिन फिर भी शबाना के प्यार में उन्होंने तलाक लेकर शादी की। पति जावेद अख्तर के सक्रिय सहयोग ने शबाना के हौसले को बढ़ाया और वे फिल्मों में अभिनय के रंग भरने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक मंचों पर देश और समाज से जुड़ी अपनी चिंताएं अभिव्यक्त करने लगीं। ■



कविता

### जीवन की राह

अक्षज सहगल, हिम अकादमी, हमीरपुर

*सपनों को सच करना तुम, हार से कभी मत डरना तुम।*

*अंधियारे में भी दीप जलाना तुम, आंधियों में हिम्मत दिखाना तुम।*

*मुश्किलें चाहे कितनी भी आएं, सच्च की राह बनाना तुम।*

*गिरकर हर बार उठना सीखो, सपनों के संग जीना तुम।*

*सत्कर्मों से जीवन सजाना, हर दिल में विश्वास जगाना तुम।*

*संघर्ष ही देता है पहचान सबको, मेहनत से ही नाम कमाना तुम।*

*नई सुबह उम्मीद जगाए, हर पल हिम्मत दिखाना तुम।*

*साहस से सपनों को है पाना, उज्ज्वल भविष्य बनाना तुम।*

*जीवन की राह आसान नहीं, पर कोशिश से जीत जाना तुम।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जनसंपर्क और जनसंवेदना का अनूठा संगम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व

जब राजनीति केवल नीतियों और भाषणों तक सीमित प्रतीत होती है, नरेंद्र मोदी का नेतृत्व उस ढांचे से परे जाकर एक मानवीय और संवेदनशील जुड़ाव की मिसाल बनाता है। वह राजनीति को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और संवाद का माध्यम मानते हैं। उनके नेतृत्व में जनसंपर्क और जन संवेदना केवल एक रणनीति नहीं, बल्कि शासन का स्थायी मूल्य बन चुके हैं। मोदी का हर कदम आमजन से सीधा जुड़ाव स्थापित करता है—चाहे वह किसी जनजातीय महिला के हस्तशिल्प को सराहना हो या फिर सीमा पर जवानों के साथ त्योहार मनाना।

मोदी का जन संपर्क भाषणों में सीमित नहीं होता, वह उसे यात्राओं, संवादों, भावनाओं और कर्म से जीवंत बनाते हैं। वे उन कुछ नेताओं में से हैं जो नीतियों को मानवीय कहानियों से जोड़ते हैं। पुलवामा में रात्रिकालीन क्रिकेट मैच को प्रोत्साहन देना हो या 'मन की बात' के माध्यम से आम नागरिक की आवाज को राष्ट्रीय विमर्श बनाना—हर मंच पर उनका उद्देश्य स्पष्ट है- लोगों को सशक्त बनाना और उन्हें शासन प्रक्रिया का भागीदार बनाना।

**जनसंपर्क की यात्रा-राजनीतिक से सांस्कृतिक जुड़ाव तक:** प्रधानमंत्री बनने से पहले भी मोदी की राजनीतिक यात्रा जन संवाद पर केंद्रित रही। 1990 की सोमनाथ-अयोध्या रथ यात्रा से लेकर 2010 की स्वर्णिम गुजरात संकल्प यात्रा तक, उन्होंने लोगों से जुड़ने को सर्वोपरि रखा। इन यात्राओं ने उनकी जनसंवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया। 1991 की एकता यात्रा में श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने से लेकर 2002 में गुजरात गौरव यात्रा तक, उन्होंने संकट के समय में भी जन समर्थन को पुनः स्थापित किया। यह सिलसिला प्रधानमंत्री बनने के बाद और भी सशक्त हुआ। मोदी ने जनसंवाद को केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे शासन का स्थायी आधार बना दिया। वे अक्सर स्थानीय भाषाओं में भाषण देते हैं, क्षेत्रीय संस्कृति को अपनाते हैं और लोगों के प्रतीकों को सम्मान देते हैं—इससे वह केवल नेता नहीं, बल्कि समाज का एक हिस्सा बन जाते हैं।

**मानवीय स्पर्श के प्रतीक:** मोदी का नेतृत्व मानवीय स्पर्श से भरा हुआ है। चंद्रयान-2 की असफलता के क्षण में इसरो प्रमुख के. सिवन को गले लगाना, या सफाई कर्मचारियों के पैर धोना, ये केवल प्रतीक नहीं बल्कि गहरी सहानुभूति का प्रदर्शन हैं। ये क्षण बताते हैं कि उनकी राजनीति केवल सत्ता नहीं, बल्कि संवेदना के इर्द-गिर्द घूमती है। संसद की सीढ़ियों पर सिर झुकाना यह दर्शाता है कि लोकतंत्र के मंदिर के प्रति उनका दृष्टिकोण श्रद्धा से भरा है, न कि अधिकार भाव से। मोदी का बच्चों से जुड़ाव भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों से मिलने के लिए सुरक्षा घेरे को पार करना हो या मंच से भाषण के बीच में किसी बच्चे की परेशानी पर ध्यान देना—ये सभी क्षण एक संवेदनशील नेता की छवि प्रस्तुत करते हैं जो लोगों के बीच रहना पसंद करता है।



साभार : प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो

**संकट के समय में भावनात्मक नेतृत्व:** कोविड-19 महामारी के दौरान मोदी का नेतृत्व संकट प्रबंधन का मानक बन गया। उनके टेलीविजन संबोधन, 'मन की बात' और नमो ऐप के माध्यम से संचार ने लोगों को न केवल नीतियों से जोड़ा, बल्कि भावनात्मक रूप से एकजुट भी किया। इस दौरान उनकी अपीलों ने नागरिकों को न केवल जागरूक किया बल्कि उनमें कर्तव्यबोध भी जागृत किया। चाहे वैक्सीन कूटनीति हो, ऑपरेशन गंगा या ऑपरेशन दोस्त—हर पहल में उनका व्यक्तिगत स्पर्श स्पष्ट दिखाई दिया। सैन्य संकटों—जैसे उरी, बालाकोट, गलवान—के दौरान भी मोदी का नेतृत्व केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक प्रतिक्रिया से परिपूर्ण रहा। 'घर में घुस कर मारेंगे' जैसे स्पष्ट और दृढ़ संदेशों ने देशवासियों को आत्मविश्वास से भर दिया। सैनिकों के साथ दिवाली मनाना भी एक प्रतीकात्मक परंतु अत्यंत मानवीय कदम रहा है, जिससे यह भाव उत्पन्न होता है कि देश का नेतृत्व अपने रक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

**तकनीकी समावेशन से संवाद को नया आयाम:** मोदी के नेतृत्व में जन संपर्क को तकनीक का भी संबल मिला है। नमो ऐप, मन की बात और डिजिटल इंडिया जैसे प्लेटफॉर्म्स ने उन्हें देश के कोने-कोने तक पहुंचने में सक्षम बनाया। 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने सरकारी सेवाओं को डिजिटल रूप से आमजन के द्वार तक पहुंचाया, जबकि PI जैसे प्लेटफार्म्स ने भारत को वैश्विक डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना दिया। टेक-फर्स्ट ब्यूरोक्रेसी की सोच ने प्रशासन में पारदर्शिता और गति दोनों को बढ़ावा दिया। मोदी शासन के दौरान आर्थिक समावेशन की भी नई परिभाषा गढ़ी गई। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसी योजनाओं ने उन वर्गों तक भी लाभ पहुंचाया, जो दशकों तक शासन की मुख्यधारा से वंचित थे। इन योजनाओं में तकनीकी एकीकरण और मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त मिश्रण दिखता है।

**सांस्कृतिक संवाद-केवल प्रतीक नहीं, परंपरा से जुड़ाव:** मोदी के लिए सांस्कृतिक जुड़ाव कोई प्रचार की रणनीति नहीं, बल्कि सभ्यतागत पुनरुत्थान का हिस्सा है। मस्जिदों, चर्चों, बौद्ध स्थलों और विदेशी मंदिरों की उनकी यात्राएं सभी धर्मों के प्रति उनके सम्मान को दर्शाती हैं। यह अंतरधार्मिक संवाद भारत के बहुलवादी मूल्यों का सशक्त उदाहरण बन जाता है। 'पीपुल्स पद्म' जैसे प्रयासों के माध्यम से गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय मंच पर लाना, 'मन की बात' में आम नागरिकों की कहानियां साझा करना—ये सभी पहल दिखाते हैं कि वह केवल नेता नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा में लाने वाले प्रेरक हैं।

**जननायक की विनम्रता:** मोदी का नेतृत्व 'कृत्रिम करुणा' नहीं, बल्कि 'प्रामाणिक संवेदना' का प्रतीक है। संसद की सीढ़ियों पर झुकना, बच्चों के साथ सहजता से घुलना, सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना—ये सभी छोटे, लेकिन गहरे अर्थ वाले क्षण हैं। ये दृश्य नेतृत्व को पदानुक्रम से हटाकर एक मानवीय रूप में प्रस्तुत करते हैं। विदेशों में क्षेत्रीय पोशाक पहनना, नमस्ते को वैश्विक अभिवादन के रूप में प्रस्तुत करना या गंगा आरती में भाग लेना—ये सांस्कृतिक आत्मविश्वास को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने के प्रयास हैं। यह 'सांस्कृतिक कूटनीति' न केवल भारत की छवि को सशक्त करती है, बल्कि विश्व के साथ भावनात्मक सेतु भी बनाती है।

नरेंद्र मोदी की नेतृत्व शैली केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया नहीं है, यह संबंधों को गढ़ने की प्रक्रिया है। जनसंपर्क और जन संवेदना उनके शासन का मूलमंत्र बन चुके हैं। चाहे वह शासन का प्राविधिक पक्ष हो, कूटनीति का मानवीय पक्ष या एक आम नागरिक के प्रति संवेदना—हर पहलू में उनका जुड़ाव वास्तविक, आत्मीय और सशक्त है। मोदी का यह मॉडल केवल वर्तमान भारत का नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्व का भी मार्गदर्शन करता है। उनके नेतृत्व में भारत ने देखा है कि एक नेता भाषणों से नहीं, बल्कि स्पर्शों, भावनाओं और कर्मों से पहचाना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# इंसान हर रोज मंदिर जाते फिर भी पत्थर दिल ही रहते हैं

एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है। इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है। प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है।

तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। यह अटल सत्य है। सुख दुःख सदा नहीं रहते हर काली रात के बाद उजाला होता है। कभी किसी को दुखी नहीं करना चाहिए आप किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत कीजिये। कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत कीजिये। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है।



सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं ,कहते अपने ही काम आते हैं, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है, कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं। मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल कि कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इनकार कर देता है।

आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है, ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।

यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। समाज में आत्मकेंद्रित लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते, ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं। इंसान बनो हैवान मत बनो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देश** में भ्रष्टाचार के कई कारण होते हैं। सबसे बड़ा कारण है जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी। जब अधिकारियों पर सख्त निगरानी नहीं होती, तो वे अपने पद का दुरुपयोग करने लगते हैं। लालफीताशाही की वजह से आम लोगों को अपने कार्यों के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है, जिससे वे जल्दी काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर हो जाते हैं। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने का डर कम होता है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता से नहीं लेते। राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के मामलों में कड़ी कार्रवाई का न होना भी इस समस्या को बढ़ाता है। जब तक सख्त कानून, पारदर्शिता और नैतिक प्रशासन नहीं होगा, तब तक सरकारी कार्यालयों से भ्रष्टाचार हटाना कठिन रहेगा।

**अभिनव सिंह पठानिया, चंबा**

# विश्व की पहली 'एआई महिला मंत्री' की संवैधानिकता पर सवाल

इस सप्ताह राजस्थान के जैसलमेर जिले से भी छोटे देश अल्बानिया ने संसदीय इतिहास में एक ऐसा कदम उठाया है जो दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। यूरोप महाद्वीप के इस देश के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक 'आर्टिफिशियल महिला मंत्री' 'डिएला' नियुक्त की है, जो मानव न होकर 'कृत्रिम बुद्धि जनित' यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। 'डिएला' का अर्थ अल्बानियाई भाषा में 'सूर्य' होता है। अल्बानिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिप्टोकरंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख एनियो कासो ने 12 सितंबर को अल्बानिया की राजधानी तिराना में एआई बॉट मंत्री डिएला का परिचय दिया।



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह विश्व की एक ऐसी 'कैबिनेट मंत्री' है जो 'शारीरिक' नहीं हैं। डिएला को सार्वजनिक खरीद विभाग का मंत्री बनाया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी निविदाओं के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज और पूरी तरह जवाबदेह बना कर भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना है। डिएला एक 'एआई-पावर्ड वर्चुअल असिस्टेंट' है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया गया था। यह ई-अल्बानिया प्लेटफॉर्म पर पहले से ही एक वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही थी। इसे पारंपरिक अल्बानियाई वेशभूषा में एक महिला के रूप में चित्रित किया गया है। इसे आर्टिफिशियल मंत्री बनाने से अल्बानिया में संवैधानिक सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अल्बानिया के संविधान के अनुसार, मंत्रियों को 18 वर्ष से अधिक आयु का मानसिक रूप से सक्षम नागरिक होना चाहिए।

इस वर्ष हुए संसदीय चुनाव में रामा की सोशलिस्ट पार्टी ने 140 विधानसभा सीटों में से 83 सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सत्ता हासिल की जबकि पूर्व प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति साली बेरिशा के नेतृत्व वाले विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के गठबंधन ने 50 सीटें जीतीं। बहुमत के लिहाज से सोशलिस्ट पार्टी शासन कर सकती है और ज्यादातर कानून पारित कर सकती है, लेकिन अल्बानिया के संविधान में बदलाव के लिए उसे दो-तिहाई बहुमत यानी 93 सीटों की जरूरत है। अल्बानियाई राष्ट्रपति बजराम बेगज ने 13 सितंबर को रामा को नई सरकार के गठन का अधिकार सौंपा दिया। विश्लेषकों का कहना है कि इससे प्रधानमंत्री को एआई डिएला के निर्माण और संचालन का अधिकार तो मिल गया है, लेकिन सवाल संविधान सम्मत होने का है कि मानव की जगह कृत्रिम आभासी इकाई को मंत्री कैसे बनाया जा सकता है? स्वयं अल्बानियाई राष्ट्रपति के पास भी इसका स्पष्ट जवाब नहीं है। पत्रकारों के पूछे जाने पर कि क्या यह संविधान का उल्लंघन है, बेगज डिएला वाला सवाल टाल गए। अल्बानिया के प्रमुख विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे हास्यास्पद और असंवैधानिक करार दिया है।

डेमोक्रेट्स के संसदीय दल के नेता गजमेंद बर्धी ने कहा, 'प्रधानमंत्री की मसखरी को अल्बानियाई राज्य के कानूनी कृत्यों में नहीं बदला जा सकता।' अल्बानियाई कानूनी विशेषज्ञों ने भी संवैधानिक चुनौतियों की ओर इशारा किया है। दरअसल अल्बानिया लंबे समय से अपनी सुरक्षा और अन्य हितों के लिए यूरोपीय संघ की सदस्यता हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन बेहद भ्रष्टाचार के मुद्दे के कारण उसे यह सदस्यता नहीं मिल पा रही है। भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए उसने यह दांव खेला है। हालांकि विशेषज्ञों की राय में इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। किंग्स कॉलेज लंदन में पश्चिमी बाल्कन, भ्रष्टाचार और कानून के शासन के जानकार डॉ. एंडी होक्साज का मानना है कि अगर एआई को सही ढंग से पेश किया जाए, तो यह मददगार हो सकता है और भ्रष्टाचार-नियंत्रण के लक्ष्य में डिएला मदद कर सकती है। वित्तीय सेवा कंपनी बाल्कन्स कैपिटल की संस्थापक अनीदा बजराकतारी बिचजा का मानना है कि अगर यह एआई मंत्री वास्तविक प्रणालियों में विकसित होती है जो सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और विश्वास में सुधार करती है तो यह रचनात्मक भी हो सकता है।



दूसरी ओर यह तथ्य है कि भ्रष्टाचार जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए नवीन तकनीकी समाधानों की तलाश एक अहम पहल है, लेकिन यह कई गंभीर जोखिमों और चुनौतियों से भरा हुआ कदम है। सबसे बड़ा है जवाबदेही और दायित्व का संकट। अगर एआई कोई गलत निर्णय लेती है, जिससे वित्तीय नुकसान होता है या किसी की जान को खतरा होता है, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? क्या डेवलपर? क्या उस मंत्रालय का सचिव? क्या प्रधानमंत्री या फिर खुद एआई अल्गोरिदम? मंत्री एक जवाबदेह व्यक्ति होता है जिसे संसद के सामने जवाब देना होता है और उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। एक एआई सिस्टम को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता। एआई मॉडल कैसे निर्णय लेते हैं, यह आम नागरिक के लिए समझना मुश्किल होता है। अगर एआई मंत्री का फैसला नागरिकों के खिलाफ जाता है, तो उस फैसले के पीछे का तर्क समझाना और उसकी समीक्षा करना असंभव हो सकता है।

एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह का भी अपना जोखिम है। एआई अपने प्रशिक्षण डेटा से सीखती है। अगर ऐतिहासिक डेटा में मानवीय पूर्वाग्रह (जैसे जाति, लिंग, क्षेत्र के आधार पर भेदभाव) शामिल है, तो एआई उन्हीं पूर्वाग्रहों को और मजबूत करके निर्णय लेगी। इससे व्यवस्थागत भेदभाव बढ़ सकता है। सबसे बड़ी है कानूनी और संवैधानिक चुनौतियां। अधिकांश देशों के संविधान और कानून मंत्री पद के लिए 'मनुष्य' होने की शर्त है। एआई को मंत्री बनाना संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। यह एक अत्यंत जटिल कानूनी सवाल है, जिस पर अभी वैश्विक सहमति नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीक एक उपकरण है, शासक नहीं। निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी हमेशा मनुष्य के पास ही होनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनता को मूलभूत सुविधाएं देना ही सरकार की पहली प्राथमिकता

लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और सरकार का सबसे बड़ा दायित्व है कि वह नागरिकों को जीवन-यापन की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाए।

स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा—ये पांच ऐसे स्तंभ हैं, जिन पर आम जन का जीवन टिका है और जिनके अभाव में किसी भी समाज का विकास अधूरा रह जाता है। 'जहां नहीं हो शिक्षा का प्रकाश, विकास वहां हो जाता है निराश।' आजादी के इतने वर्षों बाद भी देश के कई हिस्सों में लोग इन सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीण सड़कों की जर्जर हालत, स्वास्थ्य केंद्रों की कमी, बिजली की अनियमित आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल की अनुपलब्धता और शिक्षा के स्तर में गिरावट यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास के दावे कितने जमीन पर उतर पाए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम जनता को सुलभ व किफायती इलाज मिलना चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्सकों से सुसज्जित करना समय की मांग है।



केशव शर्मा
घुमारवीं, बिलासपुर



'बीमार तन और टूटी हुई आस, स्वस्थ समाज है उचित विकास।' सड़कें केवल आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि विकास की धमनियां हैं।

जब तक हर गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ेगा, तब तक आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में तेजी नहीं आ सकती। 'राहें होंगी जब मजबूत और साफ, गांव से शहर तक तब जुड़े विश्वास।' बिजली, आधुनिक जीवन और उद्योग की रीढ़ है। हर घर और हर खेत तक निर्बाध बिजली पहुंचना अनिवार्य है।

'दीपक से दीप जलाना है, हर घर रोशन बनाना है।' पानी, जीवन की बुनियाद है। जल जीवन मिशन जैसे अभियानों को सशक्त रूप से लागू करना होगा ताकि हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल मिल सके। शिक्षा, समाज का आधार है।

यदि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं मिलेंगे तो आत्मनिर्भर भारत का सपना अधूरा ही रहेगा। 'पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत, ज्ञान से ही गढ़ेगा भारत।' सवाल यह है कि क्या सरकारें इन मूलभूत जरूरतों को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रख पा रही हैं? विकास की बड़ी-बड़ी घोषणाएं तभी सार्थक होंगी, जब आम नागरिक को इन सुविधाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव और देरी के मिले। 'वादों से नहीं होगा उद्धार, धरातल पर दिखे सरकार।' अब समय आ गया है कि योजनाएं केवल कागजों पर सीमित न रहकर धरातल पर दिखें। जनता का विश्वास तभी मजबूत होगा, जब सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा केवल वादे नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार बनकर उसकी जिंदगी का हिस्सा हों।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## भूस्खलन से बंद मंडी-पठानकोट राजमार्ग बहाल, एनएचएआई ने 20 मिनट में खोला



मंडी-पठानकोट राजमार्ग पर भूस्खलन होने से यातायात हो गया था बाधित।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में नागचला-हराबाग के पास लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मंडी-पठानकोट राजमार्ग पर भूस्खलन होने से यातायात बाधित हो गया था। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सिर्फ 20 मिनट के भीतर ही मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए फिर से खोल दिया।

एनएचएआई के साइट इंजीनियर अंकित गिल ने बताया कि बीती रात 2 बजे से सुबह 7 बजे तक लगातार मलबा हटाने का काम चला। उन्होंने कहा कि उनकी टीम पिछले तीन-चार दिनों से जोगिंद्रनगर क्षेत्र में सक्रिय है और भारी बारिश के बावजूद सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्राधिकरण के अधिकारी विकास सूरजेवाला ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी टीम की त्वरित कार्रवाई से राजमार्ग को 20 मिनट से भी कम समय में बहाल कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भूस्खलन की एक और घटना के बाद भी टीम ने तुरंत काम शुरू कर मार्ग को ठीक कर दिया।

# एक जिद ने डुबोया धर्मपुर बस स्टैंड

## जितना कमाया नहीं उससे ज्यादा लूटा बैठी सरकार, एनओसी जारी करने वालों के खिलाफ मांगा मुकदमा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** पूर्व मंत्री की एक जिद ने न केवल धर्मपुर बस अड्डे को डुबो के रख दिया, बल्कि बाजार भी लगभग खत्म हो गया है। अगर उन्होंने यह जिद नहीं की होती तो आज न तो सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान होता, बल्कि कई जिंदगियां भी मौत के आगोश में नहीं समाई होती। सरकार यहां बस स्टैंड से जितना कमा नहीं पाई उससे ज्यादा लूटा बैठी है। यही नहीं, अगर यह खड्ड में बस अड्डा न बनाते तो यहां पर 100 दुकानों की मार्केट और दलित बस्ती भी नहीं उजड़ती। दरअसल, धर्मपुर में सोन खड्ड के साथ खाली पड़ी जमीन पर अड्डा बनाए जाने की कवायद 1998 में शुरू हुई और यहां बस अड्डे का नींव पत्थर भी रख दिया। हालांकि तब यहां के कई स्थानीय कांग्रेस नेता खड्ड में अड्डा बनाए जाने का विरोध करते रहे।

2009 में तत्कालीन पूर्व मंत्री ने बस अड्डे को दोबारा भूमि पूजन किया। 2012 में इसका उद्घाटन हुआ, जबकि 2019 में न सिर्फ धर्मपुर डिपो की नोटिफिकेशन हुई, बल्कि सरकाघाट एचआरटीसी डिपो से 50 बसें रूट सहित व 170 लोगों का स्टाफ भी धर्मपुर लाया गया। हालांकि, वर्ष 2015 में बस अड्डा पानी में डूब गया था और 10 बसें डैमेज हो गई थीं, करोड़ों का नुकसान हुआ था। तत्कालीन परिवहन मंत्री ने इस बस अड्डे को यहां से तब्दील करने के आदेश दिए थे, परंतु किसी भी सरकार ने इसे लेकर कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई। 2023 की बरसात में फिर बस अड्डे में काफी तबाही हुई, 30 जून को धर्मपुर में आई आपदा के दौरान भी बस अड्डे में मिट्टी और पानी भर गया व लाखों का नुकसान पहुंचा। तब भी किसी ने इसकी परवाह नहीं की, 16 सितंबर को सबसे बड़ी आपदा में एचआरटीसी को 10 करोड़ का नुकसान हुआ है।

धर्मपुर बस अड्डे को बार-बार बाढ़ का दंश झेलना पड़ रहा है। बावजूद इसे अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की कवायद शुरू नहीं हो पाई है।




### सरकार ने लिया निर्णय, अब कहीं और बनेगा बस अड्डा

अब वर्तमान सरकार ने निर्णय लिया है कि यहां से बस अड्डे को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। धर्मपुर बस डिपो का कार्यालय भी यहां से शिफ्ट होगा। सोन खड्ड के साथ सटे होने के कारण बारिश में यह बस अड्डा अक्सर डूब जाता है। इससे पहले भी कई बार बस अड्डे में करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस कार्यालय को किसी अन्य स्थान पर बनाया जाएगा। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना द्वारा डीएम मंडी से मंगवाई नुकसान की रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया है।

### बस अड्डा नहीं होता तो दुकानें भी नहीं चढ़ती आपदा की भेंट: भूपेंद्र

**माकपा** नेता और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने खड्ड के साथ बस अड्डे को बसाए जाने को लेकर व इसे एनओसी जारी करने वाले तमाम अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि बस अड्डा बनने के बाद ही यहां पर 100 के करीब दुकानें बनाई गई थी, अगर बस अड्डा नहीं होता तो यह दुकानें भी आपदा की भेंट नहीं चढ़ती थी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ है।

## जिस खड्ड ने जान ली उसी के तट पर जली दोनों चिंताएं

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के इलाका बदार की शिवा खड्ड में मंगलवार को बहे दो लोगों का बुधवार को उसी शिवा खड्ड के तट पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार हो गया।

बता दें कि मंगलवार को मनोहर लाल और प्रेम सिंह की अपनी ही गांव सुम्मा के नजदीक सुम्मा शिवा खड्ड में दर्दनाक मौत हो गई थी। पानी का बहाव तेज होने से पहले प्रेम का शव मिला और दोपहर बाद 4 बजे के करीब मनोहर लाल का शव मिला था। देरी के कारणों मनोहर लाल का पोस्टमार्टम मंगलवार को नहीं हो सका था। इसलिए दोनों का संस्कार बुधवार को उसी खड्ड में किया गया। दोनों के दो-2 बेटे हैं। जिनमें से एक-एक बेटा फौजी है। स्व. प्रेम सिंह का बेटा देश राज मध्य प्रदेश में अग्निवीर के रूप में सेवा कर रहा है। उसे दुखद समाचार मंगलवार को ही मिल चुका था मगर वहां से मंडी तक आने में एक रात का समय लग गया। जबकि स्व. मनोहर लाल का बेटा भवानी दत जालंधर में फौजी के रूप में देश की सेवा कर रहा है। वह मंगलवार रात को ही घर पहुंच गया था। दोनों ही सैनिकों ने अपने-अपने पिता को मुखाग्नि देकर नम आंखों से विदा किया।

थट्टा देव ऋषि के कारदार मोहनलाल लाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे इलाका बदार के लिए इन दोनों की दुख की घड़ी से सन्नाटा पसरा हुआ है। हर घर गमगीन है। पंचायत प्रधान शिवा खेम चंद ने बताया कि दोनों का एक साथ संस्कार बहुत ही पीड़ादायक था।

## न्यूज ब्रीफ

### रुद्राक्ष ने सायर एकत्र कर नदी में प्रवाहित की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राक्ष ने स्कूल बाजार स्थित जल स्त्रोत के पास लोगों द्वारा रखी गई सायर को एकत्र कर विधिवत रूप से नदी में प्रवाहित किया। उन्होंने कहा कि हर साल लोग श्रद्धा भाव से सायर का पूजन करते हैं, परंतु दूसरे दिन यही सायर अक्सर कूड़े की गाड़ी में कचरे के रूप में चली जाती है, जो श्रद्धा की अवहेलना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पूजन के बाद सायर को जल स्त्रोत के पास रखने से पूर्व या प्रवाहित करने से पहले उसमें रखे अखरोट, पैसे, फल, भल्ले और बाबरु जैसी खाद्य या उपयोगी वस्तुएं निकाल लें और इन्हें किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दान दें। ऐसा करने से ये वस्तुएं नष्ट नहीं होंगी और किसी के काम आ सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक छोटा कदम होगा, बल्कि मानवता और सेवा भाव की दृष्टि से भी एक सार्थक प्रयास है। रुद्राक्ष के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया जो हर किसी को अपनानी चाहिए।

### जोगिंद्रनगर विकास मंच का सार्थक कदम

**अभिषेक, अनंत ज्ञान,** जोगिंद्रनगर विकास मंच समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। मंच के संस्थापक केके सकलानी ने बताया कि यह संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है व युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेलकूद व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। महिला मंडलों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण कक्षाएं चलाने की योजना है, जैसे कि योग, ब्यूटी पार्लर, पाक-कला आदि। मंच ने अपंग पूरण चंद को व्हीलचेयर प्रदान कर मानवता का परिचय दिया। साथ ही, हाल ही में मानसून आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी गई। मंच ने बेटियों के विवाह व बच्चों के शैक्षिक-सांस्कृतिक विकास में भी सहायता का वादा किया है। सकलानी ने सभी से मंच से जुड़ने व सामाजिक कार्यों में भाग लेने की अपील की।

### सुभाष बने जल रक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत पिपली (लडवाण), उपतहसील मकरीडी के सुभाष राणा को हिमाचल प्रदेश जल रक्षक संघ का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वर्तमान में जल शक्ति विभाग में जल रक्षक के पद पर कार्यरत राणा अब प्रदेश भर में जल रक्षकों की समस्याओं व मांगों को सरकार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रदेश अध्यक्ष जवालू राम और कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। राणा ने कहा कि वे संघ की आवाज़ को प्रभावशाली रूप से उठाने व सरकार से संवाद स्थापित करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### मुल्थान स्कूल भवन सामग्री की नीलामी स्थगित

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुल्थान में छात्रावास के दो असुरक्षित भवनों एवं एक मैस भवन की नीलामी फिलहाल स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष मंगत राम ने दी। उन्होंने बताया कि यह नीलामी 24 सितंबर को सुबह 11 बजे पाठशाला परिसर में बोली के माध्यम से की जानी थी, जिसमें भवन निर्माण में लगी सामग्री को सार्वजनिक रूप से नीलाम किया जाना था। हालांकि, विभागीय कारणों के चलते यह प्रक्रिया अब स्थगित कर दी गई है। मंगत राम ने कहा कि यह निर्णय शिक्षा विभाग, धर्मशाला के निर्देशानुसार लिया गया है। अब नीलामी विभाग द्वारा निर्धारित नई तिथि पर ही की जाएगी, जिसकी सूचना सर्वसाधारण को समय रहते सार्वजनिक की जाएगी।स्कूल प्रबंधन कमेटी ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अगली तिथि की घोषणा तक प्रतीक्षा करें और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### धर्मपुर से टैक्सी चालक लापता, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर की लंगेहड़ पंचायत से एक टैक्सी चालक पिछले कल से लापता है परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट धर्मपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है प्राप्त जानकारी अनुसार बरोटी गांव का प्रवीण कुमार उर्फ़ सेंटू अपनी टैक्सी कार समेत कल से लापता हो गया है। उसकी अंतिम लोकेशन धर्मपुर पुल के पास पाई गई थी। उसी पुल पर टैक्सी खड़ी है और उसमें चालक का मोबाइल और पैसों से भरा पर्स भी पड़ा मिला है। मामले की पुष्टि डीएसपी धर्मपुर ने करते हुए बताया कि गुमशुदी को लेकर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### 350 विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटली में 2 एचपी एनसीसी बटालियन मंडी के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्नल सुनील भट्ट, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा वैद्य, संजीवनी अस्पताल की डॉ. कृति शर्मा व डॉ. आदित्य चंदेल सहित अन्य मेडिकल स्टाफ और एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 350 बच्चों, स्थानीय लोगों व स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर कर्नल सुनील भट्ट ने बच्चों को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करते हुए शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा व जनरल मानेकशॉ जैसे वीरों के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा के लिए सेना सर्वोत्तम मंच है। यह शिविर शाम 4 बजे तक चला और स्थानीय जनता ने इसे सराहा।

### स्वच्छता पखवाड़े पर दिलाई स्वच्छता शपथ

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** बुधवार को बीएसएल परियोजना बीबीएमबी, सुन्दरनगर के मुख्य अभियन्ता कार्यालय परिसर में उप मुख्य अभियन्ता इंजी. कश्मीर सिंह ठाकुर ने परियोजना स्टाफ को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर ठाकुर ने सभी से अपील की कि वे अपने आस पास सफाई रखें व वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता को दें। साथ ही अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### एसपीयू मंडी में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू), मंडी में माय इंडिया अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं और उनके लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि रहे। प्रो. अवस्थी ने कार्यक्रम की शुरुआत पीएम मोदी को उनके 75वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने युवाओं के सशक्तिकरण और समग्र विकास की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने 'स्किल इंडिया मिशन', 'आयुष्मान भारत', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'स्वच्छ भारत अभियान', 'मेक इन इंडिया' और 'पीएम कौशल विकास योजना' जैसी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में डॉ. सनील ठाकुर ने युवाओं को इन योजनाओं में पंजीकरण, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग और स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया।

## एसडीएम ने करसोग बाईपास सड़क के बहाली कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, करसोग**



करसोग बाईपास सड़क का निरीक्षण करते एसडीएम गौरव महाजन व अन्य।

एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने आज करसोग बाईपास सड़क मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे राहत, पुनर्वास और सड़क मार्ग बहाली कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली सुविधाओं को युद्धस्तर पर बहाल किया जाए ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण करसोग बाईपास सड़क मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप है और सभी भारी वाहन करसोग बाजार से होकर गुजर रहे हैं। जिसके कारण लोगों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने अधकारियों को निर्देश दिए कि बाईपास सड़क मार्ग की बहाली कार्य में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बहाल होने से जहां करसोग बाजार में यातायात दबाव कम होगा, वहीं लोगों को भी सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी।

इसी दौरान, उन्होंने जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं का भी निरीक्षण किया और प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली व संचार जैसी सेवाओं की बहाली कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के एक्सईएन केकेशर्मा, लोनि विभाग के एसडीओ अजय सहित कई उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाए जांच शिविर में 427 लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन को पूरे देश में मनाया जा रहा है और अनेक तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसा ही आयोजन बल्ह विधानसभा क्षेत्र के पैड़ी में आयोजित किया गया जहां सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांचा। इस शिविर में 427 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और पेशेवर डॉक्टर जिनमें डॉ प्रदीप, डॉ शगुन, डॉ आदिवेश ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

कार्यक्रम के आयोजक महेश सपहिया ने मीडिया को जारी बयान में कहा की मनुष्य के लिए उसका स्वस्थ रहना महत्वपूर्ण है परन्तु वर्तमान समय में लोग स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर और प्रयास संस्था ने महत्वपूर्ण बीड़ा उठाया है और इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 जन्मदिन पर इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित कर हम गौरांवित महसूस कर रहे हैं और उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पैड़ी जैसे छोटे से गांव में प्रयास संस्था और सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के द्वारा लोगों के धन और समय की बचत हुई है और प्रशिक्षित डॉक्टरों का मार्गदर्शन लोगों को मिला है। इसके लिए पूरा पैड़ी क्षेत्र इस शुभ कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद करता है।

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को मिली ऐतिहासिक गति: जयराम ठाकुर



पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर लगाए यज्ञ के दौरान पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर हिमाचल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी का कार्यकाल देश की ऐतिहासिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का समय रहा है। उनके 11 सालों के नेतृत्व में भारत 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, 50 करोड़ से अधिक लोगों के खाते खुले, 12 करोड़ को शौचालय व 3 करोड़ से ज्यादा को आवास मिला। मोदी के कार्यकाल में अनुच्छेद 370 हटाया गया, ट्रिपल तलाक समाप्त हुआ, भव्य राम मंदिर बना और अटल टनल जैसी परियोजनाएं पूरी हुईं। उन्होंने कहा कि मोदी के दिल में हिमाचल बसता है, यहां की परियोजनाओं को विशेष राज्य का दर्जा मिलने से केवल 10 प्रतिशत भागीदारी करनी पड़ती है।

जयराम ने मंडी में मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया तथा उनके दीर्घायु जीवन के लिए यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार केंद्र से मिले आपदा राहत फंड को अन्यत्र खर्च कर रही है जबकि एरिया स्पेसिफिक फंड का उपयोग उसी क्षेत्र में होना चाहिए जहां नुकसान हुआ हो।

## हिमाचल के तकनीकी संस्थानों में शुरू होगी डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई: राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के आईटीआई, बहुतकनीकी, इंजीनियरिंग और फार्मेसी संस्थानों के पाठ्यक्रमों में एक नया विषय जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन में तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर स्पेस टेक्नोलॉजी तक का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन सर्विलांस, रेस्क्यू, रिस्क असेसमेंट और मिटीगेशन में तकनीकी टूल्स के प्रयोग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को मिलेगा।

मंत्री ने बताया कि अगले विश्वकर्मा दिवस पर विद्यार्थी इस विषय से संबंधित मॉडल प्रस्तुत करेंगे। इससे उन्हें नए स्टार्टअप और नवाचारों की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा। फार्मेसी के विद्यार्थी भी सीखेंगे कि आपदा की स्थिति में, जब कोई क्षेत्र कट जाता है, तो चिकित्सीय सहायता किस प्रकार पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस पहल से हर गांव और कस्बे में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा, जिससे आपदा प्रबंधन में रिस्पांस टाइम कम होगा और राहत कार्यों की सटीकता बढ़ेगी। उन्होंने इसे हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में एक बड़ा निर्णय बताया।



### आपदा प्रबंधन में एआई और स्पेस टेक्नोलॉजी का उपयोग सीखेंगे विद्यार्थी

राजेश धर्माणी आज सुंदरनगर बहुतकनीकी संस्थान के सभागार में आयोजित विश्वकर्मा दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे । इस अवसर पर उन्होंने बहुतकनीकी संस्थानों की 11 शाखाओं और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की 60 शाखाओं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बहुतकनीकी संस्थानों की 11 शाखाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 50-50 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 30-30 हजार और तृतीय स्थान पर आने वालों को 20-20 हजार रुपए प्रदान किए गए। वहीं आईटीआई की 60 शाखाओं के टॉपर विद्यार्थियों को क्रमशः 21-21 हजार, 11-11 हजार और 5,500-5,500 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।

## नशा मुक्ति अभियान के लिए 6 महीने का प्लान तैयार

### 2 को पंचायत स्तर व 18 को धर्मपुर में आयोजित होगा ग्रामीण महिला दिवस: राठौर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर की बैठक अंतरराष्ट्रीय एथेलिटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी और डॉ. विना राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मंडी साक्षरता और ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक सदस्य भूपेंद्र सिंह सचिव सुनीता बिष्ट व ऋत्विक ठाकुर पूर्व सैनिक लीग के कैप्टन रमेश तपवाल और रत्न चंद सर्वोदय जन कल्याण समिति के परजीत सिंह और राजीव आर्य के अलावा रणताज राणा, डॉ अश्वनी राठौर, सुरेंद्र कश्यप, सतीश कुमार, करतार सिंह, सोहन सिंह, मेहर सिंह, यशपाल पठानिया, अशोक आनंद, कंचना, कमला, बबली, शोमा, सपना, मीनू, रीता, रामचंद, दिलीप सिंह आदि ने भाग लिया।

बैठक में नशा मुक्ति अभियान में अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को शामिल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया कि 8 मार्च तक नशा मुक्ति अभियान को सघन रूप में चलाएगी, जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों तथा क्षेत्रों में निगरानी समितियां गठित की जाएंगी जिनकी शुरुआत 2 अक्तटूबर महात्मा गांधी जयंती से की जाएगी। इस दिन सभी ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम सभा में नशा मुक्त बारे शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उसके बाद 15 अक्तूबर को विश्व ग्रामीण महिला दिवस के मौके पर धर्मपुर में महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के लिए पुलिस उपमहानिदेशक सौम्या संबिसन को बतौर मुख्यातिथि बुलाया जाएगा। इसके बाद 22 अक्तूबर को भैय्या दूज के दिन भी ग्रामीण स्तर पर कर्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर चोलथरा में बच्चों व युवाओं की खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर भी नशे के विरोध में प्रोग्राम आयोजित किये जायेंगे। इसी दौरान दिसंबर माह में होने वाले पंचायत चुनावों में स्वयं नशा न करने वाले, चुनावों में वोट के लिए शराब का इस्तेमाल न करने वाले उम्मीदवारों तथा अपने चुनावी घोषणापत्र में अपनी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के काम को प्राथमिकता देने वाले उमीदवारों को वोट देने की अपील की जाएगी।

### नशा खत्म करने के लिए दिया जाएगा सम्मान

**बैठक** में निर्णय लिया कि जो महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह अपने गांव को पूर्ण रूप में नशा मुक्त करने के लिए कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा। डॉ विना राठौर ने कहा कि इसी महीने सरकाघाट, धर्मपुर, संधोल और ब्लदवाड़ा कॉलेजों व पपलोग आईटीआई में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। कोच भूपिंद्र भूप्पी ने कहा कि अक्टूबर माह में संधोल, बरोटी-मंडप,चोलथरा तथा सरकाघाट में युवाओं की मिनी मेराथन सड़क दौड़ें भी आयोजित की जाएंगी ताकि युवाओं को खेलों में भाग लेने और नशे से दूर रखने के लिए जागरूक किया जा सके।

## 84 युवाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मंडी में आस्था अस्पताल चकर रक्तदान शिविर का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में युवाओं का उत्साह देखने योग्य था। कुल 84 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। निहालचंद शर्मा ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। युवाओं का यह उत्साह प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति प्रेम और समाज सेवा की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर सांसद कंगना रनौत, विधायक इंद्र सिंह गांधी, दीपराज, भाजपा प्रदेश महामन्त्री पायल वैद्य, प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा, मेयर वीरेंद्र भट्ट, पाल वर्मा, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जानकारी** आपदा के उपरांत राहत और बहाली कार्यों में जुटे स्थानीय प्रशासन एवं विभाग, जल्द सामान्य होंगी सेवाएं

## धर्मपुर में प्रभावितों को दी 13.60 लाख की फौरी राहत: एसडीएम

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर बस स्टैंड के साथ लगती सोन खड्ड में हाल ही में आए फ्लैश फ्लड से प्रभावित लोगों को प्रदेश सरकार की ओर से प्रशासन द्वारा अब तक लगभग 13 लाख 60 हजार रुपए की फौरी राहत राशि वितरित की जा चुकी है। एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि इस आपदा में प्रभावित 99 दुकानदारों, 15 मकान मालिकों और 22 किरायेदारों को यह राहत राशि दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीनों और विभागीय उपकरणों के माध्यम से सड़कों की बहाली और बस स्टैंड धर्मपुर पर भरी सिल्ट को हटाने का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के 44 जवान और स्थानीय पुलिस मिलकर ड्रोन कैमरों की मदद से आपदा में लापता हुए लोगों की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह राहत और बहाली कार्यों में जुटा हुआ है और जल्द ही धर्मपुर में बस सेवाएं सामान्य हो जाएंगी।



सोन खड्ड में आए फ्लैश फ्लड से धर्मपुर बस स्टैंड में आए कीचड़ को हटाते हुए।

गत 15 और 16 सितंबर की रात को हुई मूसलाधार बारिश ने धर्मपुर विद्युत उपमंडल की अधोसंरचना को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बारिश से 33 केवी और 11 केवी एचटी लाइनों के साथ-साथ एलटी लाइनें, डीटीआर, स्टोर तथा 33/11 केवी उप-स्टेशन को भारी क्षति पहुंची है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2 किलोमीटर 33 केवी एचटी लाइन और 6 किलोमीटर 11 केवी एचटी लाइन क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं 12 ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह या आंशिक रूप से खराब हो गए, जिससे अकेले इस मद में करीब 41.36 लाख का नुकसान हुआ। कुल मिलाकर 9.5 किलोमीटर एलटी लाइन और 110 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

सबसे अधिक नुकसान 225 लाख रुपए का सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुआ है। उप-स्टेशन की बाउंड्री वॉल, फेंसिंग, यार्ड, कंट्रोल रूम, रोड और स्टोर सामग्री बह गई है। साथ ही विभाग के छह वाहन भी क्षतिग्रस्त बताए गए हैं। कुल मिलाकर विभाग को इस आपदा में 460.87 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। विभाग का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। लगातार हो रही बारिश और सड़क संपर्क बाधित होने के कारण बिजली के खंभे और सामग्री साइट तक पहुंचाने की चुनौती के बावजूद विद्युत कर्मी बहाली के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं।

### अब तक 20 बसें हो चुकी क्षतिग्रस्त

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम के मंडलीय प्रबंधक, मंडी उत्तम सिंह ने बताया कि हाल ही में धर्मपुर में आई फ्लैश फ्लड से एचआरटीसी बस स्टैंड को भारी नुकसान पहुंचा है। सोन खड्ड में आए उफान के चलते अब तक 20 बसें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बस स्टैंड की ग्राउंड फ्लोर और वर्कशॉप क्षेत्र में पानी घुसने से मोटी परत में सिल्ट भर गई है, जिसे निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। क्षतिग्रस्त बसों को रिकवर करने के लिए एचआरटीसी डिवीजनल डिपो हमीरपुर और धर्मशाला से मैकेनिकल टीमें धर्मपुर भेजी गई हैं। फिलहाल सरकाघाट-धर्मपुर मार्ग पर दो बसें सवारियों की सुविधा के लिए चलाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि धर्मपुर डिपो की 28 अन्य बसें अभी अलग-अलग स्थानों पर फंसी हुई हैं, जिन्हें सड़क मार्ग बहाल होने पर क्रमवार चलाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संक्रांति के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में ममंगलवार देर शाम को भादो महीने की सक्रांति के अवसर पर कीर्तन करवाया गया, जिसमें संत राकेश दास डेरा कांगड़ ने संगत को गुरु नाम बाणी से जोड़ते हुए माहौल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंद्र सिंह बैंस, महासचिव मनोहर लाल पीसी, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, बरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार को दूसरी बार व मुख्य सलाहकार बलराम महें, उपप्रधान कश्मीरी लाल, सह सचिव सुरजीत कुमार सहित अन्य संगत मौजूद रही।

### डीआईजी सौम्या ने मां चिंतपूर्णी का लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** नॉर्दर्न रेंज धर्मशाला की डीआईजी सौम्या सांबशिवन बुधवार सुबह परिवार के साथ मां चिंतपूर्णी के मंदिर पहुंचीं और माता रानी का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी सुमित कालिया ने उनकी पूजा करवाई। इस मौके पर डीएसपी अंब वसुधा सूद, चिंतपूर्णी थाना के एएस राजेश कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा, होमगार्ड इंचार्ज पूर्ण सिंह और मोईन थाना के पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। डीआईजी सौम्या की कार्यशैली को हिमाचल में काफी सराहा जाता है और वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रही हैं।

### जरूरतमंद छात्रों की मदद कर रहा प्रकोष्ठ : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में छात्र सहायता प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जो कि महाविद्यालय के प्राचार्य रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय ठाकुर एवं सचिव अक्षय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रकोष्ठ की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि यह प्रकोष्ठ राजनीति से हटकर केवल आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता के लिए गठित किया गया है। इसका उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों की मदद करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ हैं। प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय स्तर पर एक टीम का गठन किया गया है, जो ऐसे विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें सहायता हेतु प्रकोष्ठ तक लाने का कार्य करेगी। प्राचार्य रमेश ठाकुर ने बताया कि छात्र सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना एक वर्ष पूर्व की गई थी और तब से अब तक कई जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भी छात्र-छात्राएं किसी भी प्रकार की सहायता चाहते हैं, वे निःसंकोच प्रकोष्ठ से संपर्क करें।' बैठक में प्रकोष्ठ के अन्य प्रमुख सदस्यगण एवं महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बुधवार को राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत किशोरों, महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की रोकथाम हेतु 8वें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत 17 सितंबर से हुई। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के नारे के साथ बाल विकास परियोजना परागपुर के समस्त 364 आंगनबाड़ी केंद्रों में इसका प्रारंभ किया गया। वृत्त समनोली की पंचायतों गंगोट, समनोली, कडोह, बागली, चलाली और धोंटा के 23 आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पूर्ण एक माह तक महिलाओं के लिए रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

### भरवाईं स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला भरवाईं में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) द्वारा बच्चों की उपस्थिति में एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने किया। यह कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता गणित सुनील कुमार एवम प्रवक्ता कॉमर्स रेणु सरोच की अगुवाई में हुआ। शिविर में वालंटियर्स ने विद्यालय भवन के चारों ओर साफ-सफाई की ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने स्वयंसेवियों को शिविर का लाभ उठा अपने व्यक्तित्व का विकास करने और समाज के प्रति अपने योगदान को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिविर में 60 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# भारी बारिश से जिले में 340 करोड़ स्वाह

## प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को सुनिश्चित की है हरसंभव मदद : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



आपदा समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त जतिन लाल अधिकारियों के साथ ऊना जिले में आई आपदा पर विचार-विमर्श करते हुए।

ऊना जिले में इस मानसून सीजन के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से अब तक लगभग 340 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इसमें लोक निर्माण विभाग को 191 करोड़ तथा जलशक्ति विभाग एवं स्वां नई बाढ़ प्रबंधन परियोजना को लगभग 125 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। अन्य विभागों और निजी संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे कई परिवार प्रभावित हुए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद सुनिश्चित की गई है और प्रशासन राहत एवं बहाली कार्यों में पूरी गंभीरता और तत्परता से जुटा हुआ है। उन्होंने यह जानकारी बुधवार को शिमला से ऑनलाइन माध्यम से आयोजित मुख्यमंत्री की आपदा समीक्षा बैठक के उपरांत दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत दौरा कर जमीनी स्तर पर राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, साथ ही, आपदा में बेघर हुए परिवारों को सरकार की ओर से मासिक किराया प्रदान करने की सुविधा से अधिक से अधिक लाभान्वित करने पर भी बल दिया।

बता दें, वर्तमान में हिमाचल सरकार द्वारा विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपए मासिक किराया बेघर परिवारों को प्रदान किया जा रहा है। सरकार अधिक परिवारों को लाभान्वित करने के लिए किराया देने की शर्तों में ढील देने पर भी विचार कर रही है।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 24 पक्के और 81 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जबकि 381 पक्के और 543 कच्चे मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। इसके अतिरिक्त 35 दुकानें और 503 पशुशालाएं भी प्रभावित हुई हैं। अधिकांश मार्ग बहाल कर दिए गए हैं, जबकि बंगाणा क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर भूस्खलन से बाधाएं बनी हुई हैं और वहां बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

इस दौरान उपायुक्त के साथ डीसी कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता हर्ष पुरी, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिंतपूर्णी मेला क्षेत्र चार सेक्टर में बांटा प्रशासनिक नियंत्रण होगा सशक्त

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

- चिंतपूर्णी में आश्विन नवरात्र मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक

चिंतपूर्णी में आगामी आश्विन नवरात्र मेले के सफल आयोजन के लिए 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक के प्रबंधों को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक चिंतपूर्णी बाबा माईदास सदन में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा मंदिर ट्रस्टी मौजूद रहे और मेले के संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटा जाएगा, ताकि प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से चल सके। एसडीएम अंब को पूरे मेले का मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि डीएसपी पुलिस मेला अधिकारी के पद पर तैनात रहेंगे।

**नारियल प्रसाद की व्यवस्था :** एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत नारियल मेला के दौरान मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालुओं से लिए जाने वाले नारियल प्रसाद के तौर पर वापस लौटाए जाएंगे। ये प्रसाद मंदिर के सेवादार वापसी द्वार पर वितरित करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं का संतोषजनक अनुभव सुनिश्चित होगा।

**स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य व्यवस्थाएं :** मंदिर न्यास की ओर से भी स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। न्यास की एंबुलेंस किसी भी आपात स्थिति में सीधे चिंतपूर्णी अस्पताल के लिए उपलब्ध रहेगी। बैठक में पानी और बिजली की व्यवस्था को निरंतर और सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए, साथ ही, नवरात्रों के दौरान सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल को सफाई के कार्य सौंपे गए हैं।

**मेले के सफल आयोजन के निर्देश :** एसडीएम और अधिकारियों ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे एकजुट होकर मेले के दौरान अनुशासन, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखें। इस प्रकार के ठोस प्रबंधों से चिंतपूर्णी के शारदीय नवरात्रे मेले का सफल और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित होगा, जिससे हजारों श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को सुविधा और सुरक्षा दोनों प्राप्त हो सकेगी।

# बीटन कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में निखरी छात्रों की छुपी प्रतिभा



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उन्हें एक मंच उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ की प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में वाद-विवाद, भाषण, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता एवं रंगोली अन्य प्रतिस्पर्धाओं में छात्र ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की कला और प्रस्तुति की सराहना करते हुए विजेताओं की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने सभी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को और निखारने तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी और महाविद्यालय के सांस्कृतिक वातावरण को समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। इन दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी प्रध्यापकगणों ने भाग लिया तथा विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

# भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर 'जीएसटी' से लगा अंकुश : अनुराग

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना जिले के व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ सांसद अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय वित्त एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऊना जिले के व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों और प्रमुख व्यापारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विषय पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक ढांचे में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी सुधार है, जिसने पूरे देश के बाजार को एक सूत्र में पिरो दिया है। इससे व्यापारिक प्रक्रियाएं आसान हुई हैं, टैक्स प्रणाली पारदर्शी बनी है और भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार और अधिक सरल बनाने, छोटे व्यापारियों एवं उद्यमियों को राहत देने और कर प्रणाली को जनता के अनुकूल बनाने की दिशा में काम कर रही है। हाल ही में किए गए सुधारों के कारण अब व्यापारियों को रिटर्न भरने में आसानी होगी और छोटे व्यापारियों के ऊपर कर का बोझ भी घटेगा।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे। उन्होंने की तकनीकी चुनौतियों, इनपुट टैक्स क्रेडिट और छोटे कारोबारियों के लिए आने वाली दिक्कतों की ओर ध्यान आकर्षित किया। अनुराग ठाकुर ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि व्यापारियों की जायज मांगों को उचित मंच पर रखा जाएगा तथा समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से व्यापारी वर्ग को राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानती आई है और यही कारण है कि सरकार लगातार सुधारों के माध्यम से व्यापार को और सुगम बनाने पर जोर दे रही है।

उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे बिना किसी झिझक अपनी समस्याएं सामने रखें ताकि उन पर समयबद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने अनुराग ठाकुर का स्वागत किया और धन्यवाद प्रकट किया कि उन्होंने समय निकालकर व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की और उनका मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर भरोसा जताया और कहा कि मोदी सरकार के निर्णयों से व्यापारिक वर्ग को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, पहु लाल भारद्वाज, लखबीर सिंह, प्रोफेसर राम कुमार, चैतन्य शर्मा, विजय जोशी, राम पाल सैनी, राज कुमार पठनीय, बलविंदर गोल्डी, विनय शर्मा, सुमेश शर्मा, प्रिंस राजपूत, सुरिंदर लठ, रघु पूरी, अजय पराशर, रजत ठाकुर, मनोज राणा, विशाल ठाकुर, सतरूप परिहार, मदन पूरी, विकास पूरी, आकाश, खामोश, नवदीप कश्यप, अशोक पुरी, पुरुषोत्तम भाटिया, दिनेश कुमार, विशाल, विकी सैनी, राजेश दत्ता, प्रमोद वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

# सेवा उत्सव के तौर पर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिवस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चैतन्य शर्मा की अगुवाई में मरीजों को फल वितरित करते भाजपा के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा मंडल दौलतपुर और गगरेट की ओर से सेवा कार्यों का भव्य आयोजन किया गया। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को फलों का वितरण किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मीडिया से रू-ब-रू होते हुए पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन तपस्या और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए ऐसे ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे भारत को नई पहचान मिली है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे हर वर्ग को लाभ मिला है और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

चैतन्य शर्मा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प लिया कि वे जनसेवा के पथ पर संगठन की विचारधारा और मोदी के मार्गदर्शन को आगे बढ़ाते रहेंगे। इस मौके पर दौलतपुर चौक भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर निंदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, महामंत्री विकास डडवाल, राजीव पराशर, अतुल शर्मा, विशाल शर्मा, सुमन, पूनम, मंजू जरियाल, कमल हीर, प्रिंस सुधेरा, विवेक शर्मा, प्रिंस जसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर हरोली में 101 यूनिट खून किया इकट्ठा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन हरोली अस्पताल में किया गया, जिसमें 101 यूनिट रक्तदान किया गया। युवाओं ने रक्तदान कर अपनी शुभकामनाएं भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित कीं। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर अनेक सेवा के कार्य इस सेवा पखवाड़े में मनाए जाते हैं।

इस अवसर पर प्रो. राम कुमार ने कि आज मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ा है। इस मौके पर गगरेट से पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला महामंत्री पहुलाल भारद्वाज, लखबीर लखी, बलराम बबलू, राजीव राणा, रविंद्र दुवेदी, कार्यलय सचिव अजय प्राशर, राम पाल, बलबीर धीमान, चंदन, सूरज, ऊना मंडल अध्यक्ष दविंद्र कौशल, राहुल शर्मा, अनीता जसवाल, अशोक कुमार, देसराज राणा, नितिन लंबड़, अतुल शर्मा, अमन भारद्वाज, गोल्डी कौंडल, जतिंद्र सोढी, कमल सैणी, रजत राणा, अमन राणा, अमन ठाकुर, अभिषेक, सतीश शर्मा, पवन बीटन, अरुण बीटन, गुरविंदर खेपड़, सुरिंदर शिंदा, गोविंद, सचिन कपिला, दीपू, गगन राणा, मनीष, चाणन सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।



प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# बुधान स्कूल के सितारे चमके, मेरिट सूची में आए 13 विद्यार्थी

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



संशोधित मेरिट सूची में 13 विद्यार्थी जो मेरिट में आए, को सम्मानित किया गया।

**लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा +2 कक्षा की संशोधित मैरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बुधान ने शिक्षा जगत में नया इतिहास रचते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। इस विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवा लिया है, जो न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

जिन विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई है उनमें तानिया, शगुन बाला, आदित्य, अभिनव, वंशिका, ज्योति, प्रिया, श्रेया, राहुल, कार्तिक, काव्य, अतुल और खुशबू सभी होनहारों ने न सिर्फ अपने माता-पिता, विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने इस विशेष अवसर पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उप-प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा अमूल्य धन है, जो किसी भी परिस्थिति में नष्ट नहीं होता। यदि विद्यार्थी शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान को समझें और उसका पालन करें, तो हर कोई भी मेरिट सूची में अपना स्थान पाकर अपने माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों और क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। हमारे स्कूल के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयास से कुछ भी संभव नहीं है, लेकिन उसके लिए पढ़ाई करना बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी ने बच्चों की इस सफलता में भागीदार बनकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बुधान स्कूल के इन 13 विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, मार्गदर्शन और लगन से किसी भी ऊंचाई को छूना संभव है। यह सफलता सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शिक्षा ही वह धरोहर है, जो जीवन भर साथ रहती है।

इस अवसर पर हरविंदर कुमार, विजय इंदोरिया, सतीश कुमार, धीरज कतना, मनोज कुमार, राजीव डोगरा, मनिंदर कुमार, अंबिका रानी, चमन लाल डीपी. समेत सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कोटला कलां की जनता को कम वोल्टेज से मिली राहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- लोगों ने विधायक विवेक शर्मा का जताया आभार

कुटलैहड़ विस क्षेत्र पंचायत अपर कोटला गांव के लोगों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान अब तेजी से हो रहा है। क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विधायक विवेक शर्मा लगातार सक्रिय हैं। इसी कड़ी में पंचायत अप्पर कोटला कलां में बिजली समस्या को देखते हुए नया 63 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके लगने से अब पूरे क्षेत्र की विद्युत समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी।

लंबे समय से बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने और कम वोल्टेज से परेशान जनता ने विधायक की इस पहल पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह कदम क्षेत्रवासियों के जीवन को आसान बनाएगा। स्थानीय निवासियों बलदेव, जगदेव, महिंदर सिंह, ओंकार अत्रि, दीपक राणा, रणजीत सिंह, राकेश रज़ादा, फुमन सिंह, राजीव शर्मा, सतनाम सिंह, दलेर सिंह, विवेक शर्मा, बब्बी और रमन सैनी सहित कई लोगों ने विधायक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल बिजली की समस्या को खत्म करेगा, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियों और घरेलू कार्यों में भी बड़ी राहत देगा। विधायक विवेक शर्मा ने इस मौके पर कहा कि उनका प्रयास है कि कुटलैहड़ की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर गांव तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

इस आपदा की कड़ी में कुटलैहड़ की पंचायत चुरड़ी की एक महिला बीते दिनों भारी बारिश के कारण मकान ध्वस्त होने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उस समय विधायक विवेक शर्मा ने तुरंत राहत राशि देकर पीड़ित परिवार की मदद की थी। इसके अलावा भी विधायक आपदा प्रभावितों की लगातार मदद में लगे हुए हैं।

**अनदेखी** अवैध कब्जों से विकराल हुई बंगाणा बाजार जल निकासी की समस्या, सभी विभाग बने मूकदर्शक, व्यापारियों का हो रहा नुकसान

# समाधान नहीं हुआ तो मिट सकता है बंगाणा बाजार का अस्तित्व

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल मुख्यालय बंगाणा, जिसे कुटलैहड़ क्षेत्र की राजधानी कहा जाता है, आज अपनी बदहाल व्यवस्था और लापरवाही भरे प्रशासनिक रवैये के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। भारी बारिश के दिनों में यहां की अव्यवस्थित निकासी व्यवस्था और नालियों पर हुए अवैध कब्जों ने स्थिति और भयावह बना दी है। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम न उठाए तो वह दिन दूर नहीं जब बंगाणा अवैध कब्जों वाला शहर कहलाएगा।

समस्या का समाधान न हुआ तो कभी प्रकोप से बाजार का अस्तित्व मिट जाएगा। बंगाणा बाजार में भारी बारिश में बार-बार पानी भरने से यहां के दुकानदारों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। व्यापार मंडल बंगाणा कई बार लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा को इस समस्या से अवगत करा चुका है, लेकिन विभाग आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला पाया है। बंगाणा बाजार की नालियों पर जगह-जगह अवैध कब्जे भी प्रशासन की नाकामी को उजागर करते हैं। कई दुकानदारों और लोगों ने नालियों को ढककर अपने निर्माण कर लिए हैं। नतीजतन, पानी की निकासी बाधित हो जाती है और बारिश का पानी सड़क पर फैलकर लोगों व वाहनों के लिए खतरा बन जाता है।

इससे न सिर्फ बाजार का स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। बंगाणा में सरकारी भूमी पर अवैध कब्जे और फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण प्रशासन के नाक तले किया जाता है, जब सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए गए तब प्रशासन कहां सो रहा था और अधिकारी क्या कर रहे थे। गरीब आदमी पर प्रशासन का पंजा चल पड़ता है और अमीर आदमी का बाल भी बांका नहीं होता है। बंगाणा प्रशासन के पास सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों की लंबी लिस्ट है, इनमें कुछ ऐसे बड़े मगरमच्छ हैं जो प्रशासन को कुछ भी नहीं जानते हैं और राजनीति का रौब दिखाते हैं।

**बंगाणा बाजार स्वच्छ भारत अभियान पर काला धब्बा :** देशभर में स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं,, लेकिन बंगाणा मुख्यालय पर आज भी सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। बिना शौचालय की व्यवस्था के लोग खुले में शौच करने को मजबूर हो जाते हैं, जो न सिर्फस्वच्छता अभियान पर काला धब्बा है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। स्वछता के मामले में मुच्छाली पंचायत राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर चुकी है किंतु शुलभ शौचालयों की बात करें तो पंचायत का बेड़ा गर्क है क्योंकि लाखों रुपए से शौचालय तो बना लिए गए हैं किंतु उनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। बाजार में बने शौचालयों में गंदगी इतनी फैली हुई है जिसका कोई अंत नहीं है।

**बंगाणा बाजार में न पार्किंग और न ही बस स्टैंड की सुविधा :** कुटलैहड़ की राजधानी कहे जाने वाले बंगाणा में आज तक बस स्टैंड की व्यवस्था नहीं हो सकी है। सड़कों पर ही बसें और टैक्सियां खड़ी रहती हैं, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी तरह पार्किंग की व्यवस्था न होने से लोग अपने वाहनों को जहां-तहां खड़ा करने को मजबूर हैं, जिसने पैदल चलने वालों के लिए मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

### अवैध कब्जाधारकों पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**उपमंडल** बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल का कहना है कि पहले बंगाणा बाजार में अवैध कब्जाधारकों पर कानूनी कार्रवाई होगी। तहसीलदार अमित की अगुवाई में 6 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया गया है, जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी सहित सभी अवैध कब्जों को लेकर सक्रिय हैं। लोक निर्माण विभाग को भी कार्राही के लिए आगामी आदेश जारी कर दिए गए हैं। नगर पंचायत की परिधि में आने वाले सभी अवैध कब्जाधारी जल्द ही अपने अवैध कब्जों को हटा लें, अन्यथा जिसका भी कब्जा अवैध पाया जाएगा, पीले पंजे का शिकार कहलायेगा, जिसकी जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी। कोर्ट के आदेशों पर शत-प्रतिशत अमल किया जा रहा है लेकिन बरसात ज्यादा होने के कारण अभी तक कानूनी कार्रवाई में विलंभ हो रहा है, जैसे ही बरसात का मौसम साफ होगा, निशानदेही की प्रक्रिया पूरी करके आगामी आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

### 13 विभागीय कार्यालय सुविधाएं शून्य

**बंगाणा** मुख्यालय पर उपमंडलधिकारी कार्यालय सहित 13 विभागीय सरकारी दफ्तर संचालित हो रहे हैं। रोजाना हजारों लोग इन कार्यालयों में अपने कार्यों के लिए आते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी उपलब्ध नहीं है। व्यापार मंडल बंगाणा कई बार लिखित और मौखिक तौर पर लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को चेतावनी दे चुका है कि यदि जल्द ही निकासी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो बड़े हादसे हो सकते हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

## बकरियां चराने गए 3 लोगों की श्रीखंड के रास्ते में मौत

**अनंत ज्ञान, आनी।** भेड़ बकरियां चराने श्रीखंड के रास्ते पर निकले निरमंड खंड के तीन भेड़ पालकों की मौत की सूचना है। ये तीनों श्रीखंड यात्रा के बेसकैंप सिंहगाड से काफी ऊपर कुंशा में अपने ठहराव में मृत पाए गए हैं। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। तीन व्यक्तियों की मौत की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया है और पुलिस की टीम मौके की ओर रवाना हो गई है।

मृतकों की पहचान डिंडु राम (45) पुत्र धनी राम गांव जुआगी, पवन देव (31) पुत्र पदम सिंह निवासी ठारवा और बजारू राम (58) पुत्र मारू राम गांव बसवारी के रूप में हुई है। तीनों ही करीब एक सप्ताह पहले हर वर्ष की तरह ही अपनी भेड़ बकरियों के साथ उन्हें चराने निकले थे। वहीं, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि तीनों शवों को निरमंड लाया जा रहा है, मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा।

# कुल्लू-मनाली एनएच पर डबललेन कार्य शुरू

## दिन को सिर्फ दो घंटे के लिए इस मार्ग पर छोड़े जा रहे वाहन

**अनंत ज्ञान, मनाली**



कुल्लू मनाली नेशनल हाइवे।

21 दिन बाद कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे (एनएच) को सिंगललेन खोलने के बाद अब डबललेन बनाने का कार्य शुरू हो गया है। क्लाथ में सड़क डबललेन की जा रही है। सड़क कार्य को देखते हुए इस मार्ग पर दिन को सिर्फ दो घंटे के लिए वाहन छोड़े जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से बनाई गई समयसारिणी किसानों और बागवानों को रास नहीं आ रही है। सेब मंडियों तक पहुंचाने में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

दो दिन पहले एनएचएआई ने कुल्लू से मनाली तक के नेशनल हाइवे को खोल दिया है, लेकिन सड़क सिंगललेन होने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। जिस कारण एनएचएआई को काम जारी रखने में मुश्किल हो रही है। इसको देखते हुए नेशनल हाइवे पर वाहनों को चलाने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक और शाम को चार बजे से नौ बजे तक इस मार्ग पर वाहन नहीं चलाए जा सकते। उपायुक्त कुल्लू ने इसकी अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के बाद किसानों बागवानों में रोष है। अभी मनाली में भारी मात्रा में सेब फंसा हुआ है। सिर्फ दो घंटे के समय में घाटी के सेब को मंडियों तक पहुंचाने में दिक्कत हो रही है। हालांकि, रात के समय वाहन मनाली से भेजे जा रहे हैं लेकिन पंडोह इलाके में रात के समय वाहन नहीं भेजे जा रहे हैं। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने प्रशासन के इस निर्णय पर रोष प्रकट किया है। विधायक भुवनेश्व गौड़ ने कहा कि सेब निकालने के बाद एनएचएआई युद्ध स्तर पर कार्य कर सकता है। सेब मंडियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इस संदर्भ में एनएचएआई से बात की जाएगी।

### बार-बार बदलती ट्रैफिक व्यवस्था से नाराज बागवान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रशासनिक निर्णयों में बार-बार बदलाव से स्थानीय जनता, बागवानों और पर्यटकों में भारी नाराजगी है। सोमवार को जहां 24 घंटे यातायात सुचारु रखने की घोषणा की गई थी, वहीं महज 36 घंटे बाद ही इस फैसले को पलटते हुए नई अधिसूचना जारी कर दी गई।

उपायुक्त कुल्लू द्वारा जारी नई अधिसूचना के अनुसार, मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। सिर्फ दोपहर 2 से 4 बजे और रात 9 से सुबह 9 बजे तक ही ट्रैफिक को अनुमति दी गई है। इस बदलाव से सबसे अधिक बागवान और किसान प्रभावित हो रहे हैं, जो अपनी सेब की फसल मंडियों तक पहुंचाने में पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं और खराब मौसम के कारण परेशान हैं। सब्जी मंडी अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर और कई अन्य बागवानों ने इस निर्णय को बागवानी के हितों के खिलाफ बताते हुए समय सारणी में बदलाव की मांग की है।

अभिभावकों का कहना है कि यह फैसला बच्चों की स्कूल आवाजाही को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि स्कूल जाने और छुट्टी का समय ठीक इन्हीं घंटों में आता है। सोशल मीडिया पर भी इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। एक यूजर ने लिखा कि 24 घंटे ट्रैफिक खोलने का ऐलान, 36 घंटे में पलट! ये कैसी व्यवस्था है? पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और कांग्रेस नेता देवेंद्र नेगी ने भी प्रशासन से पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि पहले सेब निकालने को प्राथमिकता दी जाए, बाद में युद्धस्तर पर निर्माण हो।

## लाहौल-स्पीति में अधिकांश सड़कें बहाल: किरण भड़ाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



उपायुक्त लाहौल-स्पीति, किरण भड़ाना ने कहा है कि जिले में अधिकांश सड़कें अब यातायात के लिए खोल दी गई हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। इन सड़कों के खुलने से लाहौल-स्पीति के किसान अपनी ताजी सब्जियां कुल्लू और हिमाचल प्रदेश तथा देश के अन्य बाजारों तक आसानी से पहुंचा पा रहे हैं।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने स्पष्ट किया कि लाहौल की फूलगोभी को हवाई मार्ग से दिल्ली ले जाकर शिमला में महंगे दामों पर बेचने की खबरें निराधार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है कि फूलगोभी को हवाई मार्ग से दिल्ली ले जाया जाए और फिर उसे वापस शिमला लाकर बेचा जाए, क्योंकि हवाई भाड़ा काफी अधिक होता है। इसके अतिरिक्त लाहौल से दिल्ली और दिल्ली से शिमला वापस लाना भी व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इतने समय में फूलगोभी या कोई ही सब्जी खराब हो जाएगी। इस प्रकार की खबरें किसानों और आम जनता को गुमराह कर सकती हैं।

**किसानों की सब्जियों को मिल रहा बाजार**

उपायुक्त ने बताया कि हवाई मार्ग का उपयोग केवल ब्रोकली, अन्य विदेशी सब्जियां (एग्जोटिक वेजिटेबल्स) और लिली के फूलों को दिल्ली भेजने के लिए किया गया था। यह कदम किसानों को उनकी उच्च मूल्य वाली उपज को समय पर बाजारों तक पहुंचाने और खराब होने से बचाने में मदद करने के लिए उठाया गया था, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब सड़कें बंद थीं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा और उनकी उपज को उचित बाजार मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क नेटवर्क की बहाली से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल पाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 28 सितंबर को सब जूनियर, जूनियर और सीनियर लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड आयु प्रमाण पत्र चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और खेलो इंडिया के आईडी नंबर लाना होगा, जो भी खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करेंगे वे खिलाड़ी राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### शौर वैली उत्सव में कवि गणेश गनी का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पांगी घाटी के शौर गांव में आयोजित चौथे शौर वैली उत्सव में प्रसिद्ध साहित्यकार गणेश गनी को बतौर मुख्यातिथि सम्मानित किया गया। यह उत्सव हर वर्ष पंचायत स्थापना दिवस पर आयोजित किया जाता है। गणेश गनी का पैतृक गांव शौर है और इस सम्मान को उन्होंने 'अद्वितीय' बताया। इस अवसर पर शिक्षाविद चमन ठाकुर अतिथि विशेष के रूप में मौजूद रहे। पंचायत प्रधान दमयंती भारद्वाज ने गनी को पंगवाली टोपी, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन समिति अध्यक्ष किशोरी लाल भारद्वाज और संदीप भारद्वाज की युवा टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यातिथि ने प्रत्येक महिला मंडल को 2000 रुपए और आयोजन समिति को 51,000 रुपए की धनराशि प्रदान की। उत्सव में लोक संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। गणेश गनी ने बाद में बताया कि यह आयोजन हिंदी दिवस के दिन होना एक कवि के लिए विशेष सुखद अनुभव रहा।

### आनी कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब का गठन

**अनंत ज्ञान आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में सत्र 2025-26 के लिए रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में करुणा शर्मा को अध्यक्ष, मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, सलीम को महासचिव, तनिका को सहसचिव तथा शिवानी शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त ललित और राहुल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा वर्ग में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। वहीं, रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज ने बताया कि क्लब वर्ष भर परिवहन विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और समाज को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर सीमा, प्रोफेसर विजय कुमार, प्रोफेसर पम्पी सहित रोड सेफ्टी क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वस्थ नारी अभियान का कुल्लू से शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में बुधवार को जिला स्तरीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आगाज हुआ। इसका विधिवत शुभारम्भ एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अभियान के अंतर्गत जिला भर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे अनेकों योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और गांव गांव जाकर लोगों को अनेकों बीमारियों के बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिसकी शुरुआत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से किया गया। इस अवसर पर एमएस डॉ. तारा चंद, डॉ. घनश्याम, डॉ. राकेश ठाकुर और डॉ. उषा ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक खेती की गुणवत्ता पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त लाहुल-स्पीति किरण भड़ाना ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत, प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित गेहूं से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले आटे और दलिया को 'हिम भोग चक्की आटा' और 'हिम दलिया' ब्रांड नाम से उपभोक्ताओं के लिए बाजार में उपलब्ध कराया गया है। ये उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक, रसायन-मुक्त, और स्वास्थ्यवर्धक हैं, जो पर्यावरण-अनुकूल खेती और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. अनुप कतना ने बताया कि इन उत्पादों को बुधवार को उपायुक्त किरण भड़ाना सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को औपचारिक रूप से भेंट किए। इस दौरान उत्पादों की गुणवत्ता और प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से इन उत्पादों को खरीदने और उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे 'हिम भोग चक्की आटा' और 'हिम दलिया' को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें और इन उत्पादों को प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत हो सकें।

## एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों ने ली स्वच्छता शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ पर अधिकारी व कर्मचारी।

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनएचपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा-2025 का आयोजन 17 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय में प्रतिदिन एक स्वच्छता का कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के प्रमुख कार्यपालक निदेशक आदित्य गौतम ने स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए सभी कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस शपथ समारोह में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने की शपथ ली। इस अवसर पर महाप्रबंधक विधि रुवी रैना, जनसंपर्क की प्रशासनिक अधिकारी डॉली सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संसारी-तांदी सड़क विस्तारीकरण से पहले हुई जनसुनवाई, सर्कल रेट पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** उपमंडलाधिकारी (ना) केलांग एवं भू-अर्जन अधिकारी संसारी-किलाड़-थिरोट-तांदी सड़क परियोजना ने बताया कि इस मार्ग के सुधार और विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत प्रभावित गांवों तांदी, दिपे-माडंग, नूपे-माडंग, ठोलंग, तोजिंग, रांग्वे और लोट के लिए भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम 2013 तथा हिमाचल प्रदेश नियम 2015 के तहत ड्राफ्ट पुनर्वास योजना तैयार की गई है। योजना को अंतिम रूप देने से पूर्व जनसुनवाई का आयोजन विश्राम गृह विद्युत विभाग कारगा में किया गया, जिसमें ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सीमा सड़क संगठन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुख्य रूप से सर्कल रेट, मुआवजे की दर, सड़क से जुड़े प्राकृतिक जल स्रोतों, सिंचाई प्रणाली और आपदा जोखिम जैसे मुद्दों पर ग्रामीणों की चिंताओं को सुना गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि सड़क निर्माण से उनके कृषि स्रोतों और पर्यावरण पर असर पड़ सकता है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य स्थानीय प्रतिनिधियों, बीआरओ और प्रभावित ग्रामीणों के साथ समन्वय कर किया जाएगा। एक संयुक्त निरीक्षण शीघ्र आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने मुआवजे को लेकर मामला उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा है, जिसमें केलांग के सर्कल रेट के आधार पर उचित मुआवजा देने की मांग की गई है। अंतिम निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा।

## तीर्थन घाटी कमरे की अलमारी बनी मधुमक्खियों का नया बसेरा

**अनंत ज्ञान तीर्थन**



उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के एक होमस्टे में बुधवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला है। अचानक ही जंगल की ओर से मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड यहां आकर ठहर गया। यह झुंड होमस्टे के एक कमरे की छोटी-सी अलमारी में जाकर बैठ गया। होमस्टे के संचालक और अन्य लोग इस नजारे को देखकर हैरान रह गए।

होमस्टे के संचालक ने बताया कि हमने पहली बार ऐसा नजारा देखा है। पहले तो डर लगा, लेकिन लोगों ने कहा कि मधुमक्खियों का इस तरह आना शुभ माना जाता है। आसपास के लोगों ने भी इस घटना को प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलन का संकेत बताया। मधुमक्खियां हमारे पर्यावरण के लिए बहुत उपयोगी होती हैं। ये फूलों से परागण (पॉलिनेशन) करके खेती-बाड़ी और बागवानी में मदद करती हैं। इनके कारण ही कई फसलों और फलदार पेड़ों में बेहतर उत्पादन होता है। मधुमक्खियां शहद बनाती हैं, जो प्राकृतिक मिठास से भरपूर होता है। शहद ऊर्जा देने के साथ-साथ औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह सर्दी-खांसी, गले के दर्द और त्वचा के लिए लाभकारी माना जाता है। संचालक ने मधुमक्खी पालक विशेषज्ञ को इस घटना की जानकारी दी।

## मरीजों को फल बांटकर भाजपा ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते हुए कुल्लू भाजपा के पदाधिकारी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को कुल्लू में भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया। जिला कुल्लू भाजपा ने जिला अध्यक्ष अमित सूद के नेतृत्व में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रोगियों को फल वितरित किए और प्रधानमंत्री के स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया।

इस मौके पर अमित सूद ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के इतिहास के सबसे सफल, लोकप्रिय और सर्वमान्य नेता के रूप में देश की सेवा में निरंतर कार्यरत हैं और देश की जनता ने उन्हें पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के पद पर लगातार बिठाया है। यह दर्शाता है कि देश के आम जन मानस का विश्वास लगातार उन पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में देश अपनी चमक बिखेर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जोनल में मरीजों को फल वितरित किए गए और ढालपुर मैदान में जहां प्रभु रघुनाथ जी का अस्थाई शिविर लगता है वहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। आने वाले समय में भी अनेकों गतिविधियां सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जारी रहेंगी। 19 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू देव सदन कुल्लू में रक्त दान शिविर का आयोजन करने जा रही है और 21 सितंबर को ढालपुर मैदान में प्रात: आम जनमानस के साथ मैराथन दौड़ का आयोजन करेगी। इस मौके पर पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह और भीम सेन शर्मा, नरोतम ठाकुर, आदित्य विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

वहीं, भाजपा मनाली शहर की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों में जाकर मरीजों में फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनका हाल भी जाना। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ठाकुर कुंज लाल दामोदरी ठाकुर ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी रजनी ठाकुर ने भी मरीजों को फल वितरित किए। नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे व शहरी अध्यक्ष अजय अवरोल ने कहा कि पीएम मोदी के दीर्घायु की कामना की।

## एनएचएआई की तानाशाही से बागवानों का फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों पर बागवानों को जान-बूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि वे बारिश और ब्यास नदी में आई बाढ़ से पहले ही आर्थिक संकट झेल रहे बागवानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। बागवानों का अधिकतर सेब राजमार्ग के कई जगह बंद होने के कारण पहले ही बगीचों में गिर कर सड़ चुका है और एनएचएआई के रवैये से बचा हुआ सेब भी सड़ने की कगार पर पहुंच चुका है।

शर्मा ने बताया कि कुल्लू से मनाली तक डोहलुनाला, रायसन और 14 मील पर सड़क की स्थिति अब बेहतर है, फिर भी बागवानों को अपनी सेब की गाड़ियां रात में ही ले जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिन में सड़क खोलने के अनुरोध पर एनएचएआई अधिकारी सीधा जवाब तक नहीं देते। रात को यातायात के कारण बागवानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने के लिए पूरी रात गाड़ियों में ही गुजारनी पड़ रही है। मंगलवार को रायसन और डोहलुनाला में सड़क को 24 घंटों को खोलने का निर्णय 24 घंटे भी नहीं टिक पाया, जिससे बागवानों में थोड़ी राहत की उम्मीद जगी थी। शर्मा ने कहा कि बागवानों की इस प्रकार से अनदेखी बिल्कुल भी सहन नहीं होगी। शर्मा ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ से अपील की है कि वे जिला प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दें कि बागवानों के हित में पंडोह की तर्ज पर सड़क को सुधारने का कार्य रात में किया जाए और सड़क को दिन के समय यातायात के लिए खुला रखा जाए। उन्होंने कहा कि बागवान पहले से ही भारी नुकसान झेल रहे हैं और इस तरह की असुविधा उनकी मुश्किलें और बढ़ा रही है।

## खतरे की जद में बंजार कॉलेज के भवन का विधायक शौरी ने लिया जायजा



विधायक सुरेंद्र शौरी बंजार कॉलेज भवन का निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्रदेश में इस वर्ष की भारी बरसात से अनेक सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सरकारी संपत्तियों को गंभीर क्षति हुई है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बंजार महाविद्यालय का भवन भी इस आपदा से प्रभावित हुआ है। महाविद्यालय की चार मंजिला इमारत में महीन दरारें आई हैं और भवन के धरातल पर पानी का भारी रिसाव हो रहा है। साथ ही महाविद्यालय प्रांगण में भी व्यापक भूस्खलन देखने को मिला है।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने बुधवार को महाविद्यालय का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक समय से कॉलेज बंद है, जो विद्यार्थियों के हित के विपरीत है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही कक्षाएं शुरू होना जरूरी है, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। विधायक शौरी ने उपमंडल अधिकारी बंजार तथा अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बंजार को निर्देश दिए हैं कि खतरे का आकलन कर महाविद्यालय की कक्षाएं सुरक्षित रूप से शुरू कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन आवश्यक कदम उठाकर विद्यार्थियों की शिक्षा सुचारू रूप से बहाल करने में सहयोग करे।

**दिक्कत** | अव्यवस्था के लिए सुलभ, एचआरटीसी और जलशक्ति विभाग झाड़ रहे पल्ला

## आनी बस अड्डे पर सुलभ शौचालय बंद, यात्री परेशान

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी स्थित एचआरटीसी बस अड्डे पर बना सुलभ शौचालय पिछले 18 दिनों से बंद पड़ा है। पानी की आपूर्ति ठप होने और 4 माह से बस अड्डे में लगाई मोटर खराब होने के कारण शौचालय में ताला लटका दिया गया है। इस विभागीय लापरवाही का खामियाजा हर दिन यहां से गुजरने वाली सैकड़ों सवारियों, बस स्टैंड स्टाफ और निजी, सरकारी बसों के चालकों-परिचालकों को उठाना पड़ रहा है।

एचआरटीसी द्वारा लगाई गई मोटर बीते चार माह से खराब है, लेकिन सूचित करने के बावजूद इसे दुरुस्त करवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। सुलभ शौचालय के रामपुर जोन इंचार्ज अजय सिंह का कहना है कि उन्होंने बार-बार एचआरटीसी प्रबंधन और जलशक्ति विभाग से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की गुहार लगाई, मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है कि जब उपमंडल मुख्यालय स्थित बस अड्डे की यह दुर्दशा है, तो ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता




आनी बस अड्डे पर बंद पड़ा सुलभ शौचालय।

है। जोनल इंचार्ज एचआरटीसी के रामपुर डिपो के आरएम अतुल गुप्ता का कहना है कि बिजली-पानी की व्यवस्था करना सुलभ की जिम्मेदारी है। वहीं, सुलभ के जोनल इंचार्ज का कहना है कि वह हर माह एचआरटीसी को 500 रुपए पानी और 1000 रुपए बिजली का भुगतान करते हैं, लिहाजा सुविधा उपलब्ध करवाना एचआरटीसी का काम है। जिम्मेदारियों की यह रस्साकशी अव्यवस्था को और बढ़ा रही है।

वहीं, जिम्मेदार विभागों की आपसी खींचतान और लापरवाही ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक यात्रियों और स्थानीय लोगों को इस अव्यवस्था का सामना करना पड़ेगा।

### क्या कहते हैं आरएम

**एचआरटीसी** के रामपुर डिपो के आरएम अतुल गुप्ता ने सफाई दी कि केवल पिछले तीन दिनों से पानी की कमी के कारण शौचालय बंद किया गया है,ताकि गंदगी न फैले और जलशक्ति विभाग से आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। जैसे ही पानी की आपूर्ति सुचारु होगी ताले खोल दिये जाएंगे।

## पीएम मोदी का मनाली के साथ गहरा लगाव

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

- **मोदी ने सोलंगनाला से भरी थी जीवन की पहली पैराग्लाइडिंग उड़ान**
- **मनाली के रोशन ठाकुर ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पुरानी बातों को किया याद**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**मनाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मनाली सहित हिमाचल प्रदेश के साथ गहरा लगाव रहा है। पुरानी यादों को ताजा करते हुए मनाली के बुरुआ गांव निवासी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1997 में पहली बार सोलंग में पैराग्लाइडिंग करवाने वाले रोशन ठाकुर ने कहा है कि संघ के प्रचारक के रूप में हो या संगठन का काम हो अक्सर नरेंद्र मोदी मनाली आते थे। रोशन ठाकुर देश के पहले प्रशिक्षित पैराग्लाइडर हैं। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी बतौर प्रधानमंत्री जब भी मनाली आते थे तो मोदी भी उनके साथ मनाली आते रहे हैं।

मनाली आकर नरेंद्र मोदी यहां की खूबसूरती का आनंद तो लेते ही थे साथ ही सोलंग वैली में पैराग्लाइडिंग का भी आनंद लेते थे। सोलंग वैली में पैराग्लाइडिंग करना उन्हें खूब भाता था। प्रधानमंत्री बनने के बाद भले ही अब यहां नहीं आ पातें हैं, लेकिन उन दिनों को अक्सर आज भी याद करतें हैं। तीन अक्तूबर 2020 को मोदी अटल टनल का उद्घाटन करने मनाली आए थे तो सोलंग वैली में जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी पैराग्लाइडिंग की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुझे आज भी याद है स्थानीय निवासी रोशन ठाकुर ने मुझे इन्हीं पहाड़ियों से पैराग्लाइडर के द्वारा किसी पक्षी की भांति हवा में उड़ाया था। प्रधानमंत्री की कार्यप्रणाली के तो सभी कायल हैं, लेकिन उनकी याददाश्त भी बेमिसाल है। 22 सालों के बाद भी उन्हें उस व्यक्ति का नाम याद था जिस ने 1997 में उनको पैराग्लाइडिंग कराई है। रोशन ठाकुर ने बताया कि 1997 में पहली बार सोलंग में आए थे और उन्होंने पैरालाइडिंग कराई थी।

उन्होंने कहा कि साल 2002 तक अक्सर मोदी सोलंग आते थे और पैराग्लाइडिंग का आनांन्द लेते थे। मोदी ने उन्हें गुजरात में भी पैराग्लाइडिंग को बढ़ावा देने के लिए कहा था। मोदी का व्यक्तित्व निर्भीक, निडर और साहस से भरा है जिसका परिचय उन्होंने पैराग्लाइडिंग के दौरान दिया।

उन्होंने बताया कि पीएम साहसिक खेलों के भी शौकीन रहे हैं। यही कारण है कि जब भी उन्हें फुर्सत मिलती थी तो मनाली चले आते थे। पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग व रॉक क्लाइबिंग सहित मोदी ने लगभग हर साहसिक गतिविधि में हाथ आजमाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2017 में कुल्लू ढालपुर मैदान में उनको को याद कर चुके हैं। रोशन ने कहा कि मनाली की सोलंग गवैली में होने वाली पैराग्लाइडिंग के तो मोदी दीवाने थे। वर्ष 1997 से लेकर 2000 तक मोदी स्थानीय युवा नेता एवम वर्तमान में मंत्री गोबिंद ठाकुर के साथ तीन बार पैराग्लाइडिंग के रोमांच का अनुभव करने सोलंग आए और इस खेल का आनंद लिया।

### 1997 में पहली बार भरी थी उड़ान

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने जीवन की पहली पैराग्लाइडिंग उड़ान 1997 में सोलंग में भरी थी। इस साहसिक खेल से प्रभावित मोदी ने गुजरात में भी पैराग्लाइडिंग की संभावनाओं को तलाशा। रोशन ने बताया कि नरेंद्र मोदी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने से साहसिक खेलो से जुड़े युवाओ में भी खुशी की लहर है।

# सायर मेला : दूसरी सांस्कृतिक संध्या में नाटी पर झूमे दर्शक

## लोक गायक अरुण जस्टा और पंजाबी गायक दलजीत सिंह ने बांधा समां

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान



सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।



**अर्की।** सायर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली गायक अरुण जस्टा और अन्य लोक कलाकारों के नाम रही। जस्टा ने मंच संभालते ही नाटियों का समां बांध दिया, जिससे दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। जस्टा ने पहले चंद्रमणि गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद उन्होंने बामणिए, छुमा-छुमा रे, दुणकिये, लुप्पी लागी रे, मोहिया आदि गीत सुनाकर दर्शकों का मनोरंजन करने का भरपूर प्रयास किया।

इसके बाद हिमाचल की उभरती कलाकार अंजलि नानक ने मंच संभाला। उन्होंने सर्व प्रथम हिंदी गीत उड़ी उड़ी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात हिमाचली गीत मेरी जानी रा बसेरा, आसा केड्रे रोज मिलणा, आदि गीत सुनाए। अपने कार्यक्रम के अंत में उन्होने किशोर कुमार का प्रसिद्ध गीत इतहा हो गई इंतजार की सुनाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। हिमाचल के पंजाबी गायक दलजीत सिंह ने मंच पर आते ही माहौल भी रंगीन बना दिया। उन्होंने पंजाबी आ गए वे सुनाकर युवा दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। पंजाबी गीत खुशबू तेरे शहर दी, तेरे बिना न गुजारा, गुड़ नालों इश्क मीठा, जिने मेरा दिल लुटेया आदि गीत प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष युवा सेवाएं, खेल कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री यादविंदर गोमा मुख्य अतिथि व विधायक अर्की संजय अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

## स्कूली बच्चों ने भी बिखेरे प्रतिभा के रंग

**सायर** मेले के दूसरे दिन स्कूली बच्चों और विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। मदर प्राइड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। लक्ष्य पब्लिक स्कूल मंजयाट के छात्रों ने शास्त्रीय नृत्य पेशकर दर्शकों की तालियां बटोरी और लक्ष्य बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा नाटी प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात पीएम श्री सीजीपीएस अर्की स्कूल के छात्रों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## एसवीएम स्कूल के छात्रों ने बटोरी तालियां

**एसवीएम** स्कूल के छात्रों ने पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। इसके साथ ही लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के नन्हें मुन्नों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। राजकीय माध्यमिक पाठशाला चमयावल की छात्रों ने एकल गीत की प्रस्तुति दी। ब्लू स्टार स्कूल के छात्रों द्वारा पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## एसपी गौरव सिंह ने किया दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सायर** मेले के दूसरे दिन दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अतिरिक्त पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा दिल्ली से आए पहलवानों ने भाग लिया। इस मौके पर एसपी सोलन गौरव सिंह मुख्यातिथि के रूप में पधारे। उन्होंने रिबन काटकर दंगल का शुभारंभ किया।



## न्यूज ब्रीफ

### कंडाघाट और चायल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन के अनुसार, आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते 18 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सोलन के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने बताया कि कंडाघाट, वाकनाघाट, चायल, नौणी विश्वविद्यालय, शूलिनी विश्वविद्यालय, मॉल रोड, विवांता मॉल, क्षेत्रीय अस्पताल, ठोडो मैदान, बसाल, चंबाघाट, नया बस अड्डा, पुलिस लाइन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों सहित कई शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम या अन्य अपरिहार्य कारणों से तिथि व समय में परिवर्तन संभव है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है, ताकि आवश्यक कार्य बिना बाधा पूर्ण किए जा सकें।

### कंडाघाट कॉलेज में छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राजकीय कॉलेज कंडाघाट के आईक्यूएसी और नशा निवारण क्लब द्वारा 'नशे के दुष्परिणाम और कानूनी प्रभाव' विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक सीआईडी भूपेंद्र सिंह नेगी ने छात्रों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक दुष्परिणामों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में 2004 में 111 लाख लोग नशे की चपेट में थे, जो 2019 में बढ़कर 689 लाख हो गए। कार्यक्रम में छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और लघु फिल्म दिखाई गई। प्रधानाचार्य एमएल मनकोटिया ने कहा कि युवाओं का नशामुक्त रहना राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रो. मानव चौधरी, डॉ. हरिंद्र लाल सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। 'नशा छोड़ो भारत महान बनाओ' अभियान की प्रेरणा भी दी गई।

### नशे के खिलाफ सतर्क रहने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की छठी आईआरबीएन धौलाकुआं द्वारा स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छठी आईआरबीएन के इंस्पेक्टर सुरेश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले के माजरा, टोकियों, ब्वॉयज स्कूल नाहन और बातामंडी सहित विभिन्न स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट भागमल ठाकुर ने करते हुए बताया कि बच्चों में नशे के हानिकारक प्रभावों और नशामुक्त जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया। नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया। छात्रों ने नशे के खिलाफ सतर्क रहने का संकल्प लिया।

### अर्की-जयनगर सड़क को जल्द बहाल करे विभाग

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की-जयनगर सड़क बलेरा के समीप पिछले लंबे समय से भूस्खलन होने के कारण सड़क बंद पड़ी है। स्थानीय लोगों की समस्या पर बलेरा वार्ड से बीडीसी सदस्य शशिकांत शर्मा मौके पर पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इस सड़क को बहाल करने का आग्रह किया। शशिकांत ने कहा कि भूस्खलन के कारण पिछले 15-20 दिन से यह सड़क बंद पड़ी है। विभाग को यहां तकनीकी रूप से ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद होने से अर्की, बिलासपुर जाने वाले मरीजों, स्कूल, कॉलेज जाने वाले छात्रों, कर्मचारियों, यात्रियों व राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग जल्द बंद सड़क को बहाल करे।

### गुज्जर समुदाय ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के उपमंडल पांवटा साहिब में अनुसूचित जनजाति से संबंधित गुज्जर समुदाय के वन निवासियों ने वन अधिकार कानून, 2006 के तहत 6 व्यक्तिगत वन अधिकार दावों की आवेदन फाइलें उपमंडल स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा को सौंपी। ये दावे आरएफ कोठाआली बाता मंडी क्षेत्र के वन अधिकार समिति के माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं। दावे प्रस्तुत करने वाले वन निवासी पारंपरिक रूप से 13 दिसंबर 2005 से पूर्व से वन भूमि पर निवास कर आजीविका अर्जित कर रहे हैं और उन्होंने वन अधिकार कानून के अंतर्गत अपने वैधानिक अधिकारों की मान्यता के लिए आवेदन किया है। शिष्टमंडल में वन अधिकार समिति कोठाआली बाता मंडी के अध्यक्ष शामदीन, सचिव लियाकत अली, सिरमौर वन अधिकार मंच के सचिव गुलाब सिंह, सैफ, लियाकत अली तथा दावेदारों में से सीमा, परवीन व हाजरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद( एबीवीपी) की गतिविधि स्टूडेंट फॉर सेवा सोलन, मेरा युवा भारत सोलन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, सोलन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला सोलन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्टूडेंट फॉर सेवा के प्रांत संयोजक रजनीश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने की। अभिषेक ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र सेवा एवं समाज हित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर्स और मेरा भारत के जिला स्वयंसेवी कनिष्क ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### टैक्सी-मैक्सी समिति ने मनाया 'ड्राइवर दिवस'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के दोसड़का क्षेत्र में सिरमौर टैक्सी-मैक्सी समिति द्वारा 'ड्राइवर दिवस' के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष आकर्षण शर्मा और सचिव संदीप के नेतृत्व में टैक्सी चालकों ने न केवल अपनी अहम भूमिका को पहचाना, बल्कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों और साथी चालकों को जागरूक भी किया। सचिव संदीप ने चालकों को ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने, यात्रियों के साथ शिष्ट व्यवहार बनाए रखने और 'अतिथि देवो भव' की परंपरा को निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि टैक्सी चालक न केवल यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाते हैं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। समिति ने राहगीरों को शुद्ध जल और शरबत वितरित कर समाजसेवा का परिचय दिया। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि ड्राइवर सिर्फ वाहन चालक नहीं, बल्कि समाज का जागरूक और जिम्मेदार हिस्सा हैं। इस अवसर पर राजकुमार, विनीत सोडा, संदीप, विजय, आदिल, रज्जाक सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

# शराब ठेके का ताला तोड़ने का प्रयास करने वाले दो आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन



शराब ठेके का ताला तोड़ने व आग लगाकर जलाने की कोशिश करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार।

**शराब** ठेके का ताला तोड़ने व आग लगाकर जलाने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कटोह गांव निवासी बलबीर सिंह ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 13 सितंबर की रात्रि को दो अज्ञात युवकों ने चायल रोड कंडाघाट पर स्थित शराब के ठेके के शटर के ताले को तोड़ने व आग लगाकर जलाने की कोशिश की गई है।

ठेके में लगे कांउटर को नुकसान हुआ है और ठेके के बाहर लगी रेट लिस्ट भी जल गई।

पुलिस थाना कंडाघाट पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान की गई। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों अनुज आनंद गौतम (19) पुत्र देव आनंद गौतम निवासी कश्मीरी मोहल्ला सुबाथू तह व जिला सोलन व किरण कुमार (19) पुत्र विजय कुमार निवासी गांव अछोटी तहसील शिलाई जिला सिरमौर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में जांच जारी है।

# हरियाणा के कैथल में धरे ठगी के दो आरोपी

## धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर निकाल लिए थे डेढ़ लाख रुपए, पुलिस ने गाड़ी भी की जब्त

अनंत ज्ञान, सोलन

**थाना** सोलन के तहत बाईपास कथेड में एक्सिस बैंक के एटीएम से ट्रांजेक्शन के दौरान धोखे से एटीएम बदलकर लाखों की ठगी के मामले में पुलिस ने हरियाणा के कैथल से दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। जुब्बल निवासी राजेंद्र ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 7 सितंबर को सेब बेचने के लिए मंडी आए थे, जिसके बाद इन्होंने सेब बेचने के लिए चंडीगढ़ जाना था। इनके पास कैश न होने के कारण यह बाईपास कथेड में एक्सिस बैंक के एटीएम से कैश निकालने के लिए चले गए।

यूको बैंक के एटीएम कार्ड को एटीएम में डाला और 2000 रुपए की ट्रांजेक्शन की। इसर समय एक्सिस बैंक के एटीएम में 2 अज्ञात व्यक्ति घुस आए और बातों में उलझाकर धोखे से एटीएम बदल दिया। अपना एटीएम कार्ड समझकर रख लिया और वहां से चले गए। करीब एक घंटे बाद फोन पर पैसे कटने के मैसेज आने शुरू हो गए, जब ट्रांजेक्शन को चेक किया तो कुल 6 ट्रांजेक्शंस के मैसेज आए थे और कुल 48081 रुपए की राशि निकालनी पाई गई। 8 सितंबर को भी 3 ट्रांजेक्शन हुई, जिसमें 30,081 रुपए की राशि निकलनी गई। खाता से कुल 78162 रुपए की राशि निकाली गई। इसके बाद पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस थाना सदर सोलन की टीम ने एक्सिस बैंक, एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अज्ञात युवकों के वाहन की पहचान की गई। संलिप्त आरोपियों की डिटेल्स ट्रेस करके कैथल हरियाणा की पाई गई है, जिसके बाद पुलिस टीम ने हरियाणा के कैथल क्षेत्र में दबिश देकर मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों सोनू कुमार (27) पुत्र धुपाराम निवासी गांव खेडी गुलाम अली, जिला कैथल व शिव देव शर्मा उर्फ मुन्ना (30) पुत्र हरपाल सिंह निवासी गांव खेड़ी गुलाम अली, जिला कैथल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी, धोखाधड़ी व अन्य धाराओं के तहत 13 मामले पंजीकृत हैं।



एटीएम बदल कर ठगी करने के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## घिन्नीघाड़ विकास मंच ने सीएम सुक्खू को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** घिन्नीघाड क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर घिन्नीघाड़ विकास मंच का एक प्रतिनिधिमंडल यशपाल नागवान के नेतृत्व में एसडीए पच्छाद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीए पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा के माध्यम से घिन्नीघाड़ की छह पचायतों की सड़क, चिकित्सा व स्कूल समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। घिन्नीघाड़ विकास मंच ने मुख्यमंत्री से हरियाणा क्षेत्र के साथ लगते घिन्नीघाड़ क्षेत्र की छह पचायतों की दयनीय स्थिति को सुधारने का अनुरोध किया है। यह क्षेत्र चंडीगढ़ के पास है, लेकिन यहां न तो सड़क की हालत सही है और न ही शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाएं भी लोगों को मिल पा रही हैं। इससे यह क्षेत्र काफी पिछड़ गया है। वहीं, सड़कों की हालत ठीक न होने की वजह से लोगों को नकदी फसलों को मंडी तक ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में अध्यापकों के पद खाली हैं, बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द इस क्षेत्र की तमाम समस्याओं को दूर किया जाए। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप शर्मा, तारा दत्त शर्मा, रमेश शर्मा, बाबू राम शास्त्री, कमलेश शर्मा, मामराज शर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**घन्नीघाड़ की छह पंचायतें में सड़क, शिक्षा और चिकित्सा सुविधा से वंचित**

## पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान 'सही पोषण, स्वस्थ जीवन' थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना है। इस दौरान मोटापा नियंत्रण, नमक-चीनी का सीमित सेवन, बच्चों के लिए उचित आहार पद्धतियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोषण माह को प्रभावी बनाने हेतु गांव, खंड और जिला स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम, शिविर और घर-घर अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रारंभिक बाल्यकाल की देखभाल, शिशु आहार पद्धतियां, पुरुषों की भागीदारी, स्थानीय पौष्टिक भोजन, डिजिटलीकरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीकरण जैसे कार्यक्रम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान को भी पोषण माह से जोड़ा गया है, जिसके तहत एनीमिया की रोकथाम और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अंत में उपायुक्त ने लोगों को पोषण की शपथ भी दिलाई।

# मंत्री डॉ. शांडिल ने ओच्छघाट में किया मेला मैदान मंच का लोकार्पण

अनंत ज्ञान, सोलन



ओच्छघाट में 6 लाख से निर्मित मेला मैदान का किया लोकार्पण करते मंत्री धनीराम।

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले व त्योहार हमारी समृद्ध प्राचीन संस्कृति के परिचायक हैं और इनका संरक्षण हमारा नैतिक उत्तरदायित्व है। यह बात डॉ. शांडिल ने बुधवार को ओच्छघाट पंचायत में 6 लाख रुपए की लागत से निर्मित मेला मैदान के मंच का लोकार्पण करने के उपरांत मां भगवती मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेले एवं त्योहार आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने आग्रह किया कि स्थानीय स्तर पर आयोजित मेलों की परंपरा को संजोए रखें, ताकि इनके द्वारा स्थानीय लोक संस्कृति एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलता रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। सरकार समाज के सभी विशेषकर पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए यथा संभव प्रयास कर रही है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य में 200 चिकित्सा अधिकारियों को जॉब ट्रेनी के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में 38 सहायक प्रोफेसर के पद सृजित कर इन्हें भरने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ नर्स के 400 पदों को जॉब ट्रेनी के रूप में भरने की भी मंजूरी दी गई है।

**दौरा** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने धारटीधार क्षेत्र के गांवों में जानी जनसमस्याएं

# श्री रेणुकाजी मेले की तैयारियों का लिया जायजा

एसपी जैरथ, नाहन



विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार गिरि नदी में बहे ठाकर गवाणा निवासी रूप लाल के परिवारजनों से भी मिले।

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिरमौर जिले के प्रवास के दौरान धारटीधार क्षेत्र के गांव गारला क्यारटू, बकाहन का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और लोगों की समस्याओं को जाना। इस दौरान उपाध्यक्ष रेणुका विधानसभा क्षेत्र के ठाकर गवाणा निवासी रूप लाल, जिनकी गत दिनों गिरि नदी में बह जाने के कारण मौत हो गई थी, उनके परिवारजनों से भी मिले।

उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार परिवारजनों के साथ है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इससे पहले उपाध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेले के सफल आयोजन के लिए नाहन स्थित उपयुक्त सम्मेलन कक्ष में सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को मेले को सफल बनाने के लिए बेहतर समन्वय और कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव मित्र सिंह तोमर,जोन अध्यक्ष धारटीधार मोहन शर्मा, सदस्य जिला परिषद ओम प्रकाश, उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस मंडल नीमा ठाकुर, तहसीलदार ददाहु, एसडीओ जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग, जय सिंह ठाकुर, एसएचओ रेणुकाजी प्रिया चौहान, उमेश शर्मा, पूरणानंद शर्मा, विद्या सागर, रामकिशन सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नारायण चौहान ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** विधानसभा क्षेत्र श्री रेणुकाजी से पूर्व भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह चौहान धारटीधार के ठाकर-गवाणा गांव पहुंचे और गिरि नदी में डूबे शिक्षक रुपलाल के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को ढांढस बंधाया। बता दें कि शिक्षक रुपलाल छुट्टी के बाद गिरि नदी पार करते समय तेज बहाव में बह गए थे और उनका शव अगले दिन पांवटा साहिब के मानपुर देवड़ा में मिला था। शोक संवेदना के बाद नारायण सिंह चौहान ने स्थानीय लोगों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस सरकार की उपेक्षा के कारण धारटीधार आज भी विकास से वंचित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2027 में भाजपा सरकार बनने पर क्षेत्र की नाड़ी-खाली अछौन सड़क व गिरि नदी पर पुल निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सोलन में रक्तदान कर मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

अनंत ज्ञान, सोलन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर का शुभारंभ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने किया। इस अवसर पर नगर निगम की उपमहापौर मीरा आनंद, पार्षद सुषमा शर्मा, डॉ. राजेश कश्यप, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर, संजय मलिक, दिनेश शुक्ला, कृष्णा ठाकुर, अनिल कुमार, सुषमा कंसल, रेणुका कालसी, लाविका, रचित साहनी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 200 से अधिक लोगों ने किया ब्लड डोनेशन

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जिला सोलन दून मंडल में श्री राधे गोशला में नोबेल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी के साथ मिलकर किया गया। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ में जिला अध्यक्ष रतन पाल व दून मंडल से प्रत्याशी रहे परमजीत सिंह पम्मी ,नालागढ़ से प्रत्याशी रहे के एल ठाकुर, जिला भाजपा महामंत्री बलवीर,जिला उपाध्यक्ष गुरमेल चौधरी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर सनी व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राहुल आदि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर सनी ने बताया कि लगभग 200 से अधिक लोगों ने ब्लड डोनेशन किया।

# हिमाचल उत्सव: भजनों पहाड़ी गीतों से बांधा समां

अनंत ज्ञान, सोलन

**हिमाचल** उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हिंदी गायक योगेश मुकुल ने अपनी सुरीली आवाज से संध्या की शुरुआत कर माहौल को भावपूर्ण बना दिया।

'मेरा भोला है भंडारी' से लोकप्रियता हासिल करने वाले बिलासपुर के गायक सुरेश वर्मा ने भजनों और पहाड़ी गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सांस्कृतिक संध्या का समापन प्रयोग के गायक राज शर्मा की प्रस्तुतियों से हुआ, जिनकी नाटियों पर युवा देर रात तक थिरकते रहे। संध्या के दौरान हिमाचल आइडल गायन प्रतियोगिता का अगला चरण और स्कूली बच्चों की वेस्टर्न थीम डांस प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें बच्चों की प्रतिभा ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसी सोलन राहुल जैन मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में नगर निगम कमिश्नर एकता गुप्ता, आरटीओ सोलन कविता ठाकुर और जोगिंद्रा बैंक के एमडी पंकज सूद शामिल रहे। इसके अलावा पार्षद ईशा सूद, संगीता ठाकुर और सरदार सिंह सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। डायनामिक युवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पंकज सूद, संस्थापक उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा 'मिकी' और संस्थापक महासचिव कीर्ति कौशल ने अन्य सदस्यों अंकुश सूद, रिपुदमन सिंह, मनोज ठाकुर और संजीव वर्मा के साथ सभी मेहमानों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए।




हिमाचल उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में समां बांधते कलाकार।

## न्यूज ब्रीफ

### केनरा बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 25 लाख

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को केनरा बैंक की ओर से आपदा राहतकोष के लिए 25 लाख रुपए का चेक भेंट किया गया। इस अवसर पर केनरा बैंक के चंडीगढ़ अंचल के मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार दास, शिमला क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख रविकांत बर्मन और हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव कंवर भी उपस्थित रहे।

### एनएचपीसी लि. में ली स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार एनएचपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा -2025' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन एक स्वच्छता का कार्यक्रम/गतिविधि की जाएगी। इसके अंतर्गत 17 सितंबर को शुरुआत करते हुए क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के प्रमुख कार्यपालक निदेशक आदित्य गौतम द्वारा सभी कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस शपथ में सभी ने अपने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने की शपथ ली।

### रेडक्रॉस चंडीगढ़ ने बाढ़ प्रभावितों के लिए भेजी सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष निशांत कुमार यादव (आईएएस) ने अमृतसर व गुरदासपुर के बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु चार ट्रकों में राहत सामग्री रवाना की। इसमें राशन, तिरपाल, पशु आहार, बर्तन आदि शामिल हैं। यह इस माह की दूसरी खेप है। उपायुक्त ने सहयोगी संगठनों को सम्मानित किया और नागरिकों से राहत कार्यों में निरंतर योगदान की अपील की।

### एमसीएम ने सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने 'धरोहर' एक जीवंत टैलेंट हंट का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं शिल्पकला का परिचय दिया। कार्यवाहक प्राचार्य नीना शर्मा ने प्रतिभागियों की सराहनीय रचनात्मकता की प्रशंसा की।

### रॉक गार्डन में किया 32 यूनिट रक्त एकत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर एमवाई भारत चंडीगढ़ ने युवास्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन, ग्लोबल यूथ फेडरेशन व तेरापंथ युवक परिषद के सहयोग से रॉक गार्डन में रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 32 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। जिला युवा अधिकारी विनय कुमार ने जागरूकता सत्र लिया। शिविर में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किया।

### सेवा पखवाड़ा पर वन विभाग ने 300 पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत वन एवं वन्यजीव विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने शहर में 300 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य कार्यक्रम कालोनी नंबर 4 में हुआ, जहां ज्ञान चंद गुप्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में 200 पौधे लगाए गए। मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार ने इसे क्षेत्र के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम बताया। नगर वन में भी 100 पौधे रोपित किए गए। यह अभियान हरित चंडीगढ़ की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।
यह रहा आपके लेख का **100 शब्दों में संक्षिप्त और सटीक संस्करण**:

### चंडीगढ़ में लागू हुई पीएम आवास योजना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत चंडीगढ़ में ब्याज सब्सिडी योजना लागू की गई है। इसका लाभ वे EWS/LIG/MIG श्रेणी के परिवार उठा सकते हैं, जिनके पास देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं है। पात्र आवेदकों को अधिकतम ₹1.80 लाख तक ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। आवेदन के लिए [https://pmaymis.gov.in](https://pmaymis.gov.in) पोर्टल पर पंजीकरण और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। इसके बाद आवेदन संबंधित ऋण संस्थान को भेजा जाएगा। यह योजना आवासीय स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ ने 'स्वच्छता ही सेवा 2025' का किया शुभारंभ

# स्वच्छता लक्ष्य इकाइयां, हरित उत्सव व सफाई मित्र कल्याण पर विशेष फोकस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2025 अभियान के 9वें संस्करण को ऊर्जावान शुरुआत करते हुए यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा (आईएएस) ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस शहरव्यापी पहल का औपचारिक शुभारंभ किया। 15 दिवसीय यह अभियान, जिसका नाम 'स्वच्छोत्सव - Whole of Government and Whole of Society' रखा गया है, प्रतिष्ठित रोज़ गार्डन से आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सफाई मित्रों द्वारा रिड्यूस, रियूज और रीसायकल (RRR) के सिद्धांतों का प्रतीक मानव श्रृंखला बनाकर की गई। इसके बाद स्वच्छता रैली तथा अभियान की अवधि के लिए नगर निगम द्वारा जुटाए गए जनशक्ति और स्वच्छता उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान गांधी जयंती पर संपन्न होगा और 'सिटी ब्यूटीफुल' में बड़े पैमाने पर जनभागीदारी को प्रेरित करेगा। यह अभियान भारतीय उत्सव काल की सांस्कृतिक ऊर्जा को नागरिक उत्तरदायित्व से जोड़ते हुए स्वच्छता को जीवनशैली बनाने का संदेश देता है।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने उत्सव और उत्तरदायित्व के संगम पर बल दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता लक्ष्य इकाइयां (CTUs) शहर के अंधेरे, गंदे या उपेक्षित स्थल चिन्हित कर शीघ्रता से परिवर्तित और सुंदर बनाए जाएंगे। यह कार्य केवल अभियान के दौरान ही नहीं बल्कि दीर्घकालीन रूप से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एसएचएस 2025 का केंद्र बिंदु है - सीटीयू का कायाकल्प, सफाई मित्रों का कल्याण एवं सुरक्षा और प्लास्टिक-मुक्त, टिकाऊ शहरी वातावरण का निर्माण। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर स्वच्छता ही सेवा के उत्सव में भाग लेने की अपील की।

गृह सचिव-cum-स्थानीय सरकार सचिव मंदीप सिंह बराड़ ने स्वच्छोत्सव के पांच प्रमुख फोकस क्षेत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इनमें शामिल हैं-सीटीयू का तीव्र कायाकल्प, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियां, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर (जहां सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा हेतु एकल खिड़की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी), हरित एवं शून्य-अपशिष्ट उत्सव का प्रोत्साहन, तथा जिम्मेदार स्वच्छता व्यवहार हेतु जागरूकता अभियान। उन्होंने बताया कि 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम 25 सितंबर को आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने 15 दिवसीय पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सौरभ कुमार, आईएफएस, सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्वप्निल एम. नाइक, आईएएस, सचिव आतिथ्य; प्रदीप कुमार, आईएएस, विशेष आयुक्त एमसीसी; हिमांशु गुप्ता, संयुक्त आयुक्त एमसीसी तथा नगर निगम और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 30वां अखिल भारतीय जेपी अत्रे मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 20 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अखिल भारतीय जेपी अत्रे मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का 30वां संस्करण 20 से 30 सितंबर तक पीसीए न्यू क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर, आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम, मोहाली, सेक्टर 16 क्रिकेट स्टेडियम चंडीगढ़, ताऊ देवीलाल क्रिकेट स्टेडियम, सेक्टर 3 पंचकूला और महाजन क्रिकेट अकादमी चंडीगढ़ में खेला जाएगा, जो कि बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त है।

टूर्नामेंट के संयोजक विवेक अत्रे और आयोजन सचिव कैप्टन सुशील कपूर के अनुसार, पिछले वर्ष के विजेता पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के साथ-साथ एचपीसीए, जेकेसीए, यूटीसीए, एचसीए और भारतीय रेलवे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 12 टीमों को चार पूल में विभाजित किया जाएगा और टूर्नामेंट लीग कम नॉक आउट आधार पर खेला जाएगा। मैच प्रत्येक पक्ष के 50 ओवर के होंगे। सभी मैच एसजी टेस्ट रेड (एलई) क्रिकेट गेंदों और सफेद कपड़ों के साथ खेले जाएंगे। लीग चरण के बाद प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें क्वार्टरफाइनल खेलेंगी। सभी मैच सुबह 9 बजे शुरू होंगे। पीसीए पैनल के स्कोरर और अंपायर टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेंगे।

विजेताओं को 2 लाख रुपए का नकद पुरस्कार और विजेता ट्रॉफी मिलेगी, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार और उपविजेता ट्रॉफी मिलेगी। इसके अलावा अन्य भी इनाम हैं। इस अवसर पर पंजाब पुलिस के पूर्व डीजीपी चंद्रशेखर (आईपीएस) और आयोजन समिति एवं अखिल टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष, हरमिंदर बावा, अरुण कुमार बोधा, गौतम शर्मा, अमरजीत कुमार, डा. एचके बाली, कर्नल डीएस चीमा, वरिंदर चोपड़ा, हरीश शर्मा उपस्थित थे।



टूर्नामेंट के विजेताओं को मिलने वाली ट्रॉफियों के साथ गणमान्य।

## बीबीएमबी पावर विंग में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान-2025 का आगाज

**अनंत ज्ञान, नंगल**

भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांधी जयंती (2 अक्तूबर) के उपलक्ष्य में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025' का आरंभ बीबीएमबी पावर विंग, नंगल में स्वच्छता शपथ के साथ हुआ। अधीक्षण अभियंता इं. विनीत मिश्रा ने उपमुख्य अभियंता इंज. सुनीता रानी अग्रवाल व इं. रणजीत सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने घर और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

इं. सुनीता अग्रवाल ने बताया कि विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पावर विंग सहित समस्त बीबीएमबी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनसहभागिता आधारित अभियान और अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में इं. मनविंद्र सिंह, प्रवीण धीमान, मनीषा वशिष्ठ, पंकज असवाल, विकास, दिनेश शुक्ला, रिंकल सैनी, हरजिंद्र हंस, श्री हरि राव, रोशन लाल ऐरी सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने स्वच्छता को राष्ट्र सेवा का हिस्सा मानते हुए संकल्प लिया कि वे व्यक्तिगत व सामाजिक स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहेंगे।

उधर, भाखड़ा प्रोजेक्ट साइट पर वरिष्ठ अभियंता नरेंद्र कुमार यादव ने अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर इंज. नवनीत गुप्ता, दविंद्र सोनी, दीपक बेनीवाल, अमित गर्ग आदि ने भी भाग लिया।

## डिवाइन कराओके क्लब ने संगीत संध्या का किया सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** डिवाइन कराओके क्लब चंडीगढ़ ने ट्राइसिटी के मिनी थिएटर में एक संगीत संध्या का सफल आयोजन किया, जिसे नाम दिया गया 'संगीत ही जिंदगी है'। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्विज मास्टर किशोर कुमार शर्मा, डॉ. भारत भूषण शर्मा, बीडी शर्मा एवं राजेश अत्रे जनरल सेक्रेटरी संगीत नाटक अकादमी उपस्थित रहे, जिनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक गायकों ने अविस्मरणीय गीतों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विशेष अतिथि किशोर शर्मा ने 'जीवन से भरी तेरी आंखें' गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम ने क्लब की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिसके तहत वह संगीत के माध्यम से खुशी और ऊर्जा फैलाता है।

## सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन के साथ पोषण माह की शुरुआत



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज पोषण माह 2025 की शुरुआत कई कार्यक्रमों के साथ की, जिनका उद्देश्य कुपोषण से मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों एवं समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर - 2 अक्तूबर 2025) के अंतर्गत और पोषण माह 2025 के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर सेक्टर 19-बी में सक्षम आंगनबाड़ी सह-क्रेच केन्द्र का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव अनुराधा एस. चगटी तथा निदेशक, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, डॉ. पलिका अरोड़ा उपस्थित रहीं। यह उन्नत केंद्र प्रारंभिक बाल देखभाल, शिक्षा और पोषण सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो बच्चों को सुरक्षित, समावेशी और पोषक वातावरण उपलब्ध कराएगा।

कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण तथा सभी 450 आंगनबाड़ी केंद्रों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिससे पोषण और स्वास्थ्य के प्रति चंडीगढ़ की सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराया गया, साथ ही गोध भराई समारोह आयोजित कर गर्भवती माताओं को सम्मानित किया गया और मातृ देखभाल एवं पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) शिविर का आयोजन भी जीएमएसएच-16 में किया गया, जिसमें गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को सहायता और जागरूकता प्रदान की गई।

इन प्रमुख पहलों के साथ-साथ, शहरभर में स्वास्थ्य जांच शिविर, एनीमिया स्क्रीनिंग, स्वच्छता अभियान, पोषण किट वितरण तथा गहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि जन आंदोलन को और मजबूती मिले और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण के परिणाम बेहतर हो सकें। विभाग ने पुनः आश्वस्त किया कि पोषण माह 2025 को एक सशक्त और प्रभावी जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा, जिसमें समुदाय, विभिन्न विभागों और हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## देश-विदेश

# अमेरिका ने तेजस फाइटर जेट के इंजन की डिलीवरी में फंसाया पेंच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने भारतीय वायु सेना को भरोसा दिलाया था कि मौजूदा वित्त वर्ष में कंपनी उसे 12 स्वदेशी फाइटर जेट तेजस सौंप देगी। यह भरोसा इस विश्वास के साथ दिया गया था कि तब अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) इंजनों की सप्लाई करते बाधित नहीं होने देगी, लेकिन लगता नहीं कि अमेरिकी कंपनी इस विश्वास पर अडिग रह पाई है, लिहाजा एचएएल को तेजस स्वदेशी फाइटर जेट की डिलीवरी की योजना को संशोधित करना पड़ रहा है। इस कारण भारतीय वायुसेना को वादे के अनुसार तय समय पर उतने लड़ाकू विमानों की आपूर्ति नहीं हो पाएगी।

दरअसल, तेजस के असेंबली हैंगर में विमानों का पूरा ढांचा तैयार हो चुका है, लेकिन, अमेरिका से इंजन आने में हो रही देरी ने पूरा काम बिगाड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



### जेट तैयार, इंजनों का इंतजार

**हिंदुस्तान** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. डीके सुनील ने तेजस की डिलिवरी को लेकर खड़े हुए नए संकट के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बेंगलुरु के अपने स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के असेंबली हैंगर में इंजनों के इंतजार की वजह से अपनी तैयारियों पर लगने वाले ब्रेक के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि आप अपने पीछे जो देख रहे हैं, वह तीसरा इंजन है, जो दो दिन पहले ही जनरल इलेक्ट्रिक से आया था। वहां पर एक नया जीई 404 इंजन पड़ा था, जो अमेरिका से पहुंचा है।


## पूर्व सीएम केजरीवाल को बंगला मिलने में देरी पर केंद्र को फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बंगला आवंटित करने में देरी के लिए केंद्र सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि सरकार का रवैया सभी के लिए पिक एंड चूज़ सिस्टम जैसा है। किसे मकान मिलेगा, किसे नहीं, यह सरकार चुनिंदा तरीके से तय नहीं कर सकती। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने अपनी एक याचिका में केजरीवाल को दिल्ली में सरकारी आवास आवंटित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि उसने इसको लेकर पिछले साल 20 सितंबर को केंद्र को पहली बार पत्र लिखा था। उसके बाद एक रिमाइंडर भी भेजा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस को पीएम मोदी व मां का एआई वीडियो हटाने के आदेश

**एजेंसी, पटना**

पटना हाईकोर्ट ने कांग्रेस को अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां का एआई वीडियो फौरन हटाने का आदेश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बैंजत्री ने यह आदेश विवेकानंद सिंह की याचिका पर दिया। इसमें कहा गया कि ऐसी सामग्रियों का प्रसार तुरंत रोका जाए और सभी प्लेटफॉर्म से हटाया जाए। याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एक्स, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को पार्टी बनाया। चुनाव आयोग के वकील सिद्धार्थ प्रसाद ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'राहुल गांधी, फेसबुक, एक्स और गूगल को भी नोटिस जारी किया है। पिछले सप्ताह बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर यह वीडियो डाला था, जिसमें मोदी की मां को उनकी राजनीति की आलोचना करते हुए दिखाया गया था। बिहार कांग्रेस ने 11 सितंबर को मोदी और उनकी मां का एक एआई वीडियो जारी किया था। भाजपा ने इसे शर्मनाक बताया था। इससे पहले 14 सितंबर को दिल्ली में कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी। 36 सेकेंड के एआई जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? (अनंत ज्ञान)



### कोर्ट ने राहुल गांधी फेसबुक, एक्स और गूगल को भेजा नोटिस

## खालिस्तानियों की वैंकूवर दूतावास कब्जाने की धमकी

**एजेंसी, वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने ऐलान किया है कि वीरवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। (अनंत ज्ञान)

## मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा पर फेंका गया रंग

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के शिवाजी पार्क में बुधवार को शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की दिवंगत पत्नी मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया। दरअसल किसी ने मीनाताई की प्रतिमा पर रंग फेंक दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सुबह करीब 6.30 बजे एक राहगीर ने प्रतिमा पर लाल रंग देखा। इसकी जानकारी मिलने के बाद, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और परिसर की सफाई शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस को प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि घटना के पीछे कौन था, इसकी पहचान के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि शिवाजी पार्क क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## प्रतापगढ़ में कार ने 6 को रौंदा, 3 की मौत

**एजेंसी, प्रतापगढ़।** यूपी के प्रतापगढ़ में 100 की स्पीड से दौड़ रही कार ने 6 लोगों को रौंद दिया। हादसे में 3 की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त लोग सड़क किनारे दुकान पर खड़े थे, तभी कार अचानक बेकाबू हो गई। कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर लोगों को टक्कर मारते हुए रोड किनारे खड़ी पिकअप में जा भिड़ी। इसके बाद कार करीब 5 फीट हवा में उछली और पलटते हुए 20 मीटर दूर दुकान में घुस गई। आनन-फानन में घायलों को नजदीक सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। दो लोगों को रायबरेली एम्स रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसा मंगलवार को प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के मीरगढ़वा चौराहे पर हुआ। पुलिस ने इसकी जानकारी बुधवार को दी है। (अनंत ज्ञान)

## सोना 898 और चांदी 2,587 रुपए फिसली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में 17 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 898 रुपए गिरकर 1,09,971 पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,10,869 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 2,587 रुपए गिरकर 1,26,713 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। (अनंत ज्ञान)

## जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए अमेरिका : चीन

**एजेंसी, बीजिंग**

चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने ज्वाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टॉमहॉक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। इसका मतलब है कि यह आपका यह चीन और यहां तक कि दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा कि एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 313 अंक चढ़कर 82,694 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 313 अंक ऊपर 82,694 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी में 91 अंक की तेजी रही, यह 25,330 के स्तर पर है। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी, 10 में गिरावट रही। SBI और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 3% तक की तेजी रही। कोटक, मारुति, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा के शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। बजाज फिनसर्व और टाइटन में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में तेजी, 16 में गिरावट रही। NSE का PSU बैंक इंडेक्स 2.61% चढ़ा। इसके अलावा, आईटी, ऑटो, मीडिया और रियल्टी भी चढ़कर बंद हुए। मेटल, FMCG और फार्मा में गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है, मैं बंद कमरे में लेता : ख्वाजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इसराइल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है, जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इसराइल की लॉबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो मैं पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करूंगा। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इस पर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इसराइली लॉबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लॉबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। ट्रंप प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लॉबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि इन कंसल्टेंसी कंपनियों में व्हाइट हाउस के मौजूदा से लेकर पूर्व अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय मुकदमा लड़ने वाले कंपनियों के वकील और कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद) के दिग्गज रणनीतिकार शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## हमला


## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरा, कहा-

# कांग्रेस पार्टी को भारत के नागरिकों पर नहीं भरोसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित लोकार्पण समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर), अनुच्छेद 370, अर्थव्यवस्था, जीएसटी में राहत और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

केंद्रीय गृहमंत्री ने एक बार फिर से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर बुरी तरह प्रहार किया है। अमित शाह ने एसआईआर को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी का रुख स्पष्ट कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकालने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी को भारत के नागरिकों पर भरोसा नहीं है।



### मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां भी गिनवाई

अमित शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटाना भाजपा का वर्षों पुराना संकल्प था, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को लिया गया फैसला ऐतिहासिक और देश की अखंडता को मजबूत करने वाला कदम था। (अनंत ज्ञान)

### राहुल बाबा ने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा ने अभी-अभी अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' शुरू की है। आज मैं इस मंच पर देश की जनता से कहने आया हूं कि वे इन लोगों को पहचानें। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए हमारी मतदाता सूची में बने रहें। क्योंकि, उन्हें भारत की जनता पर भरोसा नहीं है और वे घुसपैठियों के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा एसआईआर और मतदाता सूचियों को साफ करने के अभियान का समर्थन करती है।

### शाह ने पाकिस्तान पर भी बोला करारा हमला

**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सेना ने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर जवाब दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का विकास और करतारपुर साहिब कॉरिडोर जैसे ऐतिहासिक काम मोदी के नेतृत्व में पूरे हुए हैं।

## भविष्य के लिए तैयार हो रहीं भारतीय सेनाएं : सीडीएस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेनाएं हमेशा चुस्त, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए लगातार सुधार करती रहेंगी। कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) के समापन संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा, सुधारों को एक सतत प्रक्रिया के रूप में संस्थागत बनाना जरूरी है, ताकि जटिल वैश्विक माहौल में आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देशों के अनुरूप सुधारों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि सुधारों और तकनीकी आत्मनिर्भरता से ही भारतीय सेनाएं भविष्य की जंगों के लिए पूरी तरह सक्षम होंगी। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सम्मेलन में सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल, संयुक्तता और अंतर-सेवा सहयोग पर जोर दिया गया। खासकर अंतरिक्ष, साइबर, सूचना और विशेष अभियानों जैसे क्षेत्रों में संस्थागत सुधार की जरूरत रेखांकित की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता, नवाचार और संयुक्तता को सेनाओं की ऑपरेशनल तैयारी के लिए अहम बताया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाओलिनी ने दिलाई इटली को सेमीफाइनल में जगह

**बिली जीन किंग कप**

**एजेंसी, शेनझेन।** मौजूदा चैंपियन इटली ने मेजबान चीन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व की नंबर 8 खिलाड़ी जैस्मिन पाओलिनी ने रोमांचक मुकाबले में वांग शिन्यू को 4-6, 7-6(4), 6-4 से मात देकर इटली की जीत सुनिश्चित की। पाओलिनी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेकर जीता और तीसरे सेट में भी दबाव झेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले, एलिसाबेटा कोच्चियारेट्टो ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए युआन युए को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। वह एक सेट और निर्णायक सेट में 0-4 से पिछड़ने के बावजूद वापसी कर जीत हासिल करने में सफल रहीं। दोनों मैच लगभग तीन-तीन घंटे तक चले। सेमीफाइनल में इटली का मुकाबला बुधवार को होने वाले स्पेन और यूक्रेन के बीच क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। (अनंत ज्ञान)

### मेस्सी के गोल से इंटर मियामी जीता

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की



जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेस्सी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई। मेस्सी ने इसके बाद 41वें मिनट में अल्बा के पास पर स्कोर 2-0 किया। इयान फ्रे ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटोंमें रोड्रिगो डि पॉल के कॉर्नर पर गोल दागकर मियामी को 3-0 से आगे किया। ओबेड वर्गास ने 69वें मिनट में सीएटल के लिए सांत्वना गोल दागा। (अनंत ज्ञान)

### आर्यना सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हटीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बेलारुस की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी और यूएस ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने चोट के कारण चाइना ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन और चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली बेलारूसी खिलाड़ी पिछले साल बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। सबालेंका ने आयोजकों द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि यूएस ओपन के बाद लगी एक छोटी सी चोट के कारण मुझे इस साल चाइना ओपन से हटने की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं साल के बाकी समय में पूरी तरह स्वस्थ रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगी। अमेरिकी कोको गॉफ चाइना ओपन की गत विजेता हैं, जो 24 सितंबर से 5 अक्तूबर तक बीजिंग के नेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित होगा। (अनंत ज्ञान)

### मिताली पारुलकर का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर

## वरुण नंबर-1 बॉलर, अभिषेक टॉप बैटर; ऑलराउंडर्स में हार्दिक की पहली रैंक

**एजेंसी, नई दिल्ली**







आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पांड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर एक विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर एक झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा।

बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेलने खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, भारतीय स्टार हार्दिक पांड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारत ने दूसरे वनडे में बराबर की सीरीज, 102 रनों से हराया

# भारतीय बेटियों ने ऑस्ट्रेलिया को दी सबसे बड़ी हार

**एजेंसी, चंडीगढ़**



शॉट खेलती स्मृति मंधाना।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मोहाली में महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए महिलाओं के दूसरे वनडे में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 102 रनों के बड़े अंतर से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर ली। ऑस्ट्रेलिया टीम ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारत ने 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 292 रन बनाए। ओपनिंग बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया की ओपनर बल्लेबाज प्रीतिका रावल और स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरुआत की। रावल ने 32 गेंदों में 25 रन बनाए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आई हरलीन देओल भी कुछ खास नहीं कर पाई और 24 गेंदों 10 रन बनाकर चलती बनी। हरमनप्रीत कौर ने 26 गेंदों में 17 रन बनाए। दीप्ति शर्मा 53 गेंदों में 40 रन बनाकर आउट हो गई। दीप्ति ने स्मृति मंधाना का अच्छा साथ दिया। मंधाना एक छोर पर टिकी रही और उसने तूफानी पारी खेलते हुए 91 गेंदों में 117 रन बनाए। रिचा घोष ने 40 रन बनाए। राधा यादव 6 रन ही बना पाई। रेड्डी ने और स्नेह राणा न 18 गेंदों में 24 रन बना। क्रांति गौड़ 2 रन बनाए और रेणुका सिंह ठाकुर 3 बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज डार्सी ब्राउन ने 3, गार्डन ने 2, मेगन शट्ट, ताहलिया मैक्ग्रा को एक-एक विकेट मिला। 292 रनों का पीछा करते हुए वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती झटके दिए। ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 190 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हालांकि, एलिस पेरी ने 44 और एनाबेल सदरलैंड ने 45 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम लक्ष्य को छू नहीं सकी। भारत की ओर से गौड़ को 3, दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले।

## पाक ने पाइक्रॉफ्ट मामले में आईसीसी को भेजा दूसरा पत्र, कहा-

# एशिया कप का बहिष्कार नहीं करेगा पाकिस्तान

**एजेंसी, दुबई**




पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापस ले ली है, लेकिन मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को लेकर उसका ऐतराज बरकरार है और पीसीबी ने टीम के बाकी मैचों में जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी की जगह रिची रिचर्डसन को जिम्मेदारी देने की मांग की है। समझा जाता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को एक और ईमेल लिखकर पाइक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग की है जिसे अभी तक आईसीसी ने माना नहीं है।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत भारतीय टीम ने रविवार को मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा मैच के बाद पुरस्कार समारोह में नहीं आए। पीसीबी ने इस विवाद के लिए पाइक्रॉफ्ट को दोषी ठहराते हुए कहा कि उन्होंने सलमान से कहा कि सूर्यकुमार से हाथ नहीं मिलाए और दोनों कप्तानों को टीम शीट का आदान प्रदान भी नहीं करने दिया।

सूर्यकुमार ने कहा था कि पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारतीय सेना के प्रति एकजुटता दिखाने के लिये लिया गया था। पाकिस्तान ने भारतीय खिलाड़ियों पर खेल भावना का पालन नहीं करने और पाइक्रॉफ्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया। इसके बाद टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी भी दी और पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### वायरल बुखार के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर जेमिमा



**मुल्लांपुर।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स वायरल बुखार के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी दो महिला वनडे मैच नहीं खेल सकेंगी, जिनकी जगह तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया गया है। रौड्रिग्स 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, ''महिला चयन समिति ने जेमिमा रौड्रिग्स के विकल्प के तौर पर तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया है। (अनंत ज्ञान)

# सीपीएल लीग : निकोलस पूरन ने लगाई छक्कों की बारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल-2025) के क्वालीफायर-2 मुकाबले में अपनी जगह बना ली है। इस टीम ने बुधवार को एलिमिनेटर मैच में एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कंस के खिलाफ 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी फाल्कंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स ने 15 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। नाइट राइडर्स के कप्तान निकोलस पूरन मैच के हीरो रहे, जिन्होंने सिर्फ 53 गेंदों पर 3 चौके और 8 छक्कों की मदद से 90 रन की विस्फोटक पारी खेली।

टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कंस ने 8 विकेट खोकर 166 रन बनाए। आमिर जांगू और रहकीम कॉर्नवाल के बीच पहले विकेट के लिए 21 रन की साझेदारी हुई। कॉर्नवाल महज 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आमिर जांगू ने एंड्रीस गौस के साथ दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। आमिर 49 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुए। टीम के लिए एंड्रीस गौस ने 45 गेंदों में सर्वाधिक 61 रन बनाए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 5 चौके शामिल थे, जबकि शाकिब ने 9 गेंदों में नाबाद 26 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से सौरभ नेत्रवलकर ने सर्वाधिक 3 शिकार किए, जबकि उस्मान तारिक और आंद्रे रसेल को 2-2 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 17.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। कॉलिन मुनरो 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान निकोलस पूरन ने एलेक्स हेल्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 143 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। पूरन ने 53 गेंदों में 8 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 90 रन बनाए, जबकि एलेक्स हेल्स ने 40 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। (अनंत ज्ञान)

### सर्वेश कुशारे ऊंची कूद फाइनल में छठे स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के सर्वेश कुशारे ने पुरुष ऊंची कूद स्पर्धा के फाइनल में नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (पर्सनल बेस्ट) दर्ज करते हुए संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल किया। कुशारे ने अपने आखिरी प्रयास में 2.28 मीटर की ऊंचाई पार की, जो उनके करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। हालांकि, पदक की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें राष्ट्रीय रिकॉर्ड (2.29 मीटर) तोड़ते हुए 2.31 मीटर पार करना जरूरी था, लेकिन तीनों प्रयासों में वे ऐसा करने में असफल रहे। इसी ऊंचाई पर अमेरिका के टायस विल्सन ने भी अपना सीजन बेस्ट दर्ज किया और कुशरे के साथ छठे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट का स्वर्ण पदक न्यूजीलैंड के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन हेमिश केर ने 2.36 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर जीता। दक्षिण कोरिया के सांग्ह्योक वू ने 2.34 मीटर के साथ रजत पदक, जबकि चेकिया के जान स्टेफेला ने 2.31 मीटर कूदकर कांस्य पदक अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन राउंड में कुशारे ने 2.25 मीटर की छलांग लगाकर इतिहास रचा था। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप के ऊंची कूद फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप 2025

# अफगानिस्तान और श्रीलंका की नजरें सुपर 4 में जगह बनाने पर

**एजेंसी, हैदराबाद**

एशिया कप 2025 अब काफी रोमांचक हो गया है। ग्रुप-ए से भारतीय क्रिकेट टीम ने सुपर-4 में जगह बना ली है, तो वहीं ग्रुप-बी से अभी तक कोई भी टीम सुपर-4 में अपनी दावेदारी पुख्ता नहीं कर पाई है। श्रीलंका और बांग्लादेश की टीम सुपर-4 में जगह बनाने की दावेदार इस वक्त तक बन चुकी हैं, लेकिन अफगानिस्तान की टीम अभी पूरी तरह से बाहर नहीं हुई है। उसके पास भी सुपर-4 में एंट्री मारने का पूरा मौका है।

**बांग्लादेश पर भी लटकी तलवार**

दरअसल, अफगानिस्तान का दूसरा लीग मैच बीते मंगलवार की रात को बांग्लादेश के साथ हुआ। इस मैच में अफगानिस्तान को बांग्लादेश के हाथों अबू धाबी में 8 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद अफगानिस्तान के 2 मैचों में सिर्फ 2 अंक हैं, जबकि



श्रीलंका 2 मैचों में 4 प्वाइंट्स के साथ ग्रुप बी में टॉप पर है और बांग्लादेश की टीम 3 मैचों के बाद 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बांग्लादेश ने अपने सभी मैच खेल लिए हैं, जबकि अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच अभी एक-एक मुकाबला बाकी है। (अनंत ज्ञान)

### इस समीकरण से अफगानिस्तान होगा अंदर और बांग्लादेश बाहर

**ऐसे** में बांग्लादेश से हार के बावजूद भी अफगानिस्तान के पास ग्रुप बी से सुपर-4 में जगह बनाने का मौका होगा, क्योंकि ये ग्रुप अभी भी पूरी तरह खुला हुआ है। अगर अफगानिस्तान की टीम अपने अंतिम लीग मैच में श्रीलंका को हरा देती है तो उसके भी 3 मैचों में 4 अंक हो जाएंगे। ऐसे में बांग्लादेश से बेहतर रन रेट होने के चलते अफगानिस्तान सुपर-4 में क्वालीफाई कर जाएगी, जबकि बांग्लादेश की टीम बाहर हो जाएंगी। क्योंकि श्रीलंका का नेट रन रेट पहले से ही बेहतर हैं।

### सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स अंतिम 16 में, लक्ष्य बाहर

**एजेंसी, शेनजेन (चीन)**

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया। वहीं, हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई, चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई। महिला एकल में पी वी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

# पुणे हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच में 'विलंब' के कारण छह निशानेबाजों की उड़ान छूटी

**एजेंसी, पुणे**

- हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के कारण छूटी उड़ान
- सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम, 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने जा रहे थे
- सभी खिलाड़ी ओलंपियन गगन नारंग की निशानेबाजी अकादमी 'गन फॉर ग्लोरी' से

चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गोवा जा रहे पुणे के छह राइफल और पिस्टल निशानेबाज हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के कारण अपनी उड़ान से चूक गए। सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम है और उन्हें बुधवार सुबह गोवा में होने वाली 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अकासा एयर के विमान से उड़ान भरनी थी।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अकासा एयर ने कहा कि निशानेबाज 'विशेष निशानेबाजी उपकरणों की मौजूदगी में उनके सामान से जुड़ी अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रियाओं' के कारण विमान में सवार नहीं हो सके। विमान कंपनी ने कहा कि उनकी टीम आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की जा रही है। ये खिलाड़ी ओलंपियन गगन नारंग की निशानेबाजी अकादमी 'गन फॉर ग्लोरी' से हैं।

एक निशानेबाज के पिता अतुल क्षीरसागर ने बताया कि उड़ान मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे रवाना होनी थी और सभी सात निशानेबाज अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ दोपहर दो बजकर 30 मिनट से तीन बजकर 30 मिनट के बीच हवाई अड्डे पहुंच गए थे। क्षीरसागर ने कहा, ''हालांकि हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने हथियार और कारतूस को स्वीकृति देने में शाम पांच बजे तक की देरी की कि निशानेबाज अपने साथ गोला-बारूद नहीं ले जा सकते। असल में कोई भी निशानेबाज बंदूक और कारतूस एक साथ नहीं रखता।

दोनों को अलग-अलग पैक किया जाता है और क्लीयरेंस के दौरान एयरलाइन निशानेबाजी किट को अपने पास रखती है और रसीद जारी करती है और रसीद के बदले किट गंतव्य पर वापस कर दी जाती है।'' उन्होंने आगे बताया कि एक लड़की निशानेबाज बिना किट के ही विमान में चढ़ने में कामयाब रही जबकि अन्य छह को रोक लिया गया और उनके बिना ही विमान ने उड़ान भर दी। गन फोर ग्लोरी ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना पर निराशा व्यक्त की। (अनंत ज्ञान)

## फुटबॉल चैंपियंस लीग — काइलिन एमबाप्पे ने किए दो गोल, अब तक 64 मैचों में दागे 50 गोल

# रीयाल मैड्रिड ने मार्सिले को 2-1 से हराया

**एजेंसी, मैड्रिड**



काइलिन एमबाप्पे ने पेनल्टी पर दो गोल दागे, जिससे 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के पहले दिन मार्सिले को 2-1 से हराया। इस जीत का मतलब है कि 15 बार का चैंपियन मैड्रिड 1990 के दशक की शुरुआत में प्रतियोगिता को नए सिरे से पेश किए जाने के बाद 200 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी जाबी अलोंसो ने इसके साथ क्लब के कोच के रूप में अपने चैंपियंस लीग पदार्पण में जीत के साथ आगाज किया। टिमोथी वीह ने शुरुआत में ही मार्सिले को बढ़त दिला दी, लेकिन एमबाप्पे ने 29वें और 81वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। एमबाप्पे के अब मैड्रिड के लिए 64 मैच में 50 गोल हो गए हैं। टोटेनहैम ने गोलकीपर लुईज जूनियर के आत्मघाती गोल से विलारीयाल को 1-0 से हराया। तूरिन में बोरूसिया डोर्टमंड और यूवेंटस ने 4-4 से ड्रॉ खेला जबकि काराबेग ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेनफिका को 3-2 से हराया। आर्सेनल ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया जबकि टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे बेल्जियम के यूनियन सेंट गिलोइसो ने पीएसवी आइंडहोवेन को 3-1 से शिकस्त दी। (अनंत ज्ञान)

### टक्कर मारने पर मैड्रिड के कार्वाजल को मिला लाल कार्ड

**मैड्रिड** के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रूली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था।